CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 16°C

नई दिल्ली, मंगलवार 7 अप्रैल 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 364 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 18 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सत्ता नहीं, संस्कार की है भाजपा की विकास यात्रा: योगी पेज 2




ऑरेंज कैप की दौड़ में समीर रिजवी सबसे आगे खेल टाइम्स



राजनीति का नया भूगोल लोकसभा विस्तार व नारी शक्ति का नया उदय सम्पादकीय



युद्ध कई साल चला, तो भी नहीं होगी मिसाइलों की कमी: ईरान पेज 12

# ईरान ने ठुकराया युद्धविराम का प्रस्ताव, हमले जारी रहने तक नहीं होगी सीधी बातचीत

तेहरान, वार्ता



■ अस्थायी युद्धविराम के बदले होर्मुज स्ट्रेट खोलने से किया इन्कार

**पश्चिम एशिया** में जारी संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ अमेरिका की ओर से सैन्य कार्रवाई की चेतावनियां मिल रही हैं, तो दूसरी ओर ईरान खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी संपत्तियों को निशाना बना रहा है।

इस बीच, ईरान ने सोमवार को कहा कि उसने मध्यस्थों की ओर से पेश किए गए प्रस्तावों पर अपना जवाब तैयार कर लिया है। हालांकि, उसने यह भी कहा कि जब तक अमेरिका व इजरायल हमले तेज करते रहेंगे, वह सीधी वार्ता में शामिल नहीं होगा। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका का 15 सूत्रीय प्रस्ताव अत्यधिक मांगों वाला है। हमने अपनी मांगों का एक अलग सेट तैयार कर लिया है और उसे औपचारिक रूप दे दिया है। इस संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि इस्फहान में पायलट बचाव अभियान केवल एक छल-कपट था, जिसका मकसद ईरान के संवर्धित यूरेनियम को जब्त करना था। यह युद्धविराम विरोधी पक्ष को फिर से संगठित होने और अपनी कार्रवाई जारी रखने का मौका दे सकता है। मंत्रालय ने कहा कि ओमान के साथ बातचीत का फोकस होर्मुज स्ट्रेट के जरिये जहाजों के सुरक्षित मार्ग के लिए एक प्रोटोकॉल बनाने पर है। तेहरान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि जरूरत पड़ने पर तेहरान 'अपनी पूरी ताकत' से अपने देश की रक्षा करेगा।

## ईरान की सबसे बड़ी गैस फील्ड पर इजरायल का हमला

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल ने सोमवार को ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड पर फिर से मिसाइल हमला किया। यह दुनिया की सबसे बड़ी गैस फील्ड है, जो ईरान और कतर के बीच फैली हुई है।

इससे पहले इजरायल ने 18 मार्च को भी इस गैस फील्ड पर हमला किया था। तब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि उन्हें इस हमले की कोई जानकारी नहीं थी। तब ट्रम्प ने ये भी कहा था कि इस तरह के और हमले नहीं होने चाहिए। वहीं सोमवार को जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकाने के पास भी धमाकों की आवाज सुनी गई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक यह हमला अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया। ईरान ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका और इजरायल के हमले बढ़े, तो वह ग्लोबल सप्लाई चेन को ठप कर देगा।

■ ट्रम्प ने यहां अटैक करने से मना किया था, जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकाने के पास धमाका

### हमले में IRGC के खुफिया एजेंसी के प्रमुख की मौत

**तेहरान।** आईआरजीसी के खुफिया संगठन के प्रमुख मेजर जनरल मजीद खादमी की अमेरिका-इजरायल के हमले में मौत हो गई है। आईआरजीसी ने सोमवार को एक बयान में इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि आईआरजीसी के खुफिया संगठन के प्रमुख मजीद खादमी की सोमवार सुबह अमेरिकी-इजरायली हमले में मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली विस की सुरक्षा में चूक, बैरियर तोड़कर घुसी कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा कैंपस में सोमवार दोपहर को सुरक्षा में चूक हुई। दोपहर करीब 2 बजे यूपी नंबर की कार वीआईपी एंट्री वाला गेट नंबर-2 की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसी। कार ड्राइवर ने नकाब पहना हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक ड्राइवर सीधे विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता के कार्यालय की ओर गया और पोर्च के पास गुलदस्ता रखकर कार समेत मौके से फरार हो गया। हालांकि बम जैसी कोई चीज नहीं मिली। घटना के बाद दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची है। गेट नंबर 2 पर अब सीआरपीएफ की तैनाती की गई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक दिल्ली पुलिस ने आरोपी समेत 3 लोगों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए लोगों में से एक उत्तर प्रदेश के पीलीभीत का रहने वाला सरबजीत है।

### दो जहाज जल्द 60 हजार टन एलपीजी लेकर पहुंचेंगे भारत

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बावजूद भारत के लिए राहत की खबर है। सरकार ने बताया कि एलपीजी (रसोई गैस) लेकर आ रहे भारत के दो जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं और जल्द भारत पहुंचेंगे। इन जहाजों के नाम ग्रीन सान्वी और ग्रीन आशा हैं। इनमें कुल मिलाकर 60 हजार टन से ज्यादा गैस है। ग्रीन सान्वी 7 अप्रैल और ग्रीन आशा 9 अप्रैल तक भारत पहुंच सकते हैं। सरकार के मुताबिक, दोनों जहाज पूरी तरह सुरक्षित हैं और इनमें भारतीय नाविक भी सवार हैं। एक जहाज में करीब 46 हजार टन और दूसरे में लगभग 15 हजार टन गैस है।

### ब्रह्मोस प्रोजेक्ट से जुड़े अलेक्जेंडर लियोनोव की मौत

**मास्को।** ब्रह्मोस मिसाइल प्रोजेक्ट से जुड़े रूस के प्रमुख वैज्ञानिक अलेक्जेंडर लियोनोव का 74 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे रूस के प्रमुख मिसाइल डिजाइनरों में शामिल थे। लियोनोव एनपीओ माशिनोस्ट्रोएनिया के सीईओ और चीफ डिजाइनर थे, जो भारत-रूस की ब्रह्मोस एयरोस्पेस का प्रमुख साझेदार है। उन्हें उन्नत मिसाइल तकनीक के विकास के लिए जाना जाता था। उन्होंने जिरकान हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल समेत कई अहम प्रोजेक्ट्स में योगदान दिया। उन्होंने ग्रेनिट, वल्कन और बास्टियन जैसे मिसाइल और कोस्टल डिफेंस सिस्टम्स के विकास में भी भूमिका निभाई थी।

# बंगाल SIR: सुप्रीम कोर्ट गंभीर

## मतदाता सूची अपडेट करने के लिए तय की एक दिन की समयसीमा

### ट्रिब्यूनल को भी निर्देश जारी किए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची अपडेट के लिए एक दिन की समयसीमा तय की है।

शीर्ष कोर्ट ने विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) न्यायाधिकरणों को दस्तावेजों को फिर से देखने का आदेश दिया है। शीर्ष कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि हमने न्यायाधिकरणों से अनुरोध किया है कि वे पूरी दस्तावेजी प्रक्रिया को फिर से देखें, जिसमें न्यायिक अधिकारियों की ओर से दिए गए कारण भी शामिल हैं, ताकि किसी भी तरह के संदेह को दूर किया जा सके। कोर्ट ने यह भी कहा कि हमने उनसे अनुरोध किया है कि पक्षों की निष्पक्ष सुनवाई की जाए। निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से हटाए गए लोगों के दावों और आपत्तियों पर न्यायिक अधिकारियों ने अब तक 59 लाख से अधिक मामलों का निपटारा कर दिया है। आयोग ने कोर्ट को बताया कि बाकी बचे दावों और आपत्तियों पर दिन में फैसला किया जाएगा, ताकि सभी मामलों का निपटारा समय पर हो सके। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि शेष मतदाताओं की पूरक सूची आज रात प्रकाशित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने उस पत्र का हवाला दिया, जो कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने भेजा था। इस पत्र में बताया गया कि हटाए गए 60 लाख मतदाताओं के दावों पर लगातार काम चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि मालदा जिले में लगभग आठ लाख दावों का निपटारा कर दिया गया है। कोर्ट ने इस प्रगति पर संतोष जताया और कहा कि शेष मामलों का निपटारा भी जल्द पूरा होना चाहिए।

### मालदा घटना: हाईकोर्ट सीजे का फोन न उठाने पर मुख्य सचिव को लगाई फटकार, कहा- माफी मांगो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों के घेराव की घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस को मालदा के मामले से जुड़े दस्तावेज एनआईए को सौंपने का निर्देश दिया और कहा कि स्थानीय पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने अपने विशेष अधिकार अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए मालदा की घटना से जुड़े सभी मामलों की जांच एनआईए को सौंप दी है।



### राजमार्ग पर आवारा पशु सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार और अन्य को सुप्रीम नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर आवारा पशुओं को नियंत्रित करने की एक याचिका पर केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किए हैं। न्यायालय ने देश के राजमार्गों पर आवारा पशुओं के प्रबंधन से जुड़े विषयों में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका पर जवाब मांगा है। 'लॉयर्स फॉर ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल' द्वारा दायर इस याचिका में राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर विशेष रूप से दुर्घटना-संभावित हिस्सों पर अनिवार्य रूप से बाड़ लगाने की मांग की गई थी।

# सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 190 से अधिक सांसदों ने किए थे हस्ताक्षर
■ इतिहास में पहली बार आया था सीईसी को हटाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी दलों द्वारा लाया गया महाभियोग प्रस्ताव खारिज कर दिया गया है। 190 से अधिक सांसदों के हस्ताक्षर वाले इस प्रस्ताव को 6 अप्रैल 2026 को राज्यसभा के सभापति द्वारा खारिज किया गया। विपक्ष ने उन पर मतदाता सूची में हेरफेर और पक्षपातपूर्ण व्यवहार के आरोप लगाए थे।

टीएमसी के नेतृत्व में विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा में नोटिस दिया था, लेकिन यह बजट सत्र में आगे नहीं बढ़ पाया। विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार पर मतदाता सूची से नाम हटाने, चुनावी प्रक्रिया में पक्षपात और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था। सीईसी को हटाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान महाभियोग की कठिन प्रक्रिया (विशेष बहुमत) की आवश्यकता होती है, जो भारत में अब तक किसी सीईसी के खिलाफ नहीं हुई। यह भारत के संसदीय इतिहास में किसी सेवारत मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग की पहली कोशिश थी। सूत्रों के मुताबिक इस पहल की शुरुआत टीएमसी ने की थी। पार्टी ने अन्य विपक्षी दलों को मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए सहमत किया। इससे पहले टीएमसी के वरिष्ठ सांसद सौगत राय ने कहा था कि उनकी पार्टी संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने का प्रस्ताव लाएगी। उन्होंने आरोप लगाया था कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं को संदेह के दायरे में डाल दिया गया है। राय का दावा था कि करीब 59 लाख मतदाताओं को एडजुडिकेशन लिस्ट में रखा गया है जो बेहद बड़ी संख्या है और इससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं।एक वरिष्ठ सांसद के अनुसार हस्ताक्षर करने वालों में इंडिया गठबंधन के लगभग सभी घटक दलों के सांसद शामिल रहे। आम आदमी पार्टी के सांसदों ने भी इस पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि पार्टी अब औपचारिक रूप से विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं है, फिर भी उसने इस पहल का समर्थन किया है। कुछ निर्दलीय सांसदों के भी नोटिस पर हस्ताक्षर करने की जानकारी मिली थी।

### उप्र में RO व ARO परीक्षा का परिणाम घोषित, 419 सफल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने समीक्षा अधिकारी (आरओ) एवं सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा-2023 का परिणाम रविवार देर रात घोषित कर दिया। आयोग के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि परीक्षा में कुल 419 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है, जिनमें 338 समीक्षा अधिकारी तथा 81 सहायक समीक्षा अधिकारी शामिल हैं। परिणाम के अनुसार अनिल पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि आदित्य प्रताप सिंह दूसरे तथा लक्ष्मी वर्मा तीसरे स्थान पर रहीं।

# बागपत में तोतों के तीन तस्कर अरेस्ट

शाह टाइम्स संवाददाता



■ आरोपियों से 170 दुर्लभ तोते बरामद

**बागपत।** पुलिस और एनिमल वेलफेयर एसोसिएशन की टीम ने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के पास से 170 दुर्लभ प्रजाति के तोते बरामद किए हैं। इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उनके दो साथी मौके से फरार हो गए।

यह कार्रवाई मवीकला टोल के निकट एक संदिग्ध गाड़ी को रोकने के बाद की गई। गाड़ी की तलाशी के दौरान उसमें सात प्लास्टिक के बक्से मिले, जिनमें तोतों को तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस और एनिमल वेलफेयर एसोसिएशन की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी है। एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने बताया कि उन्हें तोतों की तस्करी के संबंध में सूचना मिली थी। इसके बाद एक जाल बिछाया गया और बागपत पुलिस से संपर्क किया गया। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान कन्नौज निवासी खुर्शीद, मोहसिन और राजा के रूप में हुई है। फरार हुए दो साथियों के नाम शमीम और सोहराब बताए गए हैं, जिनकी तलाश जारी है। गुप्ता ने यह भी जानकारी दी कि ये तोते राजस्थान से गाजियाबाद के लोनी ले जाए जा रहे थे। तस्कर एक निजी गाड़ी का इस्तेमाल कर रहे थे। सूचना के आधार पर ही इन आरोपियों को पकड़ा गया। फिलहाल, बागपत पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार तस्करों की तलाश में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मुजफ्फरनगर में तीन को फांसी की सजा सुनाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कोर्ट ने अधिवक्ता के दोषियों पर 10-10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के सनसनीखेज कांड अधिवक्ता समीर सैफी अपहरण हत्या और लाश को छुपाने के मामले में अदालत ने एक एतिहासिक फैसला सुनाते हुए तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है, जबकि इस कांड के सहयोगी नौकर को सात वर्ष की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने इसमें दस लाख रुपये का आर्थिक दण्ड भी लगाया है। इस फैसले के बाद पीडित परिवार ने कोर्ट का शुक्रिया ही नहीं किया, राहत की सांस भी ली है।

बता दे कि 15 अक्टूबर 2019 को अधिवक्ता समीर सैफी अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। काफी समय बाद भी जब समीर सैफी घर नहीं लौटे, तो परिवार की चिंता ने उन्हें थाने तक पहुंचा दिया था। अधिवक्ता के संबंध में नगर कोतवाली पुलिस को जानकारी दी गई, जहां परिवार के लोग पुलिस समीर सैफी की तलाश में जुट गए थे। 19 अक्टूबर को अधिवक्ता समीर सैफी का शव भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी के जंगल में दबा हुआ मिला था। अधिवक्ता का शव मिलने के बाद यह मामला पूरी तरह सनसनीखेज बन गया था और इस मामले की छानबीन के दौरान पुलिस ने पाया था कि यह मामला 45 लाख रुपये के लेनदेन का विवाद था। पुलिस ने गहनता से छानबीन की, तो सामने आया कि पहले समीर का अपहरण किया गया और कार में बैठाकर उनको सीकरी स्थित एक फार्म हाउस पर ले जाया गया, जहां गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को मिट्टी में दबा दिया था, यानी कि मुल्जिमों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से यह वारदात की थी, लेकिन आरोपी ज्यादा दिन तक कानून के शिकंजे से नहीं बच सके। पुलिस ने इस मामले में सोनू उर्फ रिजवान पुत्र अजहर खान निवासी गढ़ी गौरवान बकरा मार्किट, सिंगौर अल्वी पुत्र मुंतकी अल्वी व शालू उर्फ अरबाज पुत्र मशकूर खान निवासीगण गढ़ीगौरवान बकरा मार्किट थाना शहर कोतवाली आदि को जेल भेज दिया था। यह मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट तृतीय के यहां विचाराधीन था। इस मामले में नौकर दिनेश पुत्र कमल सिंह निवासी ग्राम सीकरी थाना भोपा का रोल लाश छिपाने में दिखा गया था। यह गिरफ्तारी 20 अक्टूबर 2019 में की गई थी।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर राष्ट्र प्रथम का संकल्प

शाह टाइम्स ब्यूरो





■ 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकजुट होने की जरूरत: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ कई वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं और 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को दोहराया।

श्री नवीन ने इस मौके पर भाजपा मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 'राष्ट्र सर्वोपरि' के संकल्प को दोहराया और 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने तक का यह सफर कार्यकर्ताओं के त्याग और समर्पण का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो और असम में एक चुनावी रैली के माध्यम से कार्यकर्ताओं को बधाई दी और राष्ट्र प्रथम का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत पर चलते हुए समाज सेवा में अग्रणी रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की निस्वार्थ सेवा, समर्पण और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों ने पार्टी को आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने उन अनगिनत कार्यकर्ताओं को भी याद किया, जिनके त्याग और बलिदान ने पार्टी के विकास को आकार दिया। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी के रूप में खड़ी है, जो लोगों की भलाई को अपने दृष्टिकोण के केंद्र में रखती है। यह केंद्र और विभिन्न राज्यों में हमारे काम में भी झलकता है। भाजपा एक 'विकसित भारत' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारा सामूहिक संकल्प इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता रहे और भारत को प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर ले जाए। गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा से प्रेरित भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का संकल्प है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारी भूस्खलन से श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे बंद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बारिश के कारण भूस्खलन और चटानों से पत्थर गिरने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) पर सोमवार तड़के यातायात रोक दिया गया। इससे सैकड़ों गाड़ियां फंस जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक अधिकारियों के अनुसार आज सुबह करीब 3 बजे रामबन जिले में करोल ब्रिज और चंदरकोट के बीच सुरंगों में भूस्खलन और भारी पत्थर की घटना हुई, जिसकी वजह से हाईवे के दोनों तरफ का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया। ट्रैफिक अधिकारियों ने बताया कि जम्मू से श्रीनगर और श्रीनगर से जम्मू आने वाली सभी गाड़ियों को रास्ते में ही रोक दिया गया है और फिलहाल किसी भी तरह की आवाजाही की अनुमति नहीं थी। संबंधित विभाग की टीमें सड़क को ठीक करने के लिए मौके पर हैं, लेकिन लगातार पत्थर गिरने के कारण काम पर असर पड़ रहा है। ट्रैफिक अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, वे गैर-जरूरी यात्रा न करें।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दोहराया राष्ट्र प्रथम का संकल्प

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 'राष्ट्र प्रथम' के मूल मंत्र को दोहराते हुए सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने पार्टी से जुड़े नेताओं ने अपने विचार साझा करते हुए संगठन की यात्रा, संघर्ष और उपलब्धियों को याद किया। अपने संदेश में चौधरी ने कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में शुरू हुई उनकी राजनीतिक यात्रा का उद्देश्य हमेशा राष्ट्रसेवा रहा है।

### कोविड जैसी अव्यवस्था अब एलपीजी संकट में भी है: राहुल

# श्रमिकों के लिए रसोई गैस हो गई पहुंच से बाहर

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ रात को घर लौटते मजदूर के पास चूल्हा जलाने के लिए पैसे नहीं
■ कूटनीति की मेज पर हुई चूक को स्वीकार नहीं कर रही सरकार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास रसोई गैस (एलपीजी) संकट से निपटने की कोई नीति नहीं है और इस समय भी वही अवस्था देखने को मिल रही है जो देश के लोगों ने कोविड के समय देखी थी।

गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- मोदी जी ने कहा था - एलपीजी संकट को कोविड की तरह हैंडल करेंगे और सच में वही किया। बिल्कुल कोविड के जैसे ही नीति शून्य, घोषणा बड़ी और बोझ गरीबों पर। हर रोज 500-800 की दिहाड़ी कमाने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए रसोई गैस पहुंच से बाहर हो गई है। रात को घर लौटते मजदूर के पास चूल्हे जलाने तक के पैसे नहीं। नतीजा शहर छोड़ो, गांव भागो। उन्होंने कहा कि जो मजदूर कपघ मिल्स और फैक्टरियों की रीढ़ हैं, आज वही टूट रहे हैं। कपड़ा क्षेत्र पहले से ही गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में है। विनिर्माण क्षेत्र दम तोड़ रहा है। गांधी ने इस संकट की वजह बताते हुए कहा और यह संकट आया कहां से। कूटनीति की मेज पर हुई उस चूक से जिसे सरकार आज तक स्वीकार नहीं करती। जब अहंकार नीति बन जाए तो अर्थव्यवस्था चरमराती है, मजदूर पलायन करते हैं, उद्योग बर्बाद होते हैं और देश दशकों पीछे धकेल दिया जाता है। उन्होंने संकट के समय लोगों को चुप नहीं रहने का आह्वान करते हुए कहा कि सवाल एक ही है कि हर संकट में सबसे पहले गरीब क्यों मरता है। चुप मत रहो। यह सिर्फ़ गरीब का नहीं, हम सबका सवाल है।

### पुड्डुचेरी के बेरोजगार युवकों को मिलेंगे दो हजार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को पुडुचेरी में एक जनसभा को संबोधित किया और पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। गांधी ने अपने संबोधन में प्रदेश के विकास, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों के हित में कई अहम वादों का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर बेरोजगार युवाओं को हर महीने 2 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जिससे उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने में मदद मिलेगी। इसके साथ उन्होंने निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों में 30 हजार नए रोजगार सृजित करने और महिलाओं को राहत के तौर पर पुड्डुचेरी की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने का वादा किया। वहीं सरकारी नौकरियों के लिए अधिकतम आयु सीमा को बढ़ाकर 40 वर्ष करने की भी घोषणा की गई है।

### पुड्डुचेरी का शासन स्थानीय लोग चलाएं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पुड्डुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए जरूरी कदम उठाने का वादा करते हुए कहा है कि वहां जनहित का शासन होना जरूरी है और इसके लिए शासन स्थानीय जनता द्वारा ही चलाया जाना चाहिए। गांधी ने सोमवार को एक पोस्ट में कहा कि पुड्डुचेरी का शासन वहां की जनता द्वारा चलाया जाना चाहिए। उनका कहना था कि पुड्डुचेरी में अगर कांग्रेस गठबंधन सरकार बनती है, तो वह जनहितकारी होने के वादों पर आधारित होगी।

# सत्ता नहीं, संस्कार की है भाजपा की विकास यात्रा

**गोरखपुर, वार्ता**



■ बीजेपी के 47वें स्थापना दिवस पर बोले योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित हिंदू सेवाश्रम भवन की छत पर पार्टी का झंडा फहराया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर झडे के सम्मुख पार्टी पदाधिकारियों के साथ सेल्फी ली और सभी को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए एक सोशल मीडिया संदेश में कहा कि भाजपा की विकास यात्रा सत्ता की नहीं, संस्कार की है। विस्तार की नहीं, विचार की है। अंत्योदय से राष्ट्रोद के संकल्प की सिद्धि की है। भाजपा के स्थापना दिवस पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए योगी ने कहा कि विश्व के सबसे विशाल राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई। भाजपा इंडिया मात्र एक राजनीतिक संरचना नहीं, बल्कि श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी और भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी के उदात्त लोकतांत्रिक आदर्शों एवं सात्विक सनातनी जीवन मूल्यों से अभिसिंचित एक जीवंत विचार परंपरा है। उन्होंने लिखा- राष्ट्र प्रथम की भावना से ओतप्रोत यह राष्ट्रवादी परिवार आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है, जो सेवा, संस्कार और समर्पण के संकल्प के साथ 145 करोड़ देश वासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को निरंतर शक्ति दे रहा है। भाजपा की यह विकास यात्रा सत्ता की नहीं, संस्कार की है।

### इलाज खर्च में सरकार करेगी भरपूर मदद

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वे उच्चीकृत अस्पताल से इस्टीमेट मंगवा लें और इलाज खर्च में सरकार भरपूर आर्थिक मदद करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की।

मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया और कहा कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए।

# यूपी में आज से नौ अप्रैल तक आंधी, बारिश व ओलों का अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** पिछले दो दिन आंधी बारिश की मार झेलने के बाद सोमवार को फौरी राहत महसूस कर रहे उत्तर प्रदेश के लोगों को एक बार फिर मौसम की बेरुखी का सामना करना पड़ सकता है।

मौसम विभाग ने प्रदेश में सात से नौ अप्रैल के बीच तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। 7 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बारिश का दौर शुरू होकर 9 अप्रैल तक पूर्वी हिस्सों में भी असर दिखेगा। इस दौरान कई जिलों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, गरज-चमक और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया कि आठ अप्रैल को तापमान में 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है, जबकि इसके बाद फिर बढ़ोतरी होने की संभावना है। विशेष रूप से पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश के कई जिलों में ओलावृष्टि और तेज हवाओं का ज्यादा प्रभाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और किसानों को फसलों की सुरक्षा के लिए जरूरी उपाय करने की सलाह दी है।

# शराब नीति केस: अब 13 अप्रैल को सुनवाई

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ केजरीवाल समेत 23 बरी के खिलाफ हाई कोर्ट में है याचिका

दिल्ली हाई कोर्ट में दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में सुनवाई के दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वो खुद अपनी दलील पेश करेंगे। कोर्ट ने केजरीवाल की उस अर्जी को रिकॉर्ड पर लिया, जिसमें उन्होंने जस्टिस स्वर्ण कांता को सुनवाई से हटाने की मांग की है। अब अगली सुनवाई 13 अप्रैल को 2.30 बजे होगी।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णकांता से मामले की सुनवाई से हटने की अपील की है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट में दलील रखी। उन्होंने केजरीवाल की एप्लिकेशन का विरोध किया। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने जज को हटाने के लिए कोर्ट में रिक्यूजल (सुनवाई से हटने) एप्लिकेशन फाइल की हैं। सॉलिसीटर जनरल ने उन्हें टोका और कहा कि ये हमारी एप्लिकेशन है। तुषार मेहता ने कहा कि कुछ लोगों ने आरोप लगाना अपना कैरियर बना लिया है। उन्होंने कहा कि इनके वकील मौजूद हैं, अगर खुद ही बात रखनी है, तो वकील क्यों हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक 7 लोगों ने इस तरह की एप्लिकेशन दायर की है। धीरे-धीरे सभी आएंगे। उनको कोर्ट पर भरोसा नहीं है? उन्होंने एप्लिकेशन को रिजेक्ट किया जाए। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने नियमों के तहत एप्लिकेशन फाइल की है और वो जिरह के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वो इस आवेदन पर खुद जिरह करेंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले में मैंने किसी को वकालतनामा नहीं दिया है। कोर्ट ने केजरीवाल से पूछा कि क्या आप अपने केस की जिरह खुद करेंगे, इस पर उन्होंने कहा कि वो खुद बहस करेंगे। तुषार मेहता ने कहा कि यह बहुत गंभीर मामला है। देश की राजधानी में न्यायपालिका पर आरोप लगाया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि जो लोग इस मामले में जज को सुनवाई से हटने के लिए अर्जी दाखिल करना चाहते हैं, उन्हें ऐसा करने दें। कोर्ट ने कहा कि ये मामला कोर्ट के सामने नहीं आया था। तुषार मेहता ने कहा कि हम अपना जवाब मंगलवार को पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप कोर्ट की अवहेलना है। केजरीवाल की जज बदलने की याचिका पर कोर्ट सोमवार को दोपहर 2:30 बजे सुनवाई करेगी।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74106.85 |
| निफ्टी | 22968.25 |
| सोना (प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)) | 148000 |
| चांदी रु. (प्रति किलो) | 231000 |







# शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी

**मुंबई, वार्ता**

## एक प्रतिशत से अधिक चढ़े प्रमुख सूचकांक



विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी देखने को मिली और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में करीब 591अंक लुढ़कने के बाद दोपहर बाद हुई लिवाली से 787.30 अंक (1.07 प्रतिशत) चढ़कर 74,106.85 अंक पर रहा। यह 25 मार्च के बाद पहली बार 74 हजार अंक से ऊपर बंद हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी- 50 सूचकांक भी 255.15 अंक यानी 1.12 प्रतिशत की बढ़त में 22,968.25 अंक पर बंद हुआ। यह इसका भी 25 मार्च के बाद का उच्चतम बंद स्तर है। रुपये में जारी तेजी और सेवा क्षेत्र के पीएमआई के सकारात्मक आंकड़े आने से घरेलू शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.55 फीसदी और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 1.29 फीसदी ऊपर रहा। तेल एवं गैस और मीडिया समूहों को छोड़कर सभी सेक्टरों में लिवाली हावी रही। बैंकिंग, वित्त, रियलटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। ऑटो, धातु, एफएमसीजी और आईटी समूहों में भी अच्छी तेजी रही। एनएसई में कुल 3,346 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 2,511 के शेयर बढ़त में और 746 के नुकसान में बंद हुए। अन्य 89 कंपनियों के शेयर अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 28 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। ट्रेंट में सबसे अधिक 7.89 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक का शेयर 3.94 फीसदी, टाइटन का 3.58, एलएंडटी का 3.19, अल्ट्राटेक सीमेंट का 3.06, बजाज फाइनेंस का 2.93, इंडिगो का 2.75, एचडीएफसी बैंक का 2.68 और बजाज फिनसर्व का दो प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। पावरग्रिड का शेयर 1.83 प्रतिशत, एनटीपीसी का 1.71, बीईएल का 1.35, भारतीय स्टेट बैंक का 1.29, आईसीआईसीआई बैंक का 1.25 और टाटा स्टील का 1.06 प्रतिशत मजबूत हुआ।

### सोना 1.48 लाख पर पहुंचा, चांदी 2.31 लाख प्रति किलो

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोना-चांदी के दाम में तेजी दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,283 रुपए बढ़कर 1.48 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 3 अप्रैल को इसकी कीमत 1.47 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। एक किलो चांदी 3,215 रुपए बढ़कर 2.31 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 2.28 लाख रुपए प्रति किलो थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 14,696 रुपए और चांदी 608 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.48 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

# चावल मजबूत, चीनी नरम, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को जहां चावल की औसत कीमतें बढ़ी, वहीं गेहूं की कीमत लगभग स्थिर रही, जबकि चीनी में नरमी की रुख रहा।

दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 29 रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। गेहूं 2,785 रुपये प्रति क्विंटल पर कमोबेश स्थिर रहा। आटे की कीमत सात रुपये प्रति क्विंटल घट गई। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 59 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 24 रुपये और उड़द दाल 19 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल 22 रुपये प्रति क्विंटल नीचे बोली गई। चना दाल की कीमत लगभग अपरिवर्तित रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 27 रिंगिट गिरकर 4,812 रिंगिट प्रति टन पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 68.94 सेंट प्रति पौंड पर स्थिर रहा। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल 41 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 28 रुपये और सूरजमुखी तेल की 24 रुपये गिर गई। मूंगफली तेल 14 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत पांच रुपये और पाम ऑयल की चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 16 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7680.27 रुपये, मसूर काली 8071.11 रुपये, मूंग दाल 10154.82 रुपये, उड़द दाल 10792.06 रुपये, तुअर दाल 11265.18 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2784.56 रुपये और चावल 3855.55 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3271.92 रुपये प्रति क्विटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा उत्तर प्रदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ दिव्यास्त्र एमके-1 दस हजार फिट उड़ान भर सकता है

**लखनऊ।** कभी अवैध हथियारों और 'तमंचों' के लिए बदनाम रहा उत्तर प्रदेश अब तेजी से अपनी नई पहचान गढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है। इसी बदलाव की बानगी राजधानी लखनऊ में देखने को मिली है, जहां एक निजी स्टार्टअप ने अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक विकसित कर नई दिशा दी है।

तीन युवा उद्यमियों पवन, रविंद्र पाल सिंह और सौरभ सिंह द्वारा स्थापित कंपनी हॉवरिट ने 'दिव्यास्त्र एमके-1' नामक एडवांस यूएवी तैयार किया है। यह ड्रोन आधुनिक युद्ध की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है, जो निगरानी के साथ सटीक हमले करने में सक्षम है। दिव्यास्त्र एमके-1 की प्रमुख विशेषताओं में 500 किलोमीटर की रेंज, लगभग 5 घंटे की उड़ान क्षमता और एआई आधारित टारगेटिंग सिस्टम शामिल हैं। यह ड्रोन 10,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है और करीब 15 किलोग्राम पेलोड ले जाकर सटीक निशाना साध सकता है। लागत के लिहाज से भी यह बाजार में उपलब्ध अन्य विकल्पों की तुलना में किफायती बताया जा रहा है। स्टार्टअप के संस्थापकों के अनुसार प्रदेश में बेहतर नीतियों और यूपी डिफेंस कॉरिडोर जैसी पहल के चलते उन्हें तेजी से आगे बढ़ने का अवसर मिला है। कंपनी अब भारतीय सेना के लिए ड्रोन सप्लाई करने की दिशा में काम कर रही है और शुरुआती ऑर्डर भी प्राप्त कर चुकी है। कंपनी भविष्य में 'एमके-2' वर्जन पर काम कर रही है, जिसकी संभावित रेंज 2000 किलोमीटर और पेलोड क्षमता 80 किलोग्राम तक हो सकती है। इसके लिए डिफेंस कॉरिडोर में नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित की जा रही है, जहां प्रति माह 20 ड्रोन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा कंपनी ने विभिन्न उपयोगों के लिए कई ड्रोन विकसित किए हैं, जिनमें निगरानी के लिए 'आंख' ड्रोन, 20 किलोग्राम पेलोड क्षमता वाला 'बाज' ड्रोन, बम गिराने वाले ड्रोन, वीटीओएल यूएवी (बिना रनवे के उड़ान भरने वाले) शामिल हैं।

# सेवा क्षेत्र में मार्च में बरकरार रही तेजी

**मुंबई।** पश्चिम एशिया संकट के बावजूद इस साल मार्च में सेवा क्षेत्र की तेजी बरकरार रही। एचएसबीसी द्वारा सोमवार को जारी भारत सेवा खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) रिपोर्ट में बताया गया है कि मार्च में एक ओर जहां नए कारोबार और सेवा गतिविधियों के विस्तार की गति जनवरी 2025 के बाद के निचले स्तर पर दर्ज की गई, वहीं दूसरी ओर विदेशों से मिले ऑर्डर में अब तक की दूसरी सबसे बड़ी तेजी रही।मार्च में सेवा क्षेत्र का पीएमआई 57.5 दर्ज किया गया, जो फरवरी के 58.1 से कम है। लगातार दूसरे महीने गिरने के बावजूद यह मजबूत विस्तार दिखाता है। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में वृद्धि और इससे कम रहना गिरावट दिखाता है। वहीं 50 स्थिरता दर्शाता है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मार्च में मांग मजबूत बनी रही, जिसमें विदेशों से मिले नए ऑर्डरों में साल 2024 के मध्य के बाद की सबसे बड़ी तेजी का बड़ा योगदान रहा। भविष्य को लेकर सेवा प्रदाताओं की उम्मीद सकारात्मक है। लागत की मुद्रास्फीति में हालांकि साल 2022 के बाद सबसे तेज वृद्धि देखने को मिली है, जो ईंधन, परिवहन और लॉजिस्टिक्स की बढ़ती लागत की ओर इशारा करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिर्फ कारोबारी गतिविधियों की बात करें, तो इसमें 14 महीने की सबसे सुस्त वृद्धि हुई है। पश्चिम एशिया संकट का असर उत्पादन पर देखने को मिला है, क्योंकि इससे मांग, बाजार की परिस्थिति और पर्यटन प्रभावित हुआ है।

# फार्मर रजिस्ट्री के लिए 15 अप्रैल तक चलेगा विशेष अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कैम्प लगाकर किसानों का पंजीकरण होगा

**लखनऊ।** किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुगम तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान 15 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में संचालित होगा। इसके तहत प्रत्येक ग्राम सचिवालय में कैंप लगाकर किसानों का पंजीकरण कराया जाएगा।

सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ना है, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना समेत अन्य कृषि योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। अभियान के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। निर्देश दिए गए हैं कि शिविरों के माध्यम से शेष कृषकों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए और नाम या अन्य विवरणों में मौजूद त्रुटियों का मौके पर ही निराकरण किया जाए।

इस कार्य में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और लेखपालों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। लेखपालों को अपने क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान में ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों की अहम भूमिका तय की गई है, ताकि हर पात्र किसान का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि कैंप के दौरान किसानों को आवश्यक दस्तावेजों की पूरी जानकारी दी जाए और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल व त्वरित बनाया जाए। प्रदेश में अब तक 1,72,06,355 किसानों को पीएम किसान योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जा चुका है, हालांकि अभी भी बड़ी संख्या में किसान पंजीकरण से वंचित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए इस विशेष अभियान की शुरुआत की जा रही है।

सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल किसानों का सटीक डाटाबेस तैयार होगा, बल्कि भविष्य में कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तेजी भी आएगी।

# आतंकी मॉड्यूल से जुड़े दो हथियारों सहित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय हथियार सप्लायर ओर आतंकी गतिविधियों मे संलिप्त दो को दिल्ली पुलिस की क्राइम टीम ने गिरफ्तार किया है जिनके पास से दो हाईट्रेक हथियार ओर 11 जिन्दा कारतूस बरामद किए हाई स हथियारों की सप्लाई मे प्रयोग की जा रही कार भी जब्त की गयी है, क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए यूएपीए एक्ट लगाया है और अभी तक 12 आरोपियों को, 23 आधुनिक हथियारों ओर 211 जिन्दा कारतूसों के गिरफ्तार किया जा चूका है यह रैकेट पाक के आईएसआई द्वारा संचालित किया जा रहा है। क्राइम ब्रांच की एआरएससी टीम ने जानकारी के बाद डीसीपी संजीव यादव ओर एसीपी संजय कुमार नागपाल के नेतृत्व मे इंस्पेक्टर सुंदर गौतम ओर इंस्पेक्टर मान सिंह ने एक टीम का गठन किया ओर इमरान (37) ओर मौहम्मद कामरान (27) को गिरफ्तार कर लिया। इमरान उत्तर प्रदेश के सिकंद. राबाद का रहने वाला है ओर अपने भाई के साथ डेयरी का काम करता है, इस गिरोह का मुख्य सरगना उसका साला शाहबाज अंसारी है।

इमरान नेपाल से हथियारों की खेप मंगाकर दिल्ली एनसीआर ओर यूपी मे सप्लाई करता था। जबकि कामरान मूल रूप से दिल्ली का रहने वाला है जबकि अभी बुलंदशहर मे महिलाओं की चूड़ियों का काम करता है शाहबाज अंसारी उसका चचेरा भाई है स कामरान नेपाल से हथियार लाकर भारत मे सप्लाई करता था ओर पिछले एक साल से इस गिरोह के साथ जुड़ा हुआ था स जांच मे पाया गया यह दोनो हथियारों को अलग-अलग हिस्सों मे खोलकर कार मे छिपाकर लाते थे। हथियारों को कार मे छिपाने के लिए कार मे गुप्त जगह तैयार की हुई थी।

यह पहले हथियारों को पाकिस्तान से खरीदकर थाईलैंड के रास्ते नेपाल ओर फिर भारत लाते थे इनका मकसद भारत की आंतरिक सुरक्षा को कमजोर करना ओर आतंकी गतिविधियों के लिए पैसे जुटाना था स इन दोनो को 2 अप्रैल को आईजीआई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया था इनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था।

## एक बार फिर किया जा सकता है कृत्रिम बारिश का प्रयोग

**नई दिल्ली।** गर्मी के मौसम में एक बार फिर कृत्रिम बारिश (क्लाउड-सीडिंग) का प्रयोग किया जा सकता है। इस संबंध में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर पिछले साल किए गए परीक्षणों के नतीजों की समीक्षा कर रहा है। पिछले साल अक्तूबर के अंत में दिल्ली में क्लाउड-सीडिंग के दो परीक्षण किए गए थे। यह परीक्षण दिल्ली के पर्यावरण विभाग और आईआईटी कानपुर के बीच 25 सितंबर 2025 को हुए समझौते के बाद शुरू हुए थे। हालांकि, यह प्रयोग बारिश कराने में सफल नहीं रहे। आईआईटी कानपुर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उस समय बादलों में नमी की कमी थी, जिसकी वजह से बारिश नहीं हुई। संस्थान का कहना है कि इन परीक्षणों से मिले अनुभव भविष्य में बेहतर योजना बनाने और सही मौसम की पहचान करने में मदद करेंगे।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, क्लाउड-सीडिंग एक वैज्ञानिक तकनीक है, जिसमें बादलों में विशेष रसायन जैसे सिल्वर आयोडाइड और नमक के कण छोड़े जाते हैं। इससे बादलों में पानी की बूंदें बनने की प्रक्रिया तेज होती है और बारिश की संभावना बढ़ती है। पिछले परीक्षणों में भी ऐसे ही रसायनों वाले फ्लेयर्स का इस्तेमाल किया गया था।

# सीडब्ल्यूएसएन श्रेणी के तहत प्रवेश को लेकर कंप्यूटरीकृत ड्रा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने पुराना सचिवालय में शिक्षा निदेशालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निजी गैर-सहायता मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्रवेश स्तर (नर्सरी/केजी/कक्षा 1) पर ईडब्ल्यूएस/डीजी एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (CWSN) की श्रेणियों के अंतर्गत प्रवेश हेतु कंप्यूटरीकृत ड्रॉ ऑफ लॉट्स की शुरुआत कर अपने सामने सभी श्रेणियों के ड्रा निकलवाये। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों एवं अन्य संबंधित पक्षों की उपस्थिति में यह ड्रा संपन्न कराया गया। कंप्यूटरीकृत ड्रा के बाद शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया की दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि दिल्ली के प्रत्येक पात्र बच्चे को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिले।

उन्होंने आगे कहा की इस वर्ष इन सब श्रेणियों में प्रवेश के लिए तकनीकी सुधारों, एनआईसी द्वारा विकसित और स्वीकृत सॉफ्टवेयर और आधार आधारित सत्यापन के माध्यम से डुप्लीकेट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदनों पर प्रभावी रोक लगाई गई है। इससे वास्तविक लाभार्थियों को प्रवेश के अधिक अवसर प्राप्त हुए हैं। उन्होंने आगे कहा इस वर्ष कुल सीटों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और इसके साथ ही आवेदन प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं पारदर्शी भी बनाया गया है। इस वर्ष 2025-26 की तुलना में कुल स्कूलों की संख्या 2219 से बढ़कर 2308 हो गई है। EWS@DG श्रेणी के अंतर्गत सीटें 44,045 से बढ़कर 48,092 हो गई हैं, जबकि CWSN श्रेणी में सीटें 6,471 से बढ़कर 7,609 तक पहुंची हैं। इस प्रकार इस वर्ष कुल सीटों की संख्या 50,516 से बढ़कर 55,701 हो गई है, जो कि 5,185 सीटों की वृद्धि को दर्शाता है। सूद ने आगे कहा की दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग को इस वर्ष कुल 1,39,524 आवेदन प्राप्त हुए।

# आईपीएल मैच के चलते 8 अप्रैल को सेन्ट्रल दिल्ली जानें से बचें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अरुण जेटली स्टेडियम कोटला फिरोज शाह में 8 अप्रैल बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 14वां मैच खेला जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस की टीमें आमने-सामने होंगी। मैच शाम 7 बजे शुरू होकर रात करीब 10.30 बजे तक चलेगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने इस मैच को देखते हुए सेंट्रल दिल्ली में ट्रैफिक प्रभावित होने की चेतावनी जारी की है। दोपहर 12 बजे से आधी रात तक स्टेडियम के आसपास भारी भीड़भाड़ और जाम की आशंका है। बहादुर शाह जफर मार्ग, जेएलएन मार्ग, आसफ अली रोड (तुर्कमान गेट से दिल्ली गेट तक), राजघाट से दिल्ली गेट तक के इलाकों में ट्रैफिक सबसे ज्यादा प्रभावित रहेगा।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, इन मार्गों पर दिनभर भारी और कमर्शियल वाहनों का प्रवेश प्रति. बंधित रहेगा। जरूरत पड़ने पर बहादुर शाह जफर मार्ग और जेएलएन मार्ग पर डायवर्जन और प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं लोगों को सलाह दी गई है कि वे इन सड़कों को पूरी तरह नजर. अंदाज करें। जेएलएन मार्ग (राजघाट से दिल्ली गेट), आसफ अली रोड और बहादुर शाह जफर मार्ग (दिल्ली गेट से आईटीओ) के दोनों तरफा यातायात से बचें। स्टेडियम में एंट्री केवल उसी गेट से होगी, जिसके लिए अनुमति दी गई है।

दक्षिण, पूर्व और पश्चिम तरफ से एक्सेस रूट्स बनाए गए हैं। स्टेडियम के पास पार्किंग सख्ती से प्रतिबंधित है। केवल लेबल वाले वाहनों को ही पार्किंग की अनुमति मिलेगी। दर्शकों की सुविधा के लिए माता सुंदरी रोड, राजघाट पावर हाउस रोड और वेलोड्रोम रोड पर फ्री पार्किंग तथा पार्क एंड राइड की व्यवस्था की गई है।



दिल्ली पुलिस की क्राइम टीम ने अंतरराष्ट्रीय हथियार सप्लायर और आतंकी गतिविधियों में संलिप्त दो को गिरफ्तार किया।

## एक नजर

### काइंडाथॉन 2026 आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑटिज्म जागरूकता को समर्पित महीने के दौरान आयोजित काइंडाथॉन 2026 ने एक ऐसे आंदोलन की शुरुआत को चिह्नित किया, जिसका उद्देश्य न्यूरोडाइवर्सिटी का उत्सव मनाना है। ऐसे सुरक्षित, समावेशी और सम्मानजनक स्थानों का निर्माण करके जहाँ हर व्यक्ति को महत्व दिया जाए, समर्थन मिले और उसे सशक्त बनाया जाए। स्पेक्ट्रम डिलाइट द्वारा समर्थित इस कार्यक्रम की शुरुआत शौर्य फाउंडेशन की निदेशक अर्पिता यादव के उद्घाटन संबोधन से हुई, जिसके बाद भाव्या खोसला ने एक भावपूर्ण प्रार्थना प्रस्तुत की। मुख्य भाषण में ऐसे समावेशी तंत्र के निर्माण के महत्व पर जोर दिया गया, जो क्षमताओं को पहचानता हो, भिन्नताओं का सम्मान करता हो और व्यक्तिगत संभावनाओं को विकसित करता हो। समावेशी शिक्षण मंच टोस्टमास्टर्स इंटरनेशनल ने भी सहभागिता और संवाद की भावना को सशक्त बनाया।

### गच लागे का म्यूजिक वीडियो रिलीज



**नई दिल्ली।** लंबे समय से इंतजार की जा रही हरियाणवी फिल्म लाइसेंस के टीजर और ट्रेलर को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलने के बाद, फिल्म निर्माताओं ने अब पहले गाने गच लागे का म्यूजिक वीडियो रिलीज कर दिया है। हरियाणवी सुपरस्टार मासूम शर्मा अभिनीत इस गाने में उनके साथ आइकॉनिक डांस परफॉर्मर सपना चौधरी, केडी देसीरॉक और राखी लोहचब भी हैं। सपना चौधरी ने कहा, ष्गच लागे" में एक बहुत ही खास ऊर्जा है जो आपको तुरंत जोड़ लेती है। गीतकार अजमेर बलंबिया ने कहा, ष्गच लागेश के बोल लिखना एक रोमांचक और आनंददायक अनुभव था फिल्म लाइसेंस रंजीत चौहान द्वारा लिखित और डायरेक्टर है, और शाकुन्तलम् फिल्म प्रोडक्शन द्वारा निर्मित है।

### प्रथा के बहिष्कार का संकल्प लिया



**नई दिल्ली।** आरडब्लूए अध्यक्ष मंडोली चंदी लाल व मंडोली ग्राम के बुद्धिजीवियों ने श्मशान घाट में खड़े होकर हाथ उठाकर एकमत से संकल्प लिया कि मृत्यु के बाद डाले जाने वाले कपड़े की प्रथा का बहिष्कार किया जाएगा। तर्क यह है कि किसी भी परंपरा को केवल इसलिए निभाना उचित नहीं है क्योंकि वह पुरानी है, बल्कि उसे तर्क, मानवता और वास्तविक अर्थ के आधार पर परखा जाना चाहिए। सच्ची श्रद्धांजलि व्यक्ति के जीवन, उसके विचारों और कर्मों में होती है, न कि बाहरी दिखावे में। श्मशान घाट जैसे सत्य के स्थान पर लिया गया यह संकल्प एक नई सोच, नई दिशा और समाज में जागरूकता का प्रतीक है।

### घर में के बाहर लगाई आग, दो युवक सीसीटीवी में कैद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में घर के बाहर आगजनी का मामला सामने आया है। यहां अज्ञात युवक एक मकान के बाहर आग लगाकर फरार हो गए। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## जहांगीरपुरी में चार युवकों ने नाबालिग की हत्या की

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी इलाके में एक 17 साल के लड़के की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस का कहना है कि मरने वाले की पहचान हसमत के तौर पर हुई है, जिसे चाकू के कई वार के बाद बीजेआरएम हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच से पता चलता है कि यह घटना दो परिवारों के बीच लंबे समय से चल रहे झगड़े की वजह से हुई। दिल्ली पुलिस का कहना है कि बताया जा रहा है कि निजी रिश्तों की दिक्कतों और ईद के दौरान हुए झगड़े के बाद तनाव बढ़ गया था, जिसके चलते आरोपियों ने यह हमला किया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दिल्ली के फ्लाईओवरों का होगा कायाकल्प, एमओयू साइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में दिल्ली सचिवालय में एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। यह एमओयू फ्लाईओवरों के नीचे की खाली जगहों को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए किया गया है। इस पहल का उद्देश्य दिल्ली को साफ, सुंदर और बेहतर तरीके से विकसित शहर बनाना है। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग ने सीएसआर के तहत डालमिया भारत लिमिटेड, गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप और इज माय ट्रिप फाउंडेशन के साथ मिलकर यह एमओयू साइन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार लोगों के हित में कामों को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए निजी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है, ताकि शहर को और बेहतर बनाया जा सके।कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस समझौते के तहत फ्लाईओवरों के नीचे पड़ी खाली और उपेक्षित जगहों को सुंदर, उपयोगी और लोगों के काम आने वाले स्थानों में बदला जाएगा। इन जगहों पर हरियाली विकसित की जाएगी, दीवारों पर आकर्षक चित्र बनाए जाएंगे, बैठने की सुविधा होगी, साफ-सफाई का अच्छा इंतजाम किया जाएगा और लोगों के उपयोग के लिए जरूरी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। इससे ये स्थान शहर की पहचान का हिस्सा बन सकेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि यह पहल न केवल दिल्ली के समग्र सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देगी, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सहभागिता को भी मजबूत करेगी।

# द वर्ल्ड इज पोएट्री पेरिस के कलाकारों की युगल प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** "कला कोई हस्तकला नहीं है, यह उस भावना का संप्रेषण (आदान-प्रदान) है जिसे कलाकार ने स्वयं अनुभव किया है।" लियो टॉल्स्टॉय के इस विचार से प्रेरित आगामी कला प्रदर्शनी "द वर्ल्ड इज पोएट्री" दो पेरिस-आधारित कलाकारों, रामपुर में जन्मे यासीन खान और फ्रांसीसी चित्रकार स्टेफानी बिविल द्वारा प्रस्तुत की जा रही है।

प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन बुधवार, 8 अप्रैल को होगा और यह सोमवार, 13 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक, बीकानेर हाउस, पंडारा रोड, नई दिल्ली की मुख्य गैलरी में चलेगी।

यह प्रदर्शनी दो कलाकारों - यासीन खान और स्टेफानी बिविल के बीच रहस्य पर आधारित एक गहन संवाद का विस्तार और उसकी अभिव्यक्ति है।



दिल्ली पंचायत संघ के प्रतिनिधियों ने स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा से उनके कार्यालय, सिविक सेंटर में मुलाकात कर उनका अभिनंदन करते हुए।

# मातृशक्ति दिवस पर जनकल्याण समारोह सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व की महान आध्यात्मिक विभूति माताश्री राजेश्वरी देवी की पावन जयंती हंसलोक आश्रम, छतरपुर में मातृशक्ति दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर परमपूज्य श्री भोले जी महाराज एवं माताश्री मंगला जी के सानिध्य में हंस ज्योति-ए यूनिट आफ हंस कल्चरल सेंटर द्वारा आयोजित दो दिवसीय विशाल जनकल्याण समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु-भक्त शामिल हुए। मीडिया प्रभारी बी. के.त्यागी के अनुसार इस मौके पर माताश्री मंगला जी ने कहा कि अध्यात्म ज्ञान के प्रचार-प्रसार में माताश्री



राजेश्वरी देवी को अनेक कठिनाइयों और संघर्षों का सामनाष् करना पड़ा लेकिन वे कभी भी सत्य और धर्म के मार्ग से पीछे नहीं हटीं।

माताश्री मंगला जी ने समारोह में आये लोगों का आहवान किया कि वे माताश्री राजेशवरी देवी की शिक्षाओं और संदेशों को अपने जीवन में उतारें तथा देश के कोने-कोने में अध्यात्म ज्ञान का प्रचार-प्रसार करें। समारोह में महात्मा शिवकृपानंद जी, श्री मंगल जी तथा अन्य संत-महात्माओं ने भी सत्संग विचारों से लोगों को लाभान्वित किया। भजन गायकों ने माताश्री राजेश्वरी देवी की महिमा से जुड़े भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तितमय बना दिया।

# स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा का पंचायत संघ ने किया अभिनंदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पंचायत संघ के प्रतिनिधियों ने आज स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा से उनके कार्यालय, सिविक सेंटर में मुलाकात कर दिल्ली देहात के गांवों में 200 वर्गमीटर तक की आवासीय संपत्तियों पर हाउस टैक्स माफ करने के निर्णय के लिए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर पंचायत संघ के प्रतिनिधियों ने गांवों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की। स्थायी समिति अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा ने प्रति. निधियों को आश्वस्त किया कि दिल्ली देहात के गांवों के समग्र विकास और वहां के निवासियों को राहत प्रदान करना निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स माफी का यह निर्णय ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को आर्थिक राहत देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस अवसर पर स्थायी समिति अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा ने कहा की श्रीमती रेखा गुप्ता की पहली प्राथमिकता है कि गांवों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएं। सरकार लगातार दिल्ली के गांवों के लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

## जामिया: अब दाखिले के लिए 10 तक आवेदन

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में यूजी/पीजी/डिप्लोमा/पीजी डिप्लोमा/एडवांस डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स में दाखिले के लिए एक बार फिर से आवेदन की तारीख बढ़ा दी है। सोमवार को जारी सूचना के अनुसार छात्र अब 10 अप्रैल तक admission-jmi-ac-in@ लिंक पर जाकर आवेदन कर सकेंगे।

## हेयरकेयर में नई कैटेगरी बनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कैविनकेयर का पारंपरिक हेयरकेयर ब्रांड मीरा ने श्मीरा 2 इन 1 शैंपू मास्कश पेश किया है, जो शैंपू की सफाई क्षमता को हेयर मास्क के गहन कंडीशनिंग लाभों के साथ जोड़कर नई शैंपू-मास्क कैटेगरी बनाता है।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, मिस्टर राजत नंदा, बिजनेस हेड - पर्सनल केयर, कैविनकेयर ने कहा, ष्मीरा दशकों से साउथ इंडिया का सबसे भरोसेमंद पारंपरिक हेयरकेयर ब्रांड रहा है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी चले आ रहे सामग्री ज्ञान और हेयरकेयर प्रथाओं पर टिका है।

# कैंसर जागरूकता के लिए 'ट्रंक ब्रंच' में एकत्र हुई महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख ऑन्कोलॉजी नेटवर्क एमओसी कैंसर केयर सेंटर ने गीतांजलि सैलून के साथ मिलकर कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए रुहोपएटयोर फिंगरटिप्स -पिंक पैम्पर परपस (गुलाबी. लाड़-प्यार. उद्देश्य) नाम से एक अनोखी पहल शुरू की है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को नियमित रूप से स्वयं की जांच करने और बीमारी का शुरुआती चरण में पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह अभियान डीएलएफ मैग्ना लियास, गुरुग्राम में आयोजित विशेष ष्ट्रंक ब्रंचष में शुरू किया गया, जिसमें महिलाओं को एक ऐसे उद्देश्य के लिए एकत्र किया गया, जो कल्याण और जागरूकता को मिलाता है। एमओसी कैंसर केयर सेंटर, गुरुग्राम के डॉ. राकेश शर्मा ने कहा यदि कैंसर का पता शुरुआती चरण में चल जाए, तो कई मामलों में जीवित रहने की दर 70-90% तक बढ़ सकती है। इस पहल के बारे में एमओसी कैंसर केयर सेंटर के सीईओ नार्थ इंडिया आदित्य बहादुर ने कहा रुहोपएटयोरफिंगरटिप्स के माध्यम से हम महिलाओं से अपील कर रहे हैं कि वे नियमित रूप से स्वयं जांच करें और अपनी सेहत को प्राथमिकता दें।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# निर्दोष परिवारों के प्लॉट पर कब्जा, दीवारें तोड़ीं, रास्ता बना डाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एक बार फिर गाजियाबाद में भूमाफियाओं ने कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते हुए आम आदमी की मेहनत की कमाई पर कब्जा जमा लिया है। रविवार को थाना नंदग्राम के ग्राम अटोर स्थित ग्रीन सिटी विलेज में हुई इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है। जहां पहले फिल्म श्जिला गाजियाबादश् में दिखाए गए दबंग बदमाश गरीबों की जमीन हड़पते नजर आते थे, वही सीन अब हकीकत बन चुका है।

क्या हुआ घटना? कई साल पहले कृषि भूमि पर अवैध रूप से काटी गई फ्रीहोल्ड कॉलोनी में सुशील कुमार निर्वाण, कपिल शर्मा और धर्मवीर सिंह नाम के तीन भूमाफियाओं ने प्लॉट बेचे। गरीब-मध्यम वर्ग के लोग खून-पसीने की कमाई से प्लॉट खरीदकर भविष्य संवारने का सपना देख रहे थे। रजिस्ट्री भी पूरी हो चुकी थी, स्वामित्व और कब्जा उनके नाम हो चुका था। लेकिन रविवार को जब 1-2 परिवार अपने प्लॉट देखने पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। उनके प्लॉट पर ना कोई दीवार बची थी, ना कोई निशान ख्र बल्कि बीच से मिट्टी का अवैध रास्ता (मड रोड) बन चुका था।

जानकारी फैलते ही बाकी पीड़ित भी मौके पर पहुंचे तो पता चला कि 15 प्लॉटों पर पूरी तरह कब्जा हो चुका है। सभी की चारदीवारी तोड़ दी गई, परिदृश्य बदल दिया गया और अवैध निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई। पीड़ितों ने बताया कि इन भूमाफियाओं ने गुंडा तत्वों की मदद से यह सब किया और संपर्क करने पर उल्टा धमकियां दीं। पीड़ितों ने दर्ज कराई शिकायत 15 पीड़ितों ने थाना नंदग्राम में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उनके वकील वैभव सिन्हा ने थानाध्यक्ष को विस्तृत आवेदन दिया, जिसमें श्री दीपक चौधरी को सभी पीड़ितों का सामूहिक प्रतिनिधि बनाया गया है। शिकायत में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 329 (आपराधिक प्रवेश) और 333 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने, तत्काल पुलिस कार्रवाई, स्थल निरीक्षण और अवैध निर्माण रोकने की मांग की गई है।

प्रत्येक पीड़ित ने 5 लाख रुपये का मुआवजा भी आरक्षित रखा है। शिकायतकर्ताओं में शरद सिन्हा, प्रेम लता त्यागी, अनुनय कुमार श्रीवास्तव, रागिनी सिंह, ललन कुमार, आर्टी सिंह, रेणु सिंह, अरुण कुमार सिंह, स्वाति, ज्योति सिंह, सौरभ अग्रवाल समेत 15 लोग शामिल हैं। उनके प्लॉट क्षेत्रक्रम संख्या 336 में स्थित हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल सैकड़ों गज है। पीड़ितों का आरोप है कि सुशील कुमार निर्वाण पहले भी कई लोगों के साथ फ्रॉड कर चुका है और उसके खिलाफ कोर्ट में कई मामले लंबित हैं। अब योगी सरकार के सख्त रुख के बावजूद यह गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। पीड़ित अब न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हैं। देखना होगा कि पुलिस-प्रशासन इस बार कितनी तेजी से कार्रवाई करता है।

## स्कूल परिसर और निर्धारित दुकानों पर बेची जा रही किताबें और यूनिफार्म

### शिक्षा विभाग ने जारी किया नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** पब्लिक स्कूलों द्वारा निर्धारित दुकानों और स्कूल परिसर में पाठय पुस्तकों और यूनिफार्म आदि बेचने के मामलें में घ्शिक्षा विभाग ने कड़ा रूख अपनाया है। खड़ शिक्षा अधिकारी ने नगर के नामचीन स्कूलों समेत 12 पब्लिक स्कूलों को नोटिस जारी कर जबाव मांगा है।

खंड शिक्षा अधिकारी महिमा ने बताया कि शहर और देहात के विभिन्न पब्लिक स्कूलों द्वारा निर्धारित दुकानों और स्कूलों परिसर में पाठ्य पुस्तकें व यूनिफार्म व अन्य व्यवसायिक गतिविधियां संचालित करने की शिकायत की थी। मामले में संज्ञान लेते हुए दिल्ली- मेरठ मार्ग स्थित टीआरएम पब्लिक स्कूल, दयावती मोदी पब्लिक स्कूल, डॉ. केएन मोदी ग्लोबल, सपना इंटरनेशनल हापुड़ रोड, मार्डन एकेडमी सीकरी कलां, समर फील्ड पब्लिक स्कूल, मिलेनियम पब्लिक स्कूल किल्हौड़ा भोजपुर समेत शहर के कई नामचीन पब्लिक स्कूलों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। उन्होने कहा कि स्कूल परिसर या निर्धारित दुकानों पर ही पाठ्य पुस्तकें और यूनिफार्म बेचना नियम विरूद्ध है। ऐसा करने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---

यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं कैंसर इंस्टीट्यूट गाजियाबाद द्वारा

## राजनगर एक्सटेंशन में सफल रक्तदान शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सोमवार को राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद स्थित फिटनेस जिमनेजियम में यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं कैंसर इंस्टीट्यूट, गाजियाबाद की ब्लड सेंटर टीम द्वारा एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का नेतृत्व डॉ. (पूर्व कमांडेंट) प्रमोद यादव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं जिम के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने हिस्सा लेकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। डॉ. प्रमोद यादव ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान एक महादान है, जो जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया। ब्लड सेंटर की टीम द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए रक्त संग्रहण किया गया तथा सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं अल्पाहार प्रदान किया गया।

यह शिविर समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जिसमें सभी का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

## धूमधाम से मना वर्तमान युग का पंचम वार्षिक समारोह




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वर्तमान युग राष्ट्रीय पत्रिका एवं चौनल के पंचम वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित भव्य कवि सम्मेलन का सैंकड़ों काव्य प्रेमियों ने देर रात तक आनंद लिया। कवि नगर रामल. ीला मैदान के जानकी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में साहित्य प्रेमियों की भारी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि कवि सम्मेलन जैसे साहित्यिक आयोजन किसी भी शहर के लिए प्राण वायु का काम करते हैं। प्रसन्नता की बात है कि गाजियाबाद में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां लगातार होती रहती हैं। उन्होंने पांचवी वर्षगांठ पर कवि सम्मेलन का आयोजन करने के लिए वर्तमान युग परिवार को बधाई दी। जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता और दूधेश्वर नाथ मंदिर के श्रीमहंत नारायण गिरी ने भी आशीष वचन कहे। विश्व प्रसिद्ध शायर विजेंद्र सिंह परवाज की इस गजल के एक एक शेर पर लोगों ने देर तक तालियां बजाई।

## सिकंदर यादव के सानिध्य में ब्लू नाइट्स की शूटिंग संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजसेवी सिकंदर यादव के सानिध्य में गाजियाबाद में म्यूजिक वीडियो "ब्लू नाइट्स" की शूटिंग सफलतापूर्वक पूरी की गई। इस प्रोजेक्ट में फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना चुकी अभिनेत्री एवं डांसर प्रियंका खंतवाल ने अहम भूमिका निभाई। प्रियंका मूल रूप से उत्तराखंड की रहने वाली हैं और वर्तमान में मुंबई में सक्रिय हैं, जहां वे लगातार नए प्रोजेक्ट्स में काम कर रही हैं। इस म्यूजिक वीडियो में उनके साथ गाजियाबाद के उभरते कलाकार हर्ष कुमार भी नजर आएंगे, जो अपने डांस और परफॉर्मेंस के लिए जाने जाते हैं। यह प्रोजेक्ट उनके करियर के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है। गाने की शूटिंग गाजियाबाद स्थित टमह



डंदजत में की गई, जहां पूरी टीम ने प्रोफेशनल माहौल में काम करते हुए इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। यह एक डांस बेस्ड म्यूजिक वीडियो है, जिसमें मॉडर्न क्लब वाइब्स और एंटरटेनमेंट का शानदार मिश्रण देखने को मिलेगा। शूट की शुरुआत सिकंदर यादव के हाथों पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में इस तरह के क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स का होना शहर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने पूरी टीम के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से स्थानीय कलाकारों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और भविष्य में भी इस तरह की पहल को सहयोग मिलता रहेगा। खास बात यह है कि प्रियंका खंतवाल हाल ही में साउथ फिल्म इंडस्ट्री की बहुचर्चित फिल्म "Tiger Safari" में एक लीड सॉन्ग कर चुकी हैं, जिसमें उन्होंने प्रसिद्ध कोरियोग्राफर धर्मेश येलांडे और अन्य कलाकारों के साथ काम किया है।

---

## मोदीनगर में धूमधाम से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा मोदीनगर में छतरी वाला मंदिर में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस बहुत ही धूमधाम के साथ पार्टी के वरिष्ठ एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने मनाया। कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भारत माता के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि की गई तत्पश्चात वंदे मातरम के गायन के पश्चात अतिथि स्वागत किया गया।

मंचासीन अतिथियों ने एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें जिसमें पार्टी की स्थापना से पहले जनसंघ के समय से लेकर और अब तक की पार्टी की यात्रा के विषय में प्रकाश डाला गया एवं पार्टी में कार्यकर्ताओं के सम्मान को लेकर भी सभी ने अपने विचार रखें।

मुख्य रूप से पूर्व जिलाअध्यक्ष सतवीर राघव, स्वदेश जैन, डॉ पवन सिंघल, सत्येंद्र त्यागी, नीरज त्यागी, प्रदीप बॉस, टेंमपाल पंवार, रोहित अग्रवाल, साधना शर्मा, सुधीर पगड़ी, सुभाष सांगवान, विजय वाल्मीकि, मंडल अध्यक्ष मोदीनगर देहात सचिन त्यागी, गीता कौशिक, अनुज त्यागी, अजय सेन, अरुण खन्ना, नितिन जिंदल, अमित सिंघल, दीपा वर्मा, मनीषा ठाकुर, सीमा कौशिक, अंजली चौधरी, पिंकी चौधरी, ललित त्यागी, सुभाष मलिक, संजीव शर्मा, विपिन चौधरी, मुकेश चौहान, डॉ महेश वेध, संजय त्यागी (निवाड़ी), जागृति गुप्ता, हिमांशु थापर, पुष्पा शर्मा, पीयूष गुप्ता, सौरभ गुप्ता ,ंउंस हनचजं आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## सुन्दरदीप में बायो स्पार्क लाइफ इन एवरी स्पार्क साइंस टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्कूल ऑफ साइंसेज द्वारा बायो-स्पार्क 2026 का सफल आयोजन किया गया। यह साइंस फेस्ट 'लाइफ इन एवरी स्पार्क बायोटेक्नोलॉजी टैलेंट प्रतियोगिता' थीम पर आधारित था। इस कार्यक्रम में छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह वैज्ञानिक खोज और नवाचार का एक सशक्त मंच बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. डॉ. परसंजीत कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन, निदेशक स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, निदेशक स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड लिबरल आर्ट्स, निदेशक-फार्मेसी, नियंत्रक परीक्षा (COE), निदेशक IQAC एवं निदेशक स्कूल ऑफ साइंसेज डॉ. ज्योति चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बायोटेक्नोलॉजी एवं



संबद्ध विज्ञानों के क्षेत्र में छात्रों की रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक सोच और व्यावहारिक कौशल को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे मॉडल प्रस्तुति, पोस्टर प्रस्तुति, लैब स्किल्स प्रतियोगिता तथा बायो क्विज में सक्रिय भागीदारी की। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह के माध्यम से उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों को ज्ञान और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। बायो-स्पार्क 2026 छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और शोध-आधारित सोच को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। स्कूल ऑफ साइंसेज सभी प्रतिभागियों, समन्वयकों एवं मीडिया सेल का हार्दिक आभार व्यक्त करता है, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। इस आयोजन की सफलता में चेयरमैन एवं चांसलर महेंद्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रो-चांसलर (अकादमिक) विमल कुमार शर्मा एवं प्रो-चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव का मार्गदर्शन एवं सहयोग विशेष रूप से सराहनीय रहा।

---

## गणेश अस्पताल में नि:शुल्क ईएनटी जांच शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू नगर स्थित गणेश अस्पताल में रविवार को नि:शुल्क ईएनटी (कान, नाक व गला) जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एक ही छत के नीचे विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की जांच की गई, जिसमें करीब 70 लोगों ने लाभ उठाया। शिविर के दौरान ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. आशीष अग्रवाल ने मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया और विभिन्न समस्याओं के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर मरीजों को दवाइयों पर 10 प्रतिशत, हियरिंग एड्स पर 10 प्रतिशत, सर्जरी पर विशेष छूट तथा लैब टेस्ट पर 20 प्रतिशत की छूट भी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन अस्पताल के डायरेक्टर एवं सीईओ डॉ.



प्रतीक शर्मा, जीएम एचआर एंड कॉरपोरेट रिलेशन बिराज सिंह तथा सीएमओ डॉ. सुधीर ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर डॉ. प्रतीक शर्मा ने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य आमजन को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसी सोच के तहत समय-समय पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन जारी रहेगा, जिससे लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो सकें।

## यूपी स्टेट डार्ट्स चैंपियनशिप किया गया आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिला डार्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 10वां उत्तर प्रदेश स्टेट डार्ट्स चैंपियनशिप एवं प्रथम इंटर स्कूल डार्ट्स चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किया गया। प्रदेश के सात जिलों- गाजियाबाद, कानपुर, उन्नाव, बरेली, गौतमबुद्धनगर, लखनऊ और अलीगढ़- के खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में मेडल अपने नाम किए। उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में मनिका शिशौदिया, तेजस्विनी चौधरी, अंश चौधरी, प्रशांत चौधरी, सिमरन चौधरी, आशुतोष गिरी, अंशिका शिशौदिया, अभिनीत शिशौदिया, काजल राजपूत, मन्नत अली, शोभित कुमार, नमन सरीन, महिमा गौतम, आरूषी कुमारी, नेहा गौतम, राकेश पंडित, शैलेश कुमार, कमल सिंह यादव, रामकुमार सिसोदिया, अंकुर गर्ग आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ गाजियाबाद के डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी ने किया।

## दिव्य धाम आश्रम में भारतीय नववर्ष का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिव्य धाम आश्रम का पावन वातावरण भक्ति और दिव्य ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के कृपामय मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) द्वारा भारतीय नववर्ष विक्रम संवत् 2083 का शुभारंभ अत्यंत दिव्यता एवं उल्लास के साथ किया गया। दिल्ली- एनसीआर से आए असंख्य साधक इस अवसर पर दिव्य धाम की दिव्य धरा पर एकत्रित हुए। उनके लिए यह नववर्ष केवल कैलेंडर का परिवर्तन नहीं था, बल्कि आत्म-जागृति, आंतरिक नवीनीकरण और जीवन के उच्चतर उद्देश्य की ओर एक सशक्त कदम था। ब्रह्मज्ञान द्वारा आत्म-जागृति संदेश में प्राचीन ज्ञान को समकालीन चुनौतियों से जोड़ते हुए ब्रह्मज्ञान के रूपांतरणकारी महत्व पर प्रकाश डाला गया, जिसे पूर्ण गुरु कि कृपा से प्राप्त किया जाता है। ब्रह्मज्ञान पर आधारित ध्यान साधना के माध्यम से साधक भीतर की ओर मुड़ना सीखते हैं, शाश्वत सत्य का अनुभव करते हैं और मानसिक तनाव व भौतिक अशांति से ऊपर उठते हैं। आज संसार में जहाँ लोग



शांति को बाहर खोजते हैं, वहीं भारतीय नववर्ष आंतरिक शांति की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। जब व्यक्ति भीतर से शांत हो जाता है, तब बाह्य शांति स्वत: ही आकार ले लेती है। सामूहिक ध्यान सत्र कार्यक्रम का समापन सामूहिक ध्यान सत्र से हुआ, जिसके पश्चात सभी को भोजन प्रसाद वित. रित किया गया। श्रद्धालु अपने हृदयों में भक्ति, निष्काम सेवा और नियमित ध्यान का संकल्प लेकर लौटे और इस नववर्ष को सच्चे आंतरिक जागरण की प्रेरणा के रूप में अपनाया।

---

## पतंजलि में दो दिवसीय योग शिविर का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** पतंजलि वैलनेस सेन्टर मोदीनगर में दो दिवसीय नि:शुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर 05 व 06 अप्रैल का सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। पतंजलि वैलनेस सेन्टर के सेवा प्रमुख स्वामी आरोग्यदेव के मार्गदर्शन में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से पूज्य स्वामी परमार्थदेव मुख्य केन्द्रीय प्रभारी (भारत स्वाभिमान व पतंजलि योग समिति) सानिद्ध में योग शिविर में व्यक्ति को कैसे घर परिवार में रहकर अपने को शारीरिक व मान. सिक रुप से अपने और अपने परिवार को कैसे स्वस्थ्य योग प्राणयाम से रख सकते है। क्या-क्या किस-किस मौसम में खान-पान को ठीक करके किया जा सकता हैं इसकी जानकारी दी गई। सभी व्यक्ति बड़े उत्साह के




साथ संगीतमय योग का आनंद लिया। इसी बीच मुख्य अतिथि डॉ राजकुमार सांगवान सांसद बागपत के द्वारा महिला पंचकर्म एवं नैचुरोपैथी सेक्सन का नया परिसर का उद्घाटन किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. मंजू शिवाच विधायक मोदीनगर, महेश उपाध्याय एक्सन विजली विभाग, रामकिशोर अग्रवाल पूर्व राज्यमंत्री, गणमान व्यक्ति नंदकिशोर अग्रवाल, बबली गुज्जर, राजेन्द्र कौशिक, सुरमेश शर्मा, वकिल प्रमोद शर्मा आदि 900 व्यक्ति ने भाग लेकर कार्य की शोभा बढ़ाई। आयोजकों में पतंज. लि वैलनेस मोदीनगर, भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति, युवा भारत, पतंजलि किसान सेवा समिति के संयुक्त रुप से कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। शिविर के समापन पर सभी अतिथियों एवं प्रतिभागीयों का आभार व्यक्त किया।

## गूगल से ग्लोबल मान्यता प्राप्त कर एआई शिक्षा में अग्रणी बना नेहरू वर्ल्ड स्कूल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल एक बार फिर डिजिटल शिक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में एक वैश्विक पहचान के साथ उभरा है। विद्यालय को गूगल फॉर एजुकेशन रेफरेंस इंस्टीट्यूशन के रूप में पुन: मान्यता प्रदान की गई है। यह प्रतिष्ठित मान्यता गूगल की उन्नत शैक्षिक तकनीकए एआई टूल्स और नवाच. ारपूर्ण शिक्षण के प्रभावी उपयोग के लिए दी जाती है। गूगल फॉर एजुकेशन रेफरेंस इंस्टीट्यूशन होना केवल एक उपाधि नहीं बल्कि वैश्विक विश्वास का प्रतीक है। इसका अर्थ है कि विद्यालय शिक्षा में गूगल के डिजिटल साधनों और एआई प्लेटफॉर्म का ऐसा आदर्श मॉडल प्रस्तुत करता है, जिसे अन्य



स्कूल अपनाने योग्य मानते हैं। ऐसे संस्थान शिक्षकों के व्यावसायिक विकास, विद्यार्थियों की व्यक्तिगत सीखने की प्रक्रिया और सहयोगात्मक कक्षा वातावरण को मजबूत बनाने के लिए तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हैं।

नेहरू वर्ल्ड स्कूल ने गूगल वर्कस्पेसए एआई आधारित जेमिनी और अन्य डिजिटल संसाधनों को इस प्रकार शिक्षण में शामिल किया है कि तकनीक शिक्षा को अधिक रोचक, सुलभ और प्रभावी बनाती है। विद्यालय में तकनीक का उपयोग केवल ऑनलाइन सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षण में नए प्रयोग, विद्यार्थियों की प्रगति का विश्लेषण और उनकी आवश्यकता के अनुसार मार्गदर्शन देने का आधार बन चुका है। विद्यालय के निदेशक डॉ अरुणाभ सिंह ने कहा, ष्मैं अक्सर कहता हूँ कि तकनीक शिक्षकों की जगह नहीं लेगी लेकिन जो शिक्षक तकनीक का सही उपयोग करेंगे, वे निश्चित रूप से आगे रहेंगे। ए०आई० और जेमिनी जैसे साधनों के साथ हमारी सोच स्पष्ट है. मानव बुद्धिमत्ता को प्रतिस्थापित नहीं, बल्कि उसे विस्तार देना। हमारा उद्देश्य ऐसी कक्षाओं का निर्माण करना है जहाँ नवाचार गहन अधिगम को मजबूत करे, न कि ध्यान भंग करे। विद्यालय की एक्जीक्यूटिव हेड सुसन होम्स ने कहा गूगल टूल्स के उपयोग ने शिक्षकों के कुशल विकास को नई दिशा दी है. आपसी सहयोग को मजबूत किया है और विद्यार्थियों व शिक्षकों को साथ मिलकर सोचने. सीखने और आगे बढ़ने के लिए सशक्त बनाया है। एनसीआर क्षेत्र में एआई आधारित शिक्षा और डिजिटल परिवर्तन के क्षेत्र में नेहरू वर्ल्ड स्कूल अग्रणी संस्थानों में अपनी मजबूत पहचान स्थापित कर चुका है। विद्यालय निरंतर नवाचार. वैश्विक सहयोग और तकनीक सम्मिलित शिक्षण के माध्यम से शिक्षा को 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप विक. सित कर रहा है। 1978 में स्थापित नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद का एक प्रमुख शिक्षण संस्थान है. जो सीबीएसई और कैम्ब्रिज बोर्ड से संबद्ध है।

**सूचना**

पासपोर्ट में मेरा नाम अहमद हबीब दर्ज है, जो गलत है। मेरा वास्तविक नाम हबीब अहमद (Habib Ahmed) है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

हबीब अहमद पुत्र मो.याकूब, जहांगीरपुर गाजियाबाद

# सीएम प्रगति पोर्टल से विकास कार्यों पर रहेगी पैनी निगाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बजट 2026-27 में घोषित प्रमुख योजनाओं, उनकी प्रगति और समय-सीमाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना था कि राजधानी को 'विकसित दिल्ली' बनाने के लिए बेहतर व प्रभावी कार्य किए जाने आवश्यक है ताकि तय समय में दिल्ली का रूप-रंग निखर सके और दिल्लीवासियों को उस पर गर्व हो। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सभी प्रमुख परियोजनाओं की सतत और गहन निगरानी सीएम प्रगति पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।

इस पोर्टल पर प्रत्येक विभाग को अपने प्रोजेक्ट्स की प्रगति, तय समय-सीमा और आगामी चरणों का नियमित अपडेट करना होगा ताकि कार्यों की वास्तविक स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जरूरत इच्छाशक्ति की है और उन्हें विश्वास है कि विभिन्न विभाग दिल्ली को आधुनिक और सुविधाओं से भरपूर बनाने में पूरी मेहनत से कार्य करेंगे। इस उच्चस्तरीय बैठक में सरकार के मुख्य सचिव श्री राजीव वर्मा भी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि समय पर विकास कार्यों से ही दिल्ली का तेजी से विकास संभव है।

सरकार की सभी प्रमुख परियोजनाओं की सतत और गहन निगरानी सीएम प्रगति पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। इस पोर्टल पर प्रत्येक विभाग को अपने प्रोजेक्ट्स की प्रगति, तय समय-सीमा और आगामी चरणों की नियमित अपडेट दर्ज करनी होगी, ताकि कार्यों की वास्तविक स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा सके।

## दो एक्स पैरोडी अकाउंट को बहाल करने का आदेश, आपत्तिजनक पोस्ट पर रोक बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने एक्स (ग) पर संचालित पैरोडी अकाउंट श्डॉ. नीमो यादवश को तुरंत बहाल करने का आदेश दिया है। यह अकाउंट याचिकाकर्ता प्रतीक शर्मा द्वारा चलाया जाता है। पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने यह निर्देश अकाउंट ब्लॉक किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। अदालत ने 'नेहर ह' अकाउंट चलाने वाले कुमार नयन की याचिका पर भी समान आदेश जारी किए, जो इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निर्देश पर ब्लॉक किए गए बारह अकाउंट्स में शामिल था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वृंदा ग्रोवर और केंद्र सरकार की ओर से एएसजी चेतन शर्मा के बीच बहस हुई। अदालत ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत जारी ब्लॉकिंग आदेशों की समीक्षा की। सुनवाई के बाद अदालत ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता का पूरा अकाउंट तुरंत बहाल किया जाए। हालांकि, जिन ट्वीट्स को आपत्ति. जनक बताया गया है, वे फिलहाल अस्थायी रूप से ब्लॉक रहेंगे। अदालत ने आगे निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की समीक्षा समिति के सामने पेश हों।

वृंदा ग्रोवर ने बताया कि याचिकाकर्ता ने पच्चीस मार्च को हाईकोर्ट का रुख किया था। उन्हें एक्स प्लेटफॉर्म से सूचना मिली थी कि उन्नीस मार्च को उनके अकाउंट को ब्लॉक करने का आदेश जारी किया गया है। ग्रोवर ने तर्क दिया कि यह ब्लॉकिंग आदेश धारा 69ए के दायरे में नहीं आता।

## सरकारी अस्पताल की दवाएं बाजार में बेचने के मामले में जांच समिति गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीडीयू अस्पताल दवा मामले में कर्मचारी के पकड़े जाने को लेकर अस्पताल प्रशासन ने जांच समिति का गठन कर दिया। फार्मासिस्ट के अलावा कई दूसरे अधिकारी भी जांच के घेरे में है। दूसरा कर्मचारी जो संविदा पर है, के दोषी पाए जाने पर प्रशासन उचित कार्रवाई करेगा।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर्मचारियों को निलंबित और बर्खास्त करने की तैयारी है। अस्पताल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस घटनाक्रम की जांच में पुलिस ने दवा स्टोर सील कर दिया। सरकारी अस्पताल में मिलने वाली मुफ्त दवाओं को खुले बाजार में बेचने वाले एक संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ने डीडीयू अस्पताल के फॉर्मासिस्ट कम स्टोरकीपर व अस्पताल में ठेके पर काम करने वाले हेल्पर समेत कुल पांच आरो. पियों को दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान फॉर्मासिस्ट बिनेश कुमार (54), हेल्पर प्रकाश मेहतो (30), सहारनपुर निवासी नीरज कुमार (53), टैक्सी ड्राइवर सुशील कुमार (47) और दिल्ली निवासी टेंपो चालक लक्ष्मण मुखिया (48) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 70 लाख रुपये की सरकारी दवाएं, एक मिनी टेंपो व एक कार बरामद की है। आरोपी बिनेश अपने सहयोगी प्रकाश मेहतो के साथ मिलकर डीडीयू अस्पताल के स्टोर से दवाएं निक. ालकर बेच रहे थे।

## डीयू के दो कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के दो प्रतिष्ठित कॉलेज, रामजस कॉलेज और मिरांडा कॉलेज, को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद खाली करा लिया गया। इस सूचना के बाद पूरे परिसर में हड़कंप मच गया। धमकी मिलने की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस हरकत में आ गई। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वाड को तुरंत कॉलेज परिसरों में भेजा गया। सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचकर पूरे कॉलेज में तलाशी अभियान चला रहे हैं ताकि किसी भी संदिग्ध वस्तु का पता लगाया जा सके। अभी तक की तलाशी में किसी भी प्रकार का विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु मिलने की कोई खबर नहीं है। पुलिस के अनुसार, दोनों कॉलेजों को एक ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

# महंगे एलपीजी सिलिंडर से बिगड़ा छात्रों का बजट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एलपीजी सिलिंडर की बढ़ती कीमतों का असर अब दूसरे राज्यों से दिल्ली आकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों पर पड़ रहा हैं। सीमित बजट में जीवन यापन करने वाले इन छात्रों के लिए अब न सिर्फ महंगा गैस सिलिंडर खरीदना मुश्किल हो गया है, बल्कि समय पर सिलिंडर न मिलना भी उनकी दिनचर्या को प्रभावित कर रहा है। बिहार से आए छात्र ने बताया कि सिलिंडर खत्म होने के बाद उन्हें कई दिनों तक इंतजार करना पड़ा। इस दौरान उन्होंने बाहर खाना खाया, जिससे उनका खर्च दोगुना हो गया। वहीं, राजस्थान से आए अन्य छात्र मनोज ने बताया कि कुछ स्थानीय विक्रेता मौके का फायदा उठाकर सिलिंडर ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अधिकांश छात्र पहले से ही सीमित संसाधनों में जीवन यापन करते हैं। गैस की बढ़ती कीमत और आपूर्ति में अनियमितता ने उनके मासिक बजट को पूरी तरह बिगाड़ दिया है। कई छात्र अब खाना बनाने के बजाय सस्ते ढाबों या टिफिन सेवाओं पर निर्भर हो रहे हैं, जो लंबे समय में उनकी सेहत पर असर डाल रहा है।



**मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मचारी यूनियन की कोर कमेटी के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का अभिवादन किया गया।**

# मुख्यमंत्री का सफाई कर्मचारियों के साथ सीधा संवाद, सुनीं मांगें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मचारी यूनियन की कोर कमेटी के प्रतिनिधियों के साथ अहम संवाद किया। इस संवाद में अलग-अलग यूनियनों के प्रतिनिधि शामिल हुए और उन्होंने अपने मुद्दे, सुझाव और जमीनी स्तर पर आने वाली दिक्कतों को खुलकर सामने रखा। संवाद के दौरान सफाई कर्मचारियों की भर्ती और नियमितीकरण का मुद्दा प्रमुख रहा। इसके अलावा, कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा की कमी, वेतन से जुड़ी समस्याएं और सेवा से संबंधित अन्य परेशानियों पर भी बात की। प्रतिनिधियों ने यह भी मांग की कि सफाई कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलें, उन्हें स्थायी नौकरी दी जाए और उनके काम के मुताबिक उन्हें सम्मान जनक माहौल भी सुनिश्चित किया जाए।मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिनिधियों की बातों को ध्यान से और गंभीरता के साथ सुना। उन्होंने उन्हें भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी शहर को साफ और व्यवस्थित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं इसलिए उनके हितों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार ठोस और व्यावहारिक कदम उठाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि यूनियन द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों की समीक्षा कर जरूरी कार्रवाई की जाए ताकि कर्मचारियों को बेहतर काम करने का माहौल, सुरक्षा और सम्मान मिल सके।

## विधानसभा में बैरियर तोड़कर कार ने किया प्रवेश, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** विधानसभा की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में पुलिस ने कुछ घंटों में ही आरोपी ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने टाटा सिएरा कार को भी जब्त कर लिया है। सोमवार को यूपी नंबर की एक कार बैरियर तोड़ते हुए दिल्ली विधानसभा के गेट नंबर 2 से अंदर घुस गई। इस दौरान वीआईपी गेट पर सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ तैनात थी। घटना की जानकारी लगते ही दिल्ली पुलिस हरकत में आ गई और फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच जांच शुरू की। जांच में पाया गया कि उत्तर प्रदेश रजिस्ट्रेशन नंबर वाली एक कार गेट नंबर 2 से बैरियर तोड़ते हुए अंदर घुस गई।

# शिक्षा के नाम पर कब तक चलेगी प्राइवेट स्कूलों की मनमानी: विकास खितौलिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत में शिक्षा को हमेशा से समाज के विकास की रीढ़ माना गया है। "विद्या दान" को सबसे बड़ा दान कहा गया है, लेकिन आज के दौर में यही शिक्षा एक बड़े व्यवसाय का रूप लेती जा रही है। खासकर महानगरों में प्राइवेट स्कूलों की बढ़ती मनमानी और फीस की बेतहाशा वृद्धि ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। राजधानी दिल्ली में स्थिति और भी गंभीर होती जा रही है, जहां शिक्षा अब सेवा नहीं बल्कि मुनाफे का साधन बनती दिखाई दे रही है। लेखक, शोधकर्ता एवं विच. ारक विकास खितौलिया के अनुसार हाल ही में कुछ न्यूज चैनलों ने खासकर जी न्यूज ने अपने कई कार्यक्रमों में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है और प्राइवेट स्कूलों की इस "कालाबाजारी" पर सवाल खड़े किए हैं। यह सवाल सिर्फ मीडिया का नहीं, बल्कि हर उस माता-पिता का है जो अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अपनी सीमाओं से बाहर जाकर खर्च करने को मजबूर है।



दिल्ली के कई प्राइवेट स्कूल पिछले साल से फीस में भारी बढ़ोतरी कर रहे हैं। यह बढ़ोतरी किसी एक या दो प्रतिशत तक सीमित नहीं रहती, बल्कि कई बार 15% से 30% तक पहुंच जाती है। इससे मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग के परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है। फीस के अलावा स्पेशल एक्टिविटी, किताबों और यूनिफॉर्म के नाम पर भी खुली लूट चल रही है। कई प्राइवेट स्कूलों ने खास दुकानों से ही किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने का नियम बना रखा है। इन दुकानों पर किताबों के दाम बाजार से कई गुना ज्यादा होते हैं। उदाहरण के तौर पर, जो किताबें सामान्य बाजार में 2000 रुपये में मिल सकती हैं, वही स्कूल में उपस्थित दुकानों पर 7000-8000 रुपये में बेची जाती हैं।

## 6 बड़े फ्लाईओवरों की बदलेगी तस्वीर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई फ्लाईओवरों के नीचे की जगहों को परियोजना के तहत अलग-अलग कंपनियां सुंदर और उपयोगी बनाएंगी । सबसे पहले, इज माय ट्रिप फाउंडेशन अप्सरा बॉर्डर फ्लाईओवर (एमसीडी टोल टैक्स बूथ से यूपी बॉर्डर तक करीब 800 मीटर) और मयूर विहार फेज-1 फ्लाईओवर (कनाइन रोड कट से समाचार अपार्टमेंट तक करीब 820 मीटर) का सौंदर्यीकरण करेगी। वहीं, गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप नेताजी सुभाष पैलेस (एनएसपी) फ्लाईओवर (रिंग रोड से एनएसपी मेट्रो स्टेशन तक करीब 570 मीटर) को विकसित करेगा।

# मुनक नहर एलिवेटेड कॉरिडोर को एनओसी का इंतजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ट्रैफिक जाम कम करने के लिए मुनक नहर के साथ बनने वाले 16 किमी लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर को हरियाणा से एनओसी का इंजतार है। हरियाणा सरकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र न मिलने के कारण परियोजना को आगे बढ़ाने में देरी हो रही है। कुछ माह पहले दिल्ली सरकार ने मुनक नहर पर इस कॉरिडोर को बनाने की घोषणा की थी। इस परियोजना पर 5000 करोड़ की लागत आगे का अनुमान है। परियोजना के तहत इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन से मुनक नहर के साथ होते हुए यूईआर-दो तक एक एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने बजट भाषण में भी इस परियोजना का जिक्र किया है। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली और हरियाणा दोनों सरकारें इस मुद्दे को सुलझाने के लिए बातचीत जारी रखे हुए है।

हरियाणा ने तकनीकी चिंताओं को उठाया है। हरियाणा के अधिकारियों ने नहर पर परियोजना के प्रभाव को लेकर चिंता जताई है। हरियाणा सिंचाई विभाग ने कहा है कि वे लोग नहर का रखरखाव करते हैं और भारी मशीनों के माध्यम से इसकी गाद निकालते हैं।

## आप नेतृत्व से अनबन के बीच राघव चड्ढा का नया पोस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी लीडरशिप से अनबन के बीच पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर नया पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में राघव चड्ढा को अमेरिकी लेखक रॉबर्ट ग्रीन की किताब ष्द 48 लॉज्स ऑफ पावर ष पढ़ते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, ष्इस हफ्ते किसी ने मुझे एक किताब गिफ्ट की। कितनी अजीब बात है कि समय का तालमेल कैसे बैठता है। इसे नजर. अंदाज करना मुश्किल था। मैंने पहला चौप्टर खोला जिसके शीर्षक में लिखा है- श्नेवर आउटशाइन द मास्टर श जिसका मतलब है कि कभी भी अपने मास्टर से आगे निकलने की को. शिश न करें। इस चौप्टर में आगे लिखा है कि अपने बॉस को हमेशा खुद से श्रेष्ठ महसूस करवाएं और उन्हें खुश करने या प्रभावित करने के चक्कर में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने में हद से आगे न बढ़ें, नहीं तो इसका असर उल्टा हो सकता है। क्योंकि इससे आप उनमें डर और असुरक्षा की भावना जगा सकते हैं। अपने गुरु को उनकी असलियत से कहीं ज्यादा काबिल और बुद्धिमान दिखाएं। ऐसा करने से आप सत्ता की ऊंचाइयों को छू सकते हैं। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी ने बीते गुरुवार को राघव चड्ढा को राज्यसभा में अपने उप-नेता के पद से हटा दिया था।





**भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह उपस्थित भाजपाईयों को सम्बोधित करते हुए।**

## दिल्ली सरकार का 2029 से पहले प्रमुख परियोजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि सभी प्रमुख परियोजनाओं को वर्ष 2029 से पहले पूरा कर लिया जाए। प्रत्येक परियोजना, चाहे वह छोटी हो या बड़ी, उसके लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित कर उसे पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से आह्वान किया कि वे इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली के समग्र विकास और जनकल्याण के लिए सभी विभागों का समन्वित और समर्पित प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# दिल्ली आबकारी नीति मामले में केजरीवाल खुद करेंगे अपनी बहस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामले में हाई कोर्ट में सुनवाई शुरू हो गई है। केजरीवाल ने कहा, श्मैंने अर्जी दायर की है और इसे रिकॉर्ड पर लिया जाए। सीबीआई की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत के समक्ष कहा, श्ये पिछली सुनवाई में, अदालत को बताया गया था कि उन्होंने एक एसएलपी और एक आदेश दायर किया है। इसमें मुख्य न्यायाधीश के इस फैसले को चुनौती दी गई है कि इस मामले को किसी दूसरे न्यायाधीश के सामने सूचीबद्ध न किया जाए। एसजी ने कहा कि देश में कुछ लोग ऐसे हैं, जिन्होंने आरोप लगाने को ही अपना पेशा बना लिया है।

यह संस्था के खिलाफ एक आरोप है, और हमें संस्था का समर्थन करना होगा। एसजी ने कहा कि मामले में पेश हुए प्रतिवादी केजरीवाल और उनकी तरफ से एक अधिवक्ता पेश हुए हैं। अगर वे स्वयं बहस करना चाहें तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उन्हें अपने वकील को हटाना होगा और यह स्पष्ट रूप से कहना होगा कि वे अपना मुकदमा स्वयं लड़ेंगे। यह मंच नाटकबाजी के लिए नहीं है।

केजरीवाल ने कहा, श्हाई कोर्ट की प्रक्रिया के अनुसार, कोई याचिकाकर्ता खुद आकर अर्जी दाखिल नहीं कर सकता। ऐसा सिर्फ अदालत के आदेश पर ही किया जा सकता है। इसके जवाब में पीठ ने कहा कि अदालत मामले पर नोटिस जारी करेगी।

# भाजपा का इतिहास त्याग, तपस्या व संघर्ष से भरा: अरुण सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आज भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह की अगुवाई में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में भाजपा के ध्वज को फहराया और साथ ही एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी।

इस मौके पर सांसद कमलजीत सहरावत एवं प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। 47वें स्थापना दिवस के मौके पर दिल्ली भाजपा कार्यालय को सजाया गया है और साथ ही आज दिल्ली के सभी जिला कार्यालयों में भी स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज प्रदेश कार्यालय में स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम मे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा कि आज भाजपा के उन सभी 14 करोड़ भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का पल है क्योंकि वह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता हैं जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कच्छ से कामरूप तक और कश्मीर से कन्याकुमारी तक के हर एक गांव में भाजपा कार्यकर्ता हैं और आज अपनी पार्टी का स्थापना दिवस सेवा और समर्पण के उद्देश्य के साथ मना रहे हैं। अरुण सिंह ने कहा कि पार्टी की ताकत उसके करोड़ों समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाते हैं।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि जनसंघ से जो यात्रा प्रारंभ हुई उस विचार के साथ पार्टी लगातार आगे बढ़ रही है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे तपस्वी जिन्होंने पार्टी की सेवा एवं विचारधारा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया और उसी का परिणाम है कि केन्द्र में हमारी सरकार होने के साथ-साथ 20 राज्यों में एनडीए की सरकार है।दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने एक लंबा सफर तय किया है।

## हत्या मामले में इनामी देहरादून से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कालिंदी कुंज थाने के हत्या और हत्या के प्रयास के मामलों में वांछित को देहरादून, से गिरफ्तार किया है। आरोपी कालिंदी कुंज थाने का बीसी है और पहले कई मामलों में शामिल रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी पर 1,00,000/- रुपये का इनाम प्रस्तावित किया गया था। आरोपी प्रिंस तेवतिया गैंग का एक सक्रिय सदस्य है और उसी के लिए अपराध करता था।

# सैमसंग ने भारत में आकर्षक ऑफर्स के साथ गैलेक्सी A57 5G और गैलेक्सी A37 5G पेश किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुग्राम (नई दिल्ली)।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने आज गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी लॉन्च किए। ये दोनों स्मार्टफोन गैलेक्सी। सीरीज़ के नए मॉडल हैं, जिन्हें खासतौर पर उन युवाओं के लिए डिजाइन किया गया है जो फोटोग्राफी, परफॉर्मेंस, एआई-इनेबल्ड रोज़मर्रा के फीचर्स और डड्यूरेबिलिटी को प्राथमिकता देते हैं।





### नई डिजाइन लैंग्वेज और बेहतर डयूरेबिलिटी

गैलेक्सी ए57 5जी में एल्यूमिनियम फ्रेम दिया गया है, और 6.9 एमएम की मोटाई के साथ यह अब तक का सबसे पतला गैलेक्सी। सीरीज़ डिवाइस है। गैलेक्सी ए57 5जी के पतले बेज़ल्स डिवाइस के विजुअल बैलेंस को बेहतर बनाते हैं और देखने के अनुभव को ज्यादा शानदार व्यूइंग एक्सपीरियंस देते हैं। गैलेक्सी ए57 5जी में 120 हर्ट्ज़ रिफ्रेश रेट के साथ विज़न बूस्टर टेक्नोलॉजी दी गई है। इसमें 1900 निट्स की पीक ब्राइटनेस है, जिससे यूज़र्स बाहर भी कंटेंट साफ देख सकते हैं और एचडीआर कंटेंट का बेहतर आनंद ले सकते हैं। गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी दोनों में आगे और पीछे गोरिल्ला ग्लास विक्टस प्लस दिया गया है, जो स्क्रैचेस और गिरने से बेहतर रेजिस्टेंस देता है। इन डिवाइस में आईपी68 रेटिंग भी दी गई है, जिससे ये पानी और धूल से सुरक्षित रहते हैं। गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी को लंबे समय तक चलने के लिए बनाया गया है और इनमें छह एंड्रॉयड ओएस अपग्रेड्स और छह साल तक सिक्योरिटी अपडेट्स मिलेंगे। नाइट फोटोग्राफी: सोशल मीडिया और लो-लाइट कंटेंट के लिए डिजाइन की गई गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी में 50 एमपी का मेन कैमरा दिया गया है, जिसमें ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन और 1.0 माइक्रोन का बड़ा पिक्सल सेंसर है। इसके साथ बेहतर इमेज सिग्नल प्रोसे. सिंग (आईएसपी) और लो नॉइज़ मोड मिलता है। इसका नतीजा यह है कि कम रोशनी वाले माहौल में भी फोटो ज्यादा ब्राइट और शार्पर डिटेल के साथ आती हैं।

# समीक्षा बैठक में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, संगठन विस्तार पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गोल मार्केट स्थित पंडित छज्जूमल धर्मशाला में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रदीप नरवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया।



बैठक में प्रदीप नरवाल ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरुान अहमद को एक वर्ष का कार्यकाल पूरा करने पर बधाई देते हुए कहा कि बीते समय में संगठन ने कई चुनौतियों का सामना किया है और आगे भी मजबूती से संघर्ष करना होगा। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान अहमद ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां साझा करते हुए बताया कि इस दौरान 45 नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ा गया, दो दर्जन से अधिक संगठन सृजन अभियान चलाए गए, छह बड़े आंदोलन किए गए, 12 धरने-प्रदर्शन आयोजित हुए और कई जनसमस्याओं को लेकर आवाज उठाई गई। उन्होंने कहा कि संगठन को और विस्तार देने के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती भी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नेताओं ने उनके योगदान को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। बैठक में एससी-एसटी कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन व बाराबंकी से सांसद तनुज पुनिया, संगठन महासचिव अनिल यादव सहित अन्य पदा. धिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर नव नियुक्त पदाधिका. रियों का भी पटका पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# हाईवे बना स्टंट का मैदान, हापुड़ पुलिस ने काटा 7 हजार का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर चलती कार में खतरनाक स्टंट करने का मामला सामने आया है। कार सवार युवक चलती गाड़ी की छत पर बैठकर और खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंटबाजी करते नजर आए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आते ही यातायात पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। यातायात पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर वाहन की पहचान कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित कार का कुल 7,000 रुपये का चालान किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की लाप. रवाही न सिर्फ वाहन सवारों के लिए बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती है।



यातायात प्रभारी ने स्पष्ट किया कि हाईवे पर इस प्रकार के स्टंट पूरी तरह प्रतिबंधित हैं और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही हापुड़ पुलिस ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी स्थिति में अपनी या दूसरों की जान जोखिम में न डालें। यातायात प्रभारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई वाहन चालक नियमों की अनदेखी करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# एटीएम, बाजार और हाईवे पर पुलिस का पहरा, पिलखुवा में बढ़ी सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़/पिलखुवा।** शहर में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पिलखुवा पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक हापुड़ के निर्देश पर कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान के नेतृत्व में शहरभर में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एटीएम केंद्रों से लेकर नेशनल हाईवे तक पुलिस की पैनी नजर बनी रही। चेकिंग अभियान के तहत पुलिस टीमों ने शहर के विभिन्न बैंक एटीएम पर विशेष निगरानी रखी। एटीएम के अंदर और आसपास मौजूद संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की गई। साथ ही सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम और अग्निशमन उपकरणों की कार्यशीलता भी परखी गई। बैंक सुरक्षा में तैनात कर्मियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गति. विधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।

महिला सुरक्षा को लेकर भी पुलिस पूरी तरह सक्रिय दिखी। उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत एंटी रोमियो स्क्वॉड और महिला सुरक्षा दल ने बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और स्कूल-कॉलेजों के आसपास सघन चेकिंग की। मिशन शक्ति प्रभारी रेखा भदौरिया ने स्वयं टीम के साथ क्षेत्र में पहुंचकर छात्राओं और महिलाओं से संवाद किया और उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से सख्ती से पूछताछ भी की गई। इसी क्रम में कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान ने पुलिस बल



के साथ नेशनल हाईवे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। हर संदिग्ध वाहन और व्यक्ति की बारीकी से जांच की गई, जिससे स्पष्ट संदेश दिया गया कि कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। पुलिस की इस सतत कार्रवाई का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। जहां एक ओर अपराधियों में खौफ का माहौल है, वहीं आम नागरिकों, खासकर महिलाओं और बालिक. ाओं में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

# चेकिंग अभियान से धौलाना में हलचल, नियम तोड़ने वालों की बढ़ी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के लिए सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। धौलाना-गुलावठी रोड पर थाना परिसर के निकट चलाए गए इस अभियान में नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। अभियान का नेतृत्व ट्रैफिक प्रभारी सतीश कुमार ने किया। उनके साथ टीम में अभिषेक कुमार, समीम और दीपक कुमार मौजूद रहे। पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहनों को रोककर उनकी गहन तलाशी ली और वाहन चाल. कों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच की।



चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को रोककर उन्हें सख्त हिदायत दी गई और चेतावनी देकर छोड़ा गया। वहीं, जिन वाहनों में काली फिल्म लगी पाई गई या जिनके पास वैध काग. जात नहीं थे, उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती दिखाते हुए पुलिस ने कई चालान काटे, जिससे पूरे दिन क्षेत्र में हलचल बनी रही। पुलिस के अनुसार अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाना और आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। लगातार बढ़ते हादसों को देखते हुए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# दर्शना कॉलेज में थाना प्रभारी मनीष चौहान का जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** महिला सुरक्षा और जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी मनीष चौहान ने सोमवार को दर्शना कॉलेज पिलखुवा में पहुंचकर छात्राओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं को न केवल आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी मनीष चौहान ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि आज के समय में जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। उन्होंने छात्राओं को समझाया कि किसी भी प्रकार की असहज स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत सही कदम उठाना जरूरी है। उन्होंने हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस आपकी मदद के लिए हर समय तैयार है।

मनीष चौहान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, मिशन शक्ति का उद्देश्य केवल अभियान चलाना नहीं, बल्कि महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। हम चाहते हैं कि हर छात्रा अपने आपको सुरक्षित महसूस करे और किसी भी प्रकार की गलत हरकत या उत्पीड़न का डटकर सामना करे। यदि कोई व्यक्ति आपको परेशान करता है या संदिग्ध गतिविधि दिखाई देती है तो उसे नजरअंदाज न करें, तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने आगे कहा, पुलिस और समाज का रिश्ता विश्वास पर टिका होता है। हम लगातार स्कूलों और कॉलेजों में जाकर छात्राओं को जागरूक कर रहे हैं, ताकि वे अपने अधिकारों को समझें और जरूरत पड़ने पर निडर होकर अपनी बात रखें। इस दौरान पुलिस टीम ने छात्राओं को विभिन्न सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से बताया और उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क रहने के तरीके भी सिखाए। कॉलेज प्रशासन ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं के लिए बेहद उपयोगी साबित होते हैं और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने मिशन शक्ति अभियान की पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की।

# हर माह गूंजता वैदिक मंत्र, पिलखुवा में यज्ञ से शुद्ध हो रहा वातावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** भारतीय संस्कृति और वैदिक परंपराओं को सजीव रूप देते हुए भारत विकास परिषद (विकास रत्न शाखा) पिलखुवा द्वारा लाला प्रेमशंकर पंचायती गौशाला परिसर में मासिक यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। हर माह प्रथम सोमवार को आयोजित होने वाला यह यज्ञ अब धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान शाखा अध्यक्ष विशन दयाल गोयल ने कहा कि यज्ञ कर्म मनुष्य जीवन का सर्वोत्तम कार्य है और यही वेदों का मूल संदेश है। उन्होंने कहा कि यज्ञ से न केवल वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि नकारात्मक ऊर्जा का भी नाश होता है। हिंदू शास्त्रों में यज्ञ को विशेष स्थान प्राप्त है, जो व्यक्ति, समाज और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यज्ञ में परिषद के पर्यावरण संयोजक निशिकांत माहेश्वरी एवं उनकी धर्मपत्नी सुमन माहेश्वरी ने यजमान के रूप में विधि-विधान से आहुति दी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्य गौरव शास्त्री ने पूरे विधि-विधान के साथ यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया, जिससे पूरे परिसर में श्रद्धा और सकारात्मकता का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष अशोक कुमार कंसल, प्रांतीय उपाध्यक्ष सतीश गोयल, सचिव डा. सतीश वर्धन, वित्त सचिव आशीष सिंघल, महिला सहभागिता संयोजिका सीमा गर्ग सहित राधेश्याम गोयल, सुशील अग्रवाल, पवन मंगलिक, शीतल वर्धन और सरिता सिंघल समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और परिषद सदस्य मौजूद रहे।



## एक नजर

### नारी सुरक्षा पर फोकस, हापुड़ में एंटी रोमियो टीम का सघन अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत हापुड़ पुलिस लगातार सक्रिय नजर आ रही है। सोमवार को थाना हापुड़ नगर की एंटी रोमियो टीम ने शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों के बाहर सघन चेकिंग अभियान चलाया।

एंटी रोमियो टीम में शामिल महिला उपनिरीक्षक रजनी, महिला आरक्षी प्रियंका और महिला आरक्षी रूबी ने एसएसवी इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेज के आसपास आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की। इस दौरान अनावश्यक रूप से घूम रहे युवकों से पूछताछ कर उन्हें सख्त हिदायत दी गई कि वे किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि में शामिल न हों। अभियान के तहत बाजारों, भीड़-भाड़ वाले इलाकों, पार्कों और गांव-कस्बों में भी लगातार चेकिंग की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा और विश्वास का माहौल बनाना है, ताकि वे बिना किसी डर के अपने कार्य कर सकें। जो भी युवक बिना कारण घूमते हुए पाए जाते हैं, उनसे पूछताछ कर सख्त हिदायत दी जाती है। यदि कोई नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### दहेज लोभियों पर कार्रवाई, फरार सास-ससुर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में दहेज हत्या के एक मामले में बाबूगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नामजद हत्यारोपी सास-ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को उनके निवास स्थान से दबोचकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। ৳

थाना प्रभारी के अनुसार, मामले में बीएनएस की संबंधित धाराओं व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही दोनों आरोपी फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरेश कुमार पुत्र मंगू सिंह व उसकी पत्नी तारादेवी निवासी ग्राम गोहरा आलमगीरपुर थाना बाबूगढ़, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### सहायक निबंधक सोसायटी प्रयागराज के विरुद्ध सोसायटी निबंधक को सौंपा ज्ञापन

y[kuÅA कायस्थ पाठशाला प्रयागराज के चुनाव मेंअध्यक्ष पद पर डॉ सुशील सिन्हा को 18 मतों से विजई घोषित किया गया, जिसमें अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करते हुए, डॉ सुशील सिन्हा द्वारा कई अभूतपूर्व कल्याण कारी योजनाओं को मूर्तरूप दिया, इन्हीं तमाम योजनाओं को मूल रूप देने से पूर्व प्रबंधतंत्र व पराजित प्रबंधतंत्र द्वारा साजिशों एवं कुचक्र रचने का प्रयास किया गया, जिसके फलस्वरूप स्थानीय स्तर पर सहायक निबंधक प्रयागराज के यहां अवरोध उत्पन्न किए जाने लगा जिस क्रम सहायक निबंधक सोसायटी ने उक्त चुनाव को धारा 25 के अंतर्गत एस डी एम प्रयागराज को संदर्भित करते हुए, एक वर्ष तक उक्त प्रकरण अनिर्णीत रखा गया, तत्पश्चात पराजित प्रबंधतंत्र द्वारा अनुचित प्रलोभन देकर एस डी एम प्रयागराज द्वारा पुनर्मतगणना का निर्णय करवा दिया गया जिसके फलस्वरूप विजई अध्यक्ष डॉ सुशील सिन्हा को पराजित घोषित करते हुए। तत्कालीन सहायक निबंधक सोसायटी प्रयागराज ने पराजित अध्यक्ष चौधरी राघवेंद्र सिंह के पक्ष में निर्गत कर दिया गया।इसी संदर्भ में विगत दिनों कायस्थ पाठशाला के न्यासधारी प्रयागराज के सहायक निबंधक सोसायटी को अपना विरोध ज्ञापन दे चुके, है उसी संदर्भ मेंआज लखनऊ में विकासदीप स्थित निबंधक उत्तर प्रदेश सोसायटी एवं चिटफंड को एक ज्ञापन कायस्थ पाठशाला लखनऊ के नि मेंबर इंचार्ज आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिनमें प्रवक्ता शेखर कुमार, सलाहक. ार अरुण श्रीवास्तव पूर्व प्रभारी प्रशासन एस की श्रीवास्तव, अभाकम प्रदेश अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव, नरेश प्रधान नि मीडिया प्रभारी, शारदा प्रसाद श्रीवास्तव, अजय दीप श्रीवास्तव, विकास सक्सेना, आर्किटेक्ट सुनील श्रीवास्तव सहित अन्य न्यासधारीयो की उपस्थित में ज्ञापन प्रेषित किया।

# bl I Q dk çfrfuèkeMy jktukFk Çlg I feyk

y[kuÅA इप्सेफ का 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल नई दिल्ली में भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर भेंट कर देश भर के कर्मचारियों की समस्याओं का ज्ञापन दिया। रक्षामंत्री ने आश्वा. सन दिया कि कर्मचारी/शिक्षकों की समस्याओं का समाधान बहुत जल्द हो जायेगा। उन्होंने बताया कि वे भी शिक्षक रहे है।

कर्मचारियों/शिक्षकों की पीड़ा को भली-भांति समझते है। इण्डियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाईज फेडरेशन (इप्सेफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी0पी0 मिश्र के नेतृत्व में राजनाथ सिंह रक्षामंत्री भारत सरकार से नई दिल्ली में उनके आवास पर मिल कर देश भर के कर्मचारियों की मांगों पर चर्चा की और आग्रह किया कि मांगों पर तत्काल सार्थक निर्णय कराकर कर्मचारियों के आक्रोश को दूर कराये। प्रतिनिधिमण्डल में वी0पी0 मिश्र राष्ट्रीय अध्यक्ष, वरि0 उपाध्यक्ष एस0बी0 सिंह, महासचिव प्रेमचन्द्र, उपमहासचि. चव अतुल मिश्रा, सचिव शाह फैजल एवं उपाध्यक्ष सुरेश रावत आदि शामिल थे। रक्षामंत्री ने उपरोक्त मांगों पर सहमति व्यक्त करते हुए कर्मचारियों के हित में निर्णय कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे भी शिक्षक रहे है। इसलिए उपरोक्त पर न्याय किया जायेगा।

# विकसित भारत के संकल्प के साथ मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस सोमवार को जिला कार्यालय पर उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कविता माधरे ने की, जिसमें पार्टी पदाधिक. ारियों और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवाद, विकास और जनसेवा के संकल्प को नई ऊर्जा के साथ दोहराया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी सतपाल सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, विधायक हरेंद्र तेवतिया, पूर्व मंत्री मदन चौहान, पूर्व विधायक बिजेंद्र, रामनरेश रावत, कमल मलिक, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय त्यागी, सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता, अशोक बबली,



सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व सदस्य मनोज बाल्मिकी और पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक पाल सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने भाजपा के 47 वर्षों के गौरवशाली सफर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापित हुई पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है। जिला अध्यक्ष कविता माधरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करते हुए देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानती है। उन्होंने आगामी चुनावों को देखते हुए संगठन को और मजबूत बनाने और पूरे समर्पण के साथ कार्य करने का आहवान किया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के संस्थापक सदस्यों और पूर्व नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संच. ालन जिला महामंत्री श्यामेन्द्र त्यागी ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री राहुल उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष राजसुंदर तेवतिया, पुनीत गोयल, राजीव सिरोही, पायल गुप्ता, जयभगवान शर्मा, जिला मंत्री अमित शर्मा, नवीन तोमर, हितेश मोदी, सन्नी तोमर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिक. ारी मौजूद रहे।

# संस्कृति स्पार्क 2026 का अनेक प्रतियोगिताओं के साथ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय स्पार्क 2026 का रंगारंग शुभारंभ हुआ। विवि का यह वार्षिक आयोजन एक ऐसा मौका है जिसमें विद्यार्थियों के अंदर छिपी हुई प्रतिभाएं विभिन्न प्रतियोगिताओं के माधयम से निखरकर बाहर आती हैं। विद्यार्थियों को अपनी-अपनी रुचि के अनुरूप अपने विशिष्ठ हुनर, नवोन्मेष, युवाओं के अनौखे आइडियाज को प्रदर्शित करने का का मौका मिलता है।



तीन दिवसीय स्पार्क 2026 का शुभारंभ संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने फीता काटकर किया। शुभारंभ की घोषणा करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यह मौका है जब आप अपने रुचि के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन सार्वजनिक रूप से कर सकते हैं। आप इन प्रतियोगिताओं के माधयम से इंजाय करिए और अपने हुनर से सबको प्रभावित करिए। विश्वविद्यालय आपके हुनर, इना. ेवेशन और अनौखे विचारों को पंख देने के लिए तैयार है। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो. ने विद्यार्थियों को पूरे-जोश और लगन के साथ इन प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। स्पार्क 2026 के उद्घाटन के अवसर विवि की सीईओ डा.श्रीमती मीनाक्षी शर्मा और प्रति कुलपति प्रो.रघुराम भट्ट भी मौजूद रहे। विवि के इस अधिकारियों के दल ने विवि के विभिन्न परिसरों में चल रहीं प्रतियोगिताओं का भी निरीक्षण किया। उद्घाटन सत्र का संचालन संस्कृति एचएम विभाग की असिस्टेंट प्रो. शुभांगी सक्सैना ने किया। आज होने वाली प्रतियोगिताओं में डांस प्रितयोगिता, कोलाज मेकिंग कंपटीशन, शार्ट मूवी कंपटीशन-आई एस ए डाइरेक्टर, रील मेकिंग कंपटीशन, रंग दे रंगोली प्रतियोगिता हुईं। विवि के सभागार में हुई नृत्य प्रतियोगिता में सर्वाधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें एकल नृत्य, युगल नृत्य और समूह नृत्य की प्रतियोगिताएं हुईं। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गीतों पर दिल छू लेने वाले नृत्य प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का शुभारंभ विवि की सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने किया। कार्यक्रम की कोर्डिनेटर शुभ्रा पांडे ने बताया कि भारत की विभिन्न संस्कृतियों की छाप छोड़ने वाले नृत्य प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने अपनी नृत्य क्षमता का प्रदर्शन किया। नृत्य प्रतियोगिताओं में कुल 42 प्रस्तुतियां हुईं। कुल 24 एकल प्रस्तुतियां हुईं, जिनमें प्रतिभागियों ने लावणी, पहाड़ी, राजस्थानी द्धघूमरऋ, बालीवुड, के-पाप, ब्रेक डांस और पश्चिमी शैलियों सहित विभिन्न नृत्य विधाओं का प्रदर्शन किया। ''हमारी अधूरी कहानी'', ''रोजी'' और अन्य गीतों पर प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ब्रजबाला और मुस्कान जैसी छात्राओं ने अपनी भावपूर्ण और ऊर्जावान प्रस्तुतियों से सबका धयान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में आठ समूह प्रस्तुतियां भी शामिल थीं, जिनमें ''कृष्ण मुकुंद'' पर दक्षिण भारतीय नृत्य, ''कल्कि अवतार'' पर पौराणिक प्रस्तुति, हरियाणवी फ्यूजन, योग आधारित नृत्य और ''नैना'' जैसे बालीवुड गीतों जैसे विषयों को दर्शाया गया। इन प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट समन्वय और रचनात्मक कहानी कहने का कौशल झलका। इसके अतिरिक्त ''कांटा लगा'' और ''हमें तो लूट लिया'' जैसे लोकप्रिय गीतों पर प्रस्तुत दस युगल प्रस्तुतियों ने बालीवुड, साल्सा, फ्रीस्टाइल, ब्रेक डांस और पंजाबी नृत्य जैसी शैलियों के साथ कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

# गहने ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नकली नोटों की गड्डी दिखाकर महिलाओं को ठगने वाले गिरोह का सोमवार को पुलिस ने पर्दाफाश किया। भंगेल गांव के पास से गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से दो नकली गड्डियां और 2500 रुपये नकद बरामद किए गए। दोनों आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में क्षेत्र में आए थे, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए।डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि थाना फेज-2 पुलिस की टीम रविवार को क्षेत्र में गश्त कर रही थी।

इसी दौरान एक व्यक्ति ने सूचना दी कि दो संदिग्ध युवक नोटों की गड्डी लेकर घूम रहे हैं और लोगों से मदद मांग रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जहां दो युवक संदिग्ध हालत में नजर आए। पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया। दोनों की पहचान दिल्ली के प्रेम नगर निवासी विशाल उर्फ नन्हे और गाजियाबाद के लोनी स्थित सभापुर गांव निवासी करन सोलंकी के रूप में हुई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे कागज की गड्डी के ऊपर और नीचे 500-500 रुपये के असली नोट लगाकर नकली गड्डी तैयार करते थे। पहली नजर में यह गड्डी पूरी तरह असली प्रतीत होती थी। आरोपी भीड़भाड़ वाले इलाकों जैसे बाजार, मंदिर या सार्वजनिक स्थलों के आसपास घूमते थे और वहां अकेली या बुजुर्ग



महिलाओं को निशाना बनाते थे। वे पहले मदद मांगने के बहाने बातचीत शुरू करने के बाद उन्हें नोटों की गड्डी दिखाकर लालच देते थे। इसके बाद चालाकी से महिलाओं को विश्वास में लेकर उनके गहने उतरवा लेते और मौके से फरार हो जाते थे। बाद में ये गहने स्थानीय ज्वैलर्स या अन्य लोगों को बेचकर पैसे कमा लेते थे और आपस में बांट लेते थे। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। साथ ही उनके अन्य साथियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपियों ने पहले किन-किन जगहों पर वारदात की है। आरोपी कभी कभी फकीर और साधु का भेष धारण करके भी ठगी कर लेते थे।

**दिल्ली एनसीआर में वारदात करते थे**

15 जनवरी 2026 को सेक्टर-58 में एक बुजुर्ग महिला से मंदिर के बाहर इसी तरह नकली गड्डी दिखाकर करीब 2 लाख रुपये के गहने ठग लिए गए थे।

28 नवंबर 2025 को ग्रेटर नोएडा के कासना क्षेत्र में दो युवकों ने महिला को मदद के बहाने रोका और नकली नोट दिखाकर सोने की चेन और अंगूठी लेकर फरार हो गए।

10 अगस्त 2025 को गाजियाबाद को इंदिरापुरम में बाजार में खरीदारी कर रही महिला को निशाना बनाकर ठगों ने करीब 1.5 लाख रुपये के आभूषण ठग लिए थे।

22 मार्च 2025 को दिल्ली के रोहिणी में मंदिर के पास बुजुर्ग महिला को झांसा देकर नकली गड्डी के बदले उसके गहने उतरवा लिए गए थे। इन घटनाओं से साफ है कि ऐसा गिरोह लंबे समय से सक्रिय है और अलग-अलग इलाकों में वारदात को अंजाम देता रहा है।

**ठगी से ऐसे बचें**

किसी अनजान व्यक्ति की बातों में आकर लालच में न आएं। अगर कोई अचानक नोटों की गड्डी दिखाए, तो तुरंत सतर्क हो जाएं। सार्वजनिक स्थानों पर अपने गहनों और सामान की सुरक्षा का ध्यान रखें।किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। अकेले होने पर अनजान लोगों से दूरी बनाए रखें।अगर कोई मदद के नाम पर ज्यादा बातचीत करे, तो सावधान हो जाएं।

**बुजुर्ग जागरूक रहें:** पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे इस तरह के झांसे में न आएं और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत नजदीकी थाने को दें। साथ ही, विशेष रूप से बुजुर्ग लोगों को जागरूक करने की जरूरत है, ताकि वे ऐसे गिरोहों के शिकार न बनें। पुलिस ऐसे गिरोहों पर लगातार नजर बनाए हुए है, लेकिन आम जनता की सतर्कता ही इस तरह की ठगी को रोकने में सबसे बड़ी भूमिका निभा सकती है।

# सनवर्ल्ड बिल्डर ने खरीदारों के साथ धोखाधड़ी की: ईडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना सिटी के सेक्टर-22डी स्थित सनवर्ल्ड सिटी परियोजना मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी स्थिति (स्टेटस) रिपोर्ट दिल्ली हाईकोर्ट में प्रस्तुत की है। ईडी के अनुसार, बिल्डर ने फ्लैट और भूखंड खरीदने वालों के साथ धोखाधड़ी की। परियोजना में कोई निर्माण कार्य भी अबतक नहीं किया गया।दिल्ली हाईकोर्ट ने आठ जनवरी 2026 को ईडी को अपनी स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। ईडी ने अदालत को मार्च के तीसरे हफ्ते में रिपोर्ट सौंपी। ईडी ने बताया कि प्रारंभिक जांच की गई है। सनवर्ल्ड सिटी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य लोगों के खिलाफ वर्ष 2018 से 2021 के बीच चार मुकदमे दर्ज हुए थे।

इन्हीं मुकदमों के आधार पर ईडी ने चार नवंबर 2025 को धनशोधन का केस दर्ज किया। सनवर्ल्ड सिटी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य लोगों ने धोखाधड़ी और साजिश के जरिए रुपये कमाए और




उस रुपये का मनी लॉन्ड्रिंग में इस्तेमाल किया। हालांकि, ईडी ने अदालत को बताया कि यह सिर्फ स्टेटस रिपोर्ट है। अभी अंतिम निर्णय नहीं हो सका है। दूसरी ओर, खरीदार और याचिकाकर्ता पुनीत अग्रवाल ने बताया कि बिल्डर को जिस समय भूमि आवंटित की गई थी, उस समय का रेट 4500 वर्गमीटर था, जबकि आज के समय में नोएडा, ग्रेनो या यमुना सिटी में 12 से 15 हजार वर्गमीटर की दर से कम में फ्लैट नहीं मिलेंगे। ऐसे में नई दरों के अनुसार खरीदारों को लाभ मिलना चाहिए। ईडी ने केस दर्ज कर यह साबित भी कर दिया है कि बिल्डर ने काफी झोल किया हुआ है। मामले में यीडा को भी बिल्डर के खिलाफ सख्त कदम उठाना चाहिए।

**2011 से अबतक कोई निर्माण नहीं:** परियोजना के खरीदार एवं याचिकाकर्ता पुनीत अग्रवाल ने बताया कि यीडा ने वर्ष 2011 में सनवर्ल्ड सिटी बिल्डर को लगभग 102 एकड़ जमीन टाउनशिप परियोजना के लिए दी थी, लेकिन यहां बिल्डर ने कोई निर्माण नहीं किया। याचिकाकर्ता के अनुसार, परियोजना में 930 लोगों ने फ्लैट और भूखंड बुक कराए थे। इनमें से 59 खरीदार अदालत चले गए। इन खरीदारों के करीब पांच करोड़ रुपये फंसे हुए हैं। बताया जा रहा है कि बिल्डर पूर्व में मूलधन दे चुका है, लेकिन खरीदार ब्याज की रकम के लिए संघर्ष कर रहे। खरीदारों का यह मामला एनसीडीआरसी में भी चल रहा है।

# खेत में फसल देखने गए किसान को मारी गोली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अड्डा फतेहपुर गांव के एक व्यक्ति को खेत पर काम करते समय गोली मारने का मामला सामने है। घटना में घायल को इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित स्वजन ने गांव के ही युवक पर रंजिशन गोली मारने का आरोप लगाया है।

मिली जानकारी अनुसार, अट्टा फतेहपुर गांव के रहने वाले कासिम ( 60 वर्ष ) सोमवार को अपने खेत पर गए हुए थे। गेहूं की फसल पक कर तैयार खड़ी है, जिसकी कटाई शुरू होनी थी। जब वह अपने खेत पर टहल रहे थे, इसी दौरान एक आरोपित वहां पहुंचा । कुछ देर तक उससे तीखी नोकझोंक हुई जिसके बाद आरोपित ने गोली चला दी। गोली पीड़ित की नाक के नीचे लगी जो गर्दन के ऊपरी हिस्से में फंस गई है। गोली लगने के बाद वह अचेत होकर वहीं गिर गए और आरोपित मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित स्वजन मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल ले जाया गया।

**मामले में पुलिस को नहीं मिली शिकायत:** अस्पताल में घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है। पीड़ित स्वजन द्वारा गांव के ही एक आरोपित पर रंजिशन गोली मारने का आरोप लगाया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि पुलिस घटना स्थल पर मौजूद है और सबूत एकत्र कर रही है। शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पानी की टंकी से गिरकर युवती की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के दौला रजपुरा गांव में एक युवती की पानी की टंकी से गिरकर मौत हो गई। घटना मंगलवार को हुई, जब 25 वर्षीय रानी खेत में काम कर रही थी और पानी लेने के लिए टंकी के पास गई थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रानी पानी की टंकी पर चढ़कर ऊपर देखने और घूमने के इरादे से सीढ़ियों पर चढ़ने लगी। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया। वह करीब 20 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने उसे संभालने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही देर में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह पानी की टंकी गांव में पानी की आपूर्ति के लिए बनवाई गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि टंकी के आसपास सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं, जिससे ऐसे हादसों की आशंका बनी रहती है।

मृतका के पिता का नाम सलीम है। बताया जाता है कि रानी अविवाहित थी। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया है, जिसके चलते पुलिस द्वारा आगे की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# पुलिस ने 78 परिवार टूटने से बचाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस की पारिवारिक विवादों को सुलझाने के लिए चलाई जा रही पहल रंग ला रही है। जिला पुलिस ने फैमिली डिस्प्यूट रेजोल्यूशन क्लीनिक (एफडीआरसी) के जरिये एक अक्तूबर 2025 से 31 मार्च 2026 तक 78 परिवारों को बिखरने से बचाया।अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) राजीव नारायण मिश्र और पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा) के निर्देशन में एफडीआरसी, महिला सहायता प्रकोष्ठ, पिंक बूथ और विभिन्न परामर्श केंद्रों के माध्यम से इन मामलों में मध्यस्थता कराई गई। विशेषज्ञों की मदद से दोनों पक्षों को सुनकर संतुलित समाधान निकाला गया, जिससे आपसी मतभेद खत्म हुए और परिवार फिर से एक साथ आ सके।

कमिश्नरेट में संचालित एफडीआरसी का उद्देश्य वैवाहिक और पारिवारिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान करना है। यहां विशेषज्ञों की टीम मानसिक, भावनात्मक और व्यवहारिक समस्याओं को समझते हुए लोगों को सही मार्गदर्शन देती है। घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और अन्य सामाजिक मुद्दों से जुड़े मामलों में भी यह केंद्र प्रभावी भूमिका निभा रहा है। पुलिस की ओर से दो ऐसे मामले साझा किए गए हैं जो



एफडीआरसी जैसी पहल यह साबित करती हैं कि पुलिस सिर्फ अपराध रोकने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को जोड़ने और मजबूत बनाने में भी अहम भूमिका निभा रही है। पुलिस की पहल से 78 परिवार टूटने से बच गए।

**लक्ष्मी सिंह, पुलिस आयुक्त**

काउंसिलिंग के बाद दोबारा एक हो गए।

**केंद्र पर इस तरह की जाती है मदद:** एफडीआरसी के तहत सेक्टर-108, नॉलेज पार्क, बिसरख, महिला थाना और महिला सहायता प्रकोष्ठ में लगातार काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा समय-समय पर जागरुकता कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं, ताकि लोग छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद बढ़ाने के बजाय बातचीत से हल निकाल सकें। एफडीआरसी मॉडल न केवल विवादों को सुलझाने में मदद कर रहा है, बल्कि लोगों को भावनात्मक सहारा भी दे रहा है।

**मूक-बधिर दंपत्ति का विवाद सुलझा:** पहला मामला एक मूक-बधिर दंपत्ति का था। दंपत्ति के बीच 2019 से विवाद चल रहा था। घरेलू हिंसा और दहेज के आरोपों के चलते मामला गंभीर हो गया था। एफडीआरसी ने इस मामले को शारदा विश्वविद्यालय की विशेषज्ञों की टीम को भेजा, जहां सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ की मदद से पांच चरणों में काउंसलिंग की गई। जांच में सामने आया कि विवाद का मुख्य कारण आर्थिक तनाव और बेरोजगारी था। लगातार संवाद और समझाने के बाद दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद खत्म कर लिया और परिवार दोबारा एकजुट हो गया।

**काउंसिलिंग के बाद रिश्ते सुधरे:** दूसरा मामला नॉलेज पार्क स्थित एफडीआरसी में आया, जहां एक दंपत्ति के बीच छोटी-सी बात को लेकर शुरू हुआ विवाद गंभीर रूप ले चुका था। परिवार के हस्तक्षेप से स्थिति और बिगड़ गई थी। इस मामले में चार चरणों की काउंसलिंग कराई गई, जिसमें संवाद और समझ को फिर से स्थापित किया गया। अंततः दोनों ने साथ रहने का निर्णय लिया और पारिवारिक संतुलन बनाए रखने पर सहमति बनी।

## एक नजर

### एनईए अध्यक्ष की पत्नी के प्लॉट पर फर्जीवाड़े से कब्जा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन की पत्नी अनु मल्हन ने सेक्टर 61 में 162 मीटर का प्लॉट प्राधिकरण से लिया था। प्राधिकरण ने कन्वर्शन स्कीम के तहत 162 मीटर प्लॉट के बजाय सेक्टर 43 में 450 वर्ग मीटर का प्लॉट दे दिया था, लेकिन न्यायालय में अपील करने पर प्राधिकरण ने सेक्टर 61 में ही भूखंड बहाल कर दिया था। फरवरी 2024 में पता चला कि भूखंड पर कुछ लोग निर्माण कार्य करा रहे हैं। प्राधिकरण से शिकायत करने पर पता चला कि मेरठ खरखोदा के विजोली गांव की मीनू ने अनु के नाम से अपने हक में कूटरचित पावर ऑफ अटार्नी करा ली है। गवाह के तौर पर राजपाल और रोहन के हस्ताक्षर हैं। मीनू फर्जी तरीके से प्राधिकरण से अनुमति कराकर निर्माण कार्य कर रही है। पीड़िता का मीनू से कोई जानकारी है और न ही कोई उकसे हक में दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं। पीड़िता ने सेक्टर 58 थाने में मीनू, राजपाल, रोहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### अनियमितताओं के खिलाफ 20 अप्रैल को आंदोलन करेंगे किसान

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा पावर कंपनी के तानाशाह रवैये और अनियमितताओं के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन बलराज के पदाधिकारी 20 अप्रैल को आंदोलन करेंगे। इसको लेकर पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन दिया। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय महासचिव विपिन खारी का कहना है कि एनपीसीएल ने गौतमबुद्ध नगर के निवासियों के साथ खुली लूट मचा रखी है। नए विद्युत कनेक्शन के नाम पर उपभोक्ताओं से 25 हजार रुपये तक लिए जाते हैं। जिसमें दूरी बढ़ने पर 70 वर्ग फुट के हिसाब से वसूल किए जाते हैं। उसके बाद एनपीसीएल अनाप-शनाप बिल भेजती है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी शौकत अली चेची ने कहा कि एनपीसीएल प्राइवेट कंपनी का तानाशाही रवैया उपभोक्ताओं का शोषण कर रहा है। बिजली यूनिट चार्ज को चार जोनों में बांट कर लूट मचाई हुई है। बिजली उपभोक्ताओं से करीब 8 गुना तक रकम वसूली जा रही है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश वैष्णव ने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर 20 अप्रैल को नॉलेज पार्क स्थित एनपीसीएल दफ्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

### यमुना एक्सप्रेसवे पर क्लीनर की मौत

**यमुना सिटी( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए एक सड़क हादसे में हाईवा के क्लीनर की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने साइड में खड़े पंक्चर हाईवा को टक्कर मार दी थी, जिससे क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया था। सोमवार को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। यह घटना यमुना एक्सप्रेसवे पर जीरो प्वाइंट से 18 किलोमीटर दूर एटीएस के सामने रविवार को हुई। हाईवा का क्लीनर जकरू पंक्चर टायर बदल रहा था, तभी जेवर की तरफ से आए एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने हाईवा में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

# वाहन चोरी करने वाले गिरोह का शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-58 थाना पुलिस ने रविवार देर रात चेकिंग के दौरान वाहन चोरी करने वाले गिरोह के एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके पास से 20 हजार रुपये, गाजियाबाद से चोरी की गई स्कूटी और उपकरण बरामद किए गए। पुलिस आरोपी के दो साथियों की तलाश कर रही है।पुलिस ने बताया कि रविवार रात करीब 10.30 बजे टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। सेक्टर-57 में अग्रवाल तिराहे पास एक स्कूटी सवार संदिग्ध सेक्टर-58 स्थित जुबिलेंट पार्क के पास खड़ा दिखाई दिया। टीम ने पकड़ने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। टीम ने पीछा कर उसे दबोचा। आरोपी की पहचान जिला बुलंदशहर के सलेमपुर गांव निवासी राहुल उर्फ अतुल उर्फ मोनू के रूप में हुई।



वर्तमान में वह बादलपुर थाना क्षेत्र छपरौला गांव में रह रहा है। भागने का कारण पूछने पर आरोपी ने बताया कि स्कूटी चोरी की है। जांच करने पर पता चला कि स्कूटी को गाजियाबाद के कौशांबी थाना क्षेत्र से कुछ माह पूर्व चोरी की थी। इस संबंध में कौशांबी थाने में मुकदमा भी दर्ज है। स्कूटी की डिग्गी से तीन गाड़ियों की नंबर प्लेट, एक चाबी, दो बोल्ट खोलने वाली चाबी, दो पेचकस और एक प्लास और रुमाल में बंधे हुए 20 हजार रुपये बरामद हुए।

सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह पिकअप और अन्य बड़ी गाड़ियों को चोरी करता है। चोरी की गई गाड़ियों को यहां से ले जाकर राजस्थान के जिला भरतपुर निवासी आरिफ को बेच देता है। आरिफ यहां से वाहनों को ले जाता है और आगे अजहर के माध्यम से बेच देता है।

वाहन बेचते समय वह नंबर प्लेट निकलवा लेते हैं। पूछताछ में यह भी पता चला कि कुछ दिनों पहले सेक्टर-62, सेक्टर-59 और सेक्टर-57 से चोरी किए गए आयसर कैंटर को उन्होंने ही चोरी किया था, जिसे आरिफ लेकर चला गया। पिछले माह सेक्टर-22 से एक पिकअप गाड़ी चोरी की थी, जिसे एक अन्य साथी अजहर लेकर चला गया। चोरी की वारदातों में वह वाहनों के लॉक तोड़ने और सेल्फ वायर जोड़कर गाड़ी स्टार्ट करके ले जाते हैं। आरोपी के खिलाफ गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में कुल 18 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब फरार चल रहे दो साथियों को तलाश रही है।

# फर्जी जमानत देने वाले दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अदालत में एक नशा तस्कर की जमानत के लिए फर्जी कागज लगाने का मामला सामने आया है। सत्यापन किए जाने पर दोनों जमानती के कागज फर्जी पाए गए। न्यायालय के लिपिक ने दोनों जमानती के खिलाफ सूरजपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक न्यायालय के लिपिक योगेंद्र कुमार की शिकायत पर आरोपी रामशरण और राजकुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। लिपिक के मुताबिक नोएडा थाना फेस 2 में नशा तस्करी के आरोप में पकड़े गए तस्कर विनोद कुमार की जमानत के लिए आए दोनों जमानतियों के कागजों का सत्यापन किया गया।

इसके लिए बुलंदशहर के जहांगीराबाद थाने में संपर्क किया। इसी थाने से दोनों जमानत के कागजों का सत्यापन हुआ था। थाने से पूछताछ में पता चला कि उनके यहां से रामशरण और राजकुमार नाम के किसी व्यक्ति का सत्यापन नहीं किया गया। थाने के दरोगा के फर्जी हस्ताक्षर और मोहर लगाकर सत्यापन कर धोखाधड़ी की गई। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि न्यायालय के लिपिक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# युवक को पीटने के बाद करंट लगाकर बेहोश किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र की छिजारसी स्थित जेजे कॉलोनी में तीन माह पूर्व एक युवक को पांच युवकों ने रंजिशन बेहरमी से पीटा। यही नहीं आरोपियों ने करंट लगाकर बेहोश कर दिया। युवक के पिता ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है।छिजारसी स्थित जेजे कॉलोनी निवासी प्रहलाद सिंह ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 27 दिसंबर 2025 को पुत्र दीपक काम करने के लिए श्रमिक चौक गया था। वहां काम नहीं मिला तो वापस घर आने लगा। रास्ते में उसे राहुल, कांता, विकास और दो अज्ञात लोगों ने रोक लिया। आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की नियत से बिजली के करंट लगाए। इसके बाद दीपक बेहोश हो गया। दीपक को आरोपी मरा समझकर झाड़ियों में फेंककर भाग गए। राह चलते लोगों ने दीपक को जिला अस्पताल पहुंचाया। होश में आने पर दीपक ने आपबीती परिजन को बताई। इसके बाद दीपक को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि दीपक का अभी भी उपचार जारी है। आरोप है कि पीड़ित पक्ष द्वारा उसी दिन थाने पर सूचना दी गई थी, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई। उच्चाधिकारियों के स्तर से भी कोई सुनवाई न होने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। पुलिस का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर तीन नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## छोटे सिलिंडर के लिए भी लग रही कतार

**नोएडा।** कालाबाजारी का शिकार और कनेक्शन नहीं होने वाले लोगों के लिए पांच किलो वाले सिलिंडर बाजार में लाए तो गए लेकिन उनकी सप्लाई से जुड़ी परेशानी शुरू हो गई है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि घंटों लाइन में खड़े रखने के बाद अगले दिन आने की बात कहकर लौटा दिया जा रहा है। छोटै सिलिंडर के लिए भी अब प्रतीक्षा की अवधि दी जा रही है। पांच किलो वाला गैस सिलिंडर अब आसानी से उपलब्ध नहीं हो रहा है। घरेलू से ज्यादा लंबी कतार अब पांच किलो वाले सिलिंडर के लिए लगने लगी है। सेक्टर 23, 22, सर्फाबाद, सेक्टर 52, 62, 58, 63, 45, 3 स्थित एजेंसी पर लाइन लगी। लाइन में खड़े-खड़े लोग परेशान हो गए लेकिन नंबर नहीं आ सका।

# नोएडा के विकास के लिए 10 हजार 274 करोड़ मंजूर

**स्पोर्टस सिटी को मिली ग्रीन सिग्नल, एयरपोर्ट के लिए 600 करोड़**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने विकास के लिए 10274 करोड़ रुपये का बजट पास किया। स्पोर्ट्स सिटी सेक्टर-78, 79, 150, 152 में सभी प्लाट पर नक्शों पर लगी रोक हटा दी गई। इससे 40 हजार से ज्यादा बायर्स को फायदा होगा। हालांकि नक्शे कंडिशनल अप्रूव किए जाएंगे। यानी उनको कुल बकाया के कुछ हिस्सा प्राधिकरण में जमा करना होगा।

न्यू नोएडा का मुआवजा दर



यमुना विकास प्राधिकरण के किसानों को दिए जा रहे मुआवजा की तर्ज पर किया गया है। ये फाइल अब शासन को भेजी जाएगी। इसके अलावा 19 पूरक और करीब 28 अनुपूरक प्रस्तावों को शामिल किया गया। जिसमें से अधिकांश पर मुहर लगी। बैठक की अध्यक्षता आईडीसी चेयरमैन दीपक कुमार ने की। सेक्टर-95 दलित प्रेरणा स्थल को 92 करोड़ रुपये से संवारा जाएगा। आग से बचाव के लिए रोबोट समेत उपकरण खरीदने को एक सौ 54 करोड़ रुपये का बजट मिला। जिसमें 102 मीटर की दो हाइड्रोलिक प्लेटफार्म को शामिल किया गया है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 715 करोड़ 68 लाख रुपये का बजट भी स्वीकृत हुआ। ये बजट फेज-2 के लिए है। जिसकी किस्त 1500 करोड़ के आसपास है। इसमें से 600 करोड़ रुपए पहले ही अलग-अलग किस्तों में जा चुके है। निर्माण निगम की तरफ से 30 और 17 करोड़ रुपये के प्रस्ताव दिए गए हैं। धनराशि निगम को दिए जाने की मंजूरी प्राधिकरण बोर्ड से लेगा। आवंटन दरों पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। यानि इस बार आवंटन दरों पर बढ़ोतरी अभी नहीं की गई है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# किसानों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को कलक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला, जहां किसान मजदूर संगठन के बैनर तले किसानों ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया।



सोमवार को किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने दर्जनों किसानों के साथ कलक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी की और सीढ़ियों पर धरना देकर बैठ गए। धरने को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष श्यामपाल सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा अन्य प्रदेशों का गेहूं खरीद बंद करने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि जिन क्षेत्रों में गेहूं की बुआई अधिक है, वहां गांव स्तर पर क्रय केंद्र खोले जाएं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटरों से शहरी और ग्रामीण दोनों उपभोक्ता परेशान हैं, इसलिए इन्हें बंद किया जाए। साथ ही चीनी मिलों पर बकाया गन्ना भुगतान जल्द कराया जाए और किसानों के खेतों में फुंके ट्रांसफार्मर बदले जाएं। किसानों ने प्राइवेट स्कूलों की ड्रेस और किताबों में मनमानी रोकने, 32 गांवों पर वन विभाग के दावे को निरस्त करने, एनएचएआई से जुड़ी समस्याओं के समाधान, ऊन स्थित एथनॉल प्लांट से प्रदूषित पानी की जांच और एलपीजी गैस से संबंधित समस्याओं के समाधान की भी मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एडीएम सत्येंद्र सिंह को सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ठाकुर लाखन सिंह, शहजाद पुंडीर, लो. केश राणा, जगेश्वर, नरेश तोमर आदि मौजूद रहे।

# याहियापुर चौपाल में सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** जनपद शामली के विकासखंड ऊन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत याहियापुर में सोमवार को पंचायत भवन पर ग्राम चौपाल कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। चौपाल का मुख्य उद्देश्य गांव स्तर पर ही जन समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना रहा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्ल ॉक प्रमुख चौधरी रामपाल सिंह रहे, जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिब) है और ग्राम चौपाल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने बिजली



आपूर्ति में अनियमितता, पेयजल संकट, टूटी सड़कों, आवास योजना, वृ द्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड एवं स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न समस्याएं उठाईं। अधिक. ारियों ने कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया, जबकि शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।

इस अवसर पर एडीओ आईएसबी ऊन राजीव ने ग्रामीणों को मुख्यमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड, आजीविका मिशन सहित अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मो. निका तोमर, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अर्पण मलिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा, सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम विकास अधिकारी अर्पण मलिक ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को बिना झिझक सामने रखें, ताकि उनका त्वरित और प्रभावी समाधान किया जा सके। ग्राम चौपाल कार्यक्रम के सफल आयोजन से ग्रामीणों में संतोष और उत्साह का माहौल देखने को मिला।इस मौके पर ताहिर हसन,इरफान चौधरी,बबलू,मनोज, रामपाल कोरी,चांदराम, आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## मंगलौरा के जंगल से हजारों की मोटर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** यमुना खादर के गांव मंगलौरा मे बदमाशों ने दो किसानों के खेतो को निशाना बनाते हुए मोटरो को चोरी कर लिया। पीडित किसानों का दावा है कि चोरी से तीस हजार का नुकसान हुआ है। पीडितो ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव मंगलौरा मे बीतीरात्रि खेतो मे जमकर उत्पाद मचाया। बदमाशों ने राजकुमार व राममेहर के खेतो को निशाना बनाया और टयूबवैलो पर रखी कीमती मोटरो को चोरी कर लिया। जिससे किसानों को तीस हजार का नुकसान हुआ है।

किसानो का कहना है कि अब उतने ही पैसे से नई मोटरो को खरीदना मुश्किल होगा। सोमवार की सुबह पीडितो को चोरी का पता लगा। इसके बाद पीडितो ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# वीवीपीजी में रोवर्स रेंजर्स शिविर का हुआ शुभारंभ

**शामली।** शहर के वीवी पीजी कॉलेज में युवाओं के व्यक्तित्व विकास और अनुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स शिविर का शुभारंभ हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर डॉ. नीना छोकरा ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए शिविर से अधिकतम लाभ उठाने का आहवान किया। वहीं कुणाल सिंह ने कहा कि एक अनुशासित नागरिक ही महान राष्ट्र का निर्माण करता है और रोवर्स-रेंजर्स शिविर युवाओं को बेहतर नागरिक बनाने का माध्यम है। डीन डॉ. भूपेंद्र कुमार ने कहा कि किसी भी कार्य में केवल भागीदारी ही नहीं, बल्कि उसमें दक्षता और निपुणता हासिल करना भी आवश्यक है। शिविर में जिला संगठन आयुक्त गीता रानी एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त गायत्री देवी प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को झंडा बांधने का प्रशिक्षण दिया तथा रोवर्स-रेंजर्स का इतिहास, नियम और सिद्धांतों की जानकारी दी। गायत्री देवी ने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स को विनम्र, अनुशासित, वफादार और प्रकृति प्रेमी होना चाहिए तथा सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। रोवर्स प्रभारी निर्भय कुमार ने जीवन में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि रेंजर्स प्रभारी डॉ. अनुप्रिया ने शिविर के शैक्षणिक महत्व की जानकारी दी।

# सहकारी समिति पर शुरू हुई गेहूं की खरीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना के बल्ला माजरा सहकारी समिति पर बनाए गए गेंहू क्रय केन्द्र पर सोमवार को गेंहू खरीद का शुभारंभ हो गया। एक अप्रैल से खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण का कार्य शुरू हो गया था।चौसाना में गेहूं क्रय केंद्र पर पहला किसान गेहूं लेकर पहुंचा।जिससे सत्र को गेहूं खरीद शुरू हो गई।

सोमवार को चौसाना स्थित बल्ला माजरा सहकारी समिति पर बनाए गए गेहूं क्रय केन्द्र पर चौसाना के मजरा पठानपुरा निवासी किरण कुमार ने पचास कुंतल गेहूं लेकर केंद्र पर पहुंचा । इसी के साथ केंद्र पर गेंहू खरीद की शूरूआत हो गयी क्रय केन्द्र की । शुरूआत के पहले दिन पहले



किसान की फसल की तुलाई के दौरान सभापति विनोद शर्मा भी मौजूद रहे।। समिति के सचिव देवेंद्र कुमार ने बताया की केन्द्र पर पर्याप्त मात्रा मे गेंहू खरीद के उपकरण, बोरे आदि सामान मौजूद है। किसान गेहूं बिक्री के लिए खाद्य विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण समय से करा ले । अब तक केन्द्र पर 200 से अधिक किसानो ने पंजीकरण करा लिया है। इस वर्ष केन्द्र का गेंहॅू खरीद का लक्ष्य पॉच हजार कुतल के करीब है। विगत वर्ष यह लक्ष्य 80 प्रतिशत पूरा हो सका था। लेकिन अधिकारियों का मानना है कि हरियाणा मे यूपी के अनाज की खरीद ना होने के कारण लक्ष्य समय से पहला और अधिक मात्रा मे होगा। इस दौरान केंद्र प्रभारी राजीव कुमार ,सभापति विनोद शर्मा, सोनू सैनी,विकास आदि मौजूद रहे।

### किसान जागरूकता कार्यक्रम कर रही समिति

**चौसाना।** किसानों को सरकारी क्रय केन्द्रो पर गेहॅू की खरीद को बढाने के लिये जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। ताकि खरीद बढे और लक्ष्य की पूर्ति हो सके।

## एक नजर

### बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने साथियों संग थामा कांग्रेस का दामन

**शामली।** बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष बीरपाल कुडाना ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। लखनऊ स्थित कांग्रेस कार्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि दलित समाज का वास्तविक उत्थान कांग्रेस पाट ीं में ही सुरक्षित है और पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आहवान किया। कांग्रेस में शामिल होने के बाद बीरपाल कुडाना ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अजय राय का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह अब कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वह दलित समाज को जागरूक करने के साथ-साथ किसानों, व्यापारियों और छात्रों के हितों के लिए संघर्ष करेंगे। साथ ही उन्होंने ब्रिवास जताया कि वह कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने और प्रदेश में सरकार बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। बीरपाल ने यह भी कहा कि उनके साथ आए सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कांग्रेस पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे।

### पत्रकार हारून सैफी को पितृ शोक

**झिंझाना।** कस्बे के वरिष्ठ पत्रकार हारुन सैफी के पिता हाजी शरीफ सैफी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनकी उम्र लगभग 95 वर्ष थी। बताया जाता है कि परिवार में काफी समय से नातिन की शादी की तैयारियां चल रही थीं और सोमवार को कैराना से बारात आनी थी। घर में खुशी का माहौल था, रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था और शादी की रस्में चल रही थीं। इसी बीच अचानक हाजी शरीफ सैफी की तबीयत बिगड़ी और उन्होंने अंतिम सांस ले ली। जैसे ही निधन की खबर परिवार तक पहुंची, खुशियों का माहौल पलभर में गम में बदल गया। एक ओर जहां नातिन की डोली उठने की तैयारी हो रही थी, वहीं दूसरी ओर परिवार के बुजुर्ग के जाने का दुख सब पर भारी पड़ गया। परिजन इस कठिन स्थिति में भावनात्मक रूप से टूट गए। एक तरफ बेटी की विदाई की जिम्मेदारी थी, तो दूसरी ओर घर के बुजुर्ग के अंतिम संस्कार की तैयारी। पूरे परिवार ने भारी मन से दोनों परिस्थितियों का सामना किया। हाजी शरीफ सैफी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके परिवार में बेटे, बेटियां, पुत्रवधू, नाती-नातिन और पोते-पोतियां शामिल हैं। उनके निधन से कस्बे में शोक की लहर है और लोग परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं।

### ई-रिक्शा की आमने-सामने की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग पर गांव भभीसा बिजलीघर के समीप दो ई-रिक्शा की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में ई-रिक्शा में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी मोहसिन किसी कार्य से कस्बे में आया हुआ था। अपना कार्य समाप्त कर वापस अपने गांव लौटते समय वह ई-रिक्शा में बैठकर जा रहा था। जैसे ही ई-रिक्शा क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग गांव भभीसा बिजलीघर के पास पहुंचा तो सामने से आ रही दूसरी ई-रिक्शा से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा में सवार मोहसिन गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### जवाहर नवोदय में दिए गए आत्मरक्षा के गुर

**शामली।** जवाहर नवोदय विद्यालय में एक दिवसीय आत्मरक्षा शि. विर एवं कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कराटे एसोसिएशन ऑफ शामली के अध्यक्ष व अवेंजर फाइट क्लब शामली के कोच शिवांश भार्गव तथा विद्यालय प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश कुमार एवं शारीरिक शिक्षा प्रमुख आशुतोष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। आत्मरक्षा शिविर में विद्यार्थियों को कराटे के माध्यम से आत्मरक्षा के विभिन्न गुर सिखाए गए और उन्हें विपरीत परिस्थितियों में खुद की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही आयोजित कराटे प्रतियोगिता में शामली के पदक विजेता खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आत्मरक्षा कौशल का परिचय दिया। विद्यालय प्रबंधन ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

### बच्चों के विवाद में दो पक्षों में हुआ पथराव ,आधा दर्जन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बच्चों के विवाद को लेकर आजाद चौक में दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें दोनों पक्षों द्वारा पथराव किया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आधा दर्जन को हिरासत में लिया और पुलिस बल तैनात कर दिया। वही एक व्यक्ति की मौत की खबर की फैलती रही। जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला आजाद चौक निवासी मकसूद व चचेर भाई सलीम का विवाद चल रहा है। सोमवार को किसी बात को लेकर बच्चों में विवाद हो गया। जिससे दोनों में पक्षों में पथराव व मारपीट की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षो के आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। वही सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात किया गया।

## बालिकाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन क्षेत्र के गांव सोंता रसूलपुर में मिशन शक्ति फेस 5.2 के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम उ0नि0 लोकेश कुमार म0हे0का0 विनीता द्वारा ग्राम सोंटा रसूलपुर में खुर्शीद मेमो. रियल स्कूल में महिला एवं बालि. काओं को सशक्तिकरण,साइबर क्राइम धोखाधड़ी छेड़खानी,बाल अपराध, तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 वूमेन पावर 181 महिला हेल्पलाइन 112 पुलिस आपातक. ालीन सेवा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108 एंबुलेंस सेवा तथा आदि योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया।

# बदलते मौसम से मरीजों की बढ़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र में लगातार बदलते मौसम का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर भी साफ दिखाई देने लगा है। मौसम में आए उतार-चढ़ाव के चलते विभिन्न प्रकार की बीमारियों ने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। सोमवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी खुलते ही मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अस्पताल में सुबह से ही पर्ची बनवाने और डॉक्टर को दिखाने के लिए लोगों की लंबी कतारें लग गईं। बढ़ती भीड़ के कारण डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को भी मरीजों को देखने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।अस्पताल पहुंचे अधिकांश मरीज बुखार, सर्दी-जुकाम, उल्टी-दस्त और गले के संक्रमण



जैसी समस्याओं से पीड़ित नजर आए। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे। सरकारी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इन दिनों मौसम तेजी से बदल रहा है, जिसके कारण मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। खासकर बुखार, उल्टी-दस्त, जुकाम और वायरल संक्रमण के मामले अधिक सामने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं।डॉ. ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मौसम के बदलाव के दौरान विशेष सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। साफ-सफाई का ध्यान रखें, बाहर का खुला और दूषित भोजन न करें तथा स्वच्छ पानी का ही सेवन करें।

साथ ही यदि किसी को बुखार, उल्टी-दस्त या अन्य लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं, ताकि समय रहते उपचार मिल सके और बीमारी को गंभीर होने से रोका जा सके।

## तमंचे सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बीती रात उप निरीक्षक विपिन कुमार अपनी हमाराह टीम के साथ शांति व्यवस्था व संदिग्ध वाहन चेकिंग गस्त करते हुए गांव मंटी हसनपुर की तरफ से आ रहे थे तभी यारपुर राजवाहे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया तभी पुलिस ने वाहन साइड में खड़ा कर उसे रुकने को कहा पुलिस को देखकर तेज भागने लगा तभी पुलिस टीम ने उसे दौड़कर पकड़ लिया स पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम राजन पुत्र राजकुमार निवासी गांव खेड़ा गदाई बताया और जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया ।

# नामित सभासदों को पूरे जनपद में दिलाई गई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका में नए नामित सभासदों के शपथ ग्रहण के साथ ही बोर्ड को और मजबूती मिली है। सोमवार को आयोजित समारोह में पांच नामित सभासदों ने पद और गोपनीयता की शपथ लेकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

नगर पालिका सभागार में सोमवार को शासन द्वारा नामित पांच सभासदों को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह नगर पालिका सभागार में चेयरमैन अरविन्द संगल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जहां एसडीएम अर्चना शर्मा ने सभी नामित सभासदों को राज्य निष्ठा एवं पद की शपथ दिलाई। शासन के निर्देश पर नगर पालिका शामली में पांच सदस्य देवानंद गौड, मीरा चावला, हरिओम पाठक, संगीता जिंदल और उत्तम नामदेव को नामित किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन अरविन्द संगल ने नव-नामित सभासदों का फूल मालाओं एवं बुके देकर स्वागत किया और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। एसडीएम ने सभी नामित सदस्यों को एक-एक कर शपथ दिलाई। भाजपा जिलाध्यक्ष रामजी लाल कश्यप ने कहा कि पार्टी के समर्पित और पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मान देते हुए उन्हें जिम्मेदारी दी गई है, जो संगठन के लिए गौरव की बात है। पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल ने कहा कि नगर



पालिका बोर्ड एक परिवार की तरह होता है और नए सदस्यों के जुड़ने से यह परिवार और मजबूत होगा। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि प्रदेश में विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम का संचालन ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने किया। इस दौरान लो. कदल जिलाध्यक्ष वाजिद अली, सभासद आशीष गुप्ता, अजीत निर्वाल, तोहिद रहमानी, अरविन्द खटीक, विनोद तोमर, निशीकांत संगल, गुलजार मंसूरी, सलमान अहमद, अंकित जैन, सोनू चावला, बादल गौतम, उमेश खुरगान, विपिन सैनी, मनीष भटनागर, पवन नामदेव, दिनेश पाठक, रजनीश नामदेव आदि मौजूद रहे। **थानाभवन संवाददाता के अनुसार** नगर पंचायत सभागार में सरकार द्वारा नामित सभासदो का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया सजिसमें शासन की तरफ से एसडीएम शामली अर्चना शर्मा ने नामित सभासद अशोक चावला, बिट्टू प्रजापति, आबाद ज़ैदी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि थाना भवन विधायक अशरफ अली खान ने कहा कि जनता की अपेक्षाओ को समझते हुए विकास कार्यों को गति देने में अपनी भूमिका निभाएं स क्योंकि सभासद स्थानीय समस्याओं से सीधे जुड़े हुए होते हैं । इससे पूर्व अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा, चेयरमैन पति हाजी राव जमशेद पूर्व चेयरमैन संजय शर्मा ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया स तथा नामित सभासदों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस दौरान बॉबी अरोड़ा,विनोद कुमार, दिनेश कुमार,अनिल कुमार,मेहबूब अहमद, महावीर पाल,सभी सभासदगण , संजय कुमार बाबू, अल्ताफ अहमद, बृजेश वाल्मीकि भूमेश नारंग, रविंद्र शर्मा, जगमाल सैनी मौजूद रहे ।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अलीशान से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

लियाकत पुत्र शब्बीर निवासी मौहल्ला 406 छडियान कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली।

# नाराज पीड़ित ने भूख हड़ताल की दी चेतावनी

**शामली।** तहसील ऊन क्षेत्र के ग्राम ऊदपुर तिराहा निवासी बाबा प्रेमपुरी ने अपनी शिकायत पर लंबे समय से कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई है। बाबा प्रेमपुरी ने बताया कि उन्होंने 31 दिसंबर 2024 को उप जिलाधिकारी ऊन को एक शिकायत पत्र दिया था। इस शिकायत में शिव मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा करने, मंदिर की मूर्ति को क्षति पहुंचाने, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। आरोप है कि इतने गंभीर मामले के बावजूद अब तक न तो कोई ठोस कार्रवाई की गई है और न ही शिकायत की जांच या निस्तारण को लेकर कोई सूचना दी गई है। बाबा प्रेमपुरी दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो वह भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

# सक्रिय डिजिटल भुगतान पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र में विद्युत उपभोक्ताओं को हो रही दिक्कतों को लेकर बिजली विभाग अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। उपखंड अधिकारी (एसडीओ) विकास कुमार ने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा पूर्व में अनाउंसमेंट और घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया था लेकिन कई लोगों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया जिसके चलते अब उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जारी मोबाइल ऐप के माध्यम से उपभोक्ता घर बैठे ही अपने बिजली बिल का भुगतान आसानी से कर सकते हैं लेकिन अभी तक बड़ी संख्या में लोगों ने ऐप डाउनलोड नहीं किया है। इसके बावजूद विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि अधिक से अधिक लोग डिजिटल माध्यम अपनाएं। इसी कड़ी में बिजली विभाग कार्यालय में दो विशेष काउंटर संचालित किए जा रहे हैं। एक काउंटर पर उपभोक्ताओं को मोबाइल में ऐप डाउनलोड कराना और ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया सिखाई जा रही है जबकि दूसरे काउंटर पर सामान्य बिल संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। एसडीओ ने यह भी बताया कि नौकरीपेशा या व्यस्त उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक सोशल मीडिया ग्रुप भी बनाया गया है जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोग जुड़े हुए हैं। इस ग्रुप के माध्यम से उपभोक्ता अपनी समस्याएं सीधे विभाग तक पहुंचा सकते हैं जिनका त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।उन्होंने भरोसा दिलाया कि फिलहाल कुछ तकनीकी और व्यवस्था संबंधी दिक्कतें सामने आ रही हैं लेकिन जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। विभाग की इन पहल के चलते बिजली घर पर लगने वाली भीड़ भी अब कम होने लगी है। जिससे व्यवस्था और अधिक सुचारु होने की उम्मीद है।

# मवाना नगर पालिका कर्मचारियों ने दी तीन दिन की मोहलत, नहीं तो होगी हड़ताल

- नगर पालिका में नामित सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह में हुआ था हंगामा
- अभद्रता के आरोप ने ईओ मवाना ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट, ईओ के पक्ष में उतरे कर्मचारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर पालिका में नामित सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह में हुए हंगामे और उसके बाद ईओ मवाना द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट कराने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आरोपियों द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद नगर पालिका कर्मचारियों ने ईओ पूजा सिंह के समर्थन में आरोपियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को कर्मचारियों ने पालिक कार्यालय और तहसील में प्रदर्शन कर आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और प्रशासन को तीन दिन की मोहलत देते हुए हड़ताल पर चले जाने की चेतावनी दी।




### यह था मामला

गौरतलब है कि 1 अप्रैल को नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया था। आयोजन के दौरान कुर्सियां नहीं मिलने पर कुछ नामित सभासद धरने पर बैठ गए थे। आरोप है कि एक सभासद के समर्थक के रूप में पालिका कार्यालय पहुंचे किसान नेता ने ईओ पूजा सिंह पर अभद्र टिप्पणी कर दी। उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ईओ ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया था। दो दिन पहले उनमें से एक आरोपी व किसान नेता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस पर ईओ पर आरोप लगाए थे।

### कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

मुकदमें में नामजद आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को पालि. का कार्यालय में कर्मचारी एकत्र हुए। जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए कर्मचारी तहसील परिसर पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस मवाना के अध्यक्ष मनोज कुमार व महामंत्री राकेश कुमार ने कहा कि पालिका की अधिशासी अधिकारी पूजा सिंह पर आरोपियों ने बेहद अशोभनीय टिप्पणी की और उनके कार्यालय में तोड़फोड़ करते हुए हाथापाई की जान से मारने की धमकी दी। ऐसी घटना बहुत शर्मनाक है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईओ द्वारा दर्ज मुकदमें में नामजद व अज्ञात के खिलाफ यदि पुलिस तीन दिन में दंडात्मक कार्रवाई नहीं करती है तो सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# बाबू जगजीवन राम जयंती पर गूंजा समानता का संदेश, आरक्षण बचाने की उठी आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविदास समाज पार्टी के तत्वावधान में रविवार को बाबू जगजीवन राम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन तेजगढ़ी स्थित बाबू जगजीवन राम प्रतिमा स्थल पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता मंडल डीआईजी सिंह प्रधान आयुक्त (सेवानिवृत्त) ने की। वक्ताओं ने बाबू जगजीवन राम के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद करते हुए उन्हें महान नेता बताया। उन्होंने कहा कि बाबू जी ने देशहित में अहम भूमिका निभाई और 1972 के भारत-पाक युद्ध में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान ई.आर.पी. सिंह अंबेडकर ने कहा कि बाबू जगजीवन राम के कद का सम्मान अभी तक बहुजन समाज की किसी भी पार्टी में देखने को नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि बाबू जी ने समाज में समानता और अधिकारों के लिए संघर्ष किया था तथा आरक्षण के लिए भी लंबी लड़ाई लड़ी। आज आरक्षण खतरे में है, जिसे बचाने के लिए समाज को एकजुट होना होगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने मांग उठाई कि बाबू जगजीवन राम को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। इस मौके पर एडवोकेट सुभाष चंद जय जान, तेजेंद्र गुप्ता, रविकांत जोशिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## फलावदा नगर पंचायत कार्यालय में कस्बे के वार्षिक ठेकों की हुई नीलामी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन अशोक कुमार सैनी व ईओ सचिन पंवार की अध्यक्षता में कस्बे के वार्षिक ठेकेजातों की सार्वजनिक नीलामी की गई। सर्वप्रथम ठेका बुधवार व शनिवार पैंठ (भूमि किराया) नकद की नीलामी की गयी। नीलामी में कुल 08 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें अनिल पुत्र मदन कस्बा निवासी की उच्चतम बोली 8,12,000 रू. पर ठेका छोड़ा गया। गत वर्ष यह ठेका 6,46,000 रु. में छोडा गया था। जिससे निकाय की आय में वृद्धि हुई है। शेष ठेकों की नीलामी हेतु किसी बोलीदाता द्वारा कोई बोली नही लगायी गयी। जिस कारण शेष ठेके नही छोड़े जा सके। नीलामी में अनुराधा सभासद, नईम अनवर सभासद, सोहनवीर सैनी सभासद, वकार आलम सभासद, विवेक कुमार सैनी सभासद, अश्वनी विश्नोई सभासद, नरेन्द्र खटीक, सभासद, रविन्द्र कुमार सैनी, मोहित तोमर, तनवीर, शहजाद, शानू, सतबीर, शुभम अग्रवाल, अनिरूद्ध कुमार, रिंकू रस्तौगी, विपिन कुमार, मनोज कुमार, मेघराज, नय्यूम अनवर, आरव प्रजापति, मौ. कसीम, अन्य गणमान्य व्यक्ति व निकाय कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# दो करोड़ की लागत से बनने वाली चार किलोमीटर सड़क का विधायक गुलाम मोहम्मद ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवाल खास।** सोमवार को सिवालखास विधान सभा के विधायक गुलाम मोहम्मद ने क्षेत्र के ग्राम डालुहेड़ा से बहरामपुर तक 2 करोड़ की लागत से बनने वाली लगभग 4 किमी सड़क का उद्घाटन किया। यह सड़क लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत हुई है जिसमे विधायक गुलाम मोहम्मद ने पास कराया है। उद्घाटन के दौरान गुलाम मोहम्मद ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रुपए का कार्य हो चुका है जहां-जहां भी जरूर दिखाई दे रही है वहां पर पैसे की स्वीकृति कराई जा रही है जिसके बाद निर्माण कार्य एक के बाद एक सिवालखास के इतिहास को मजबूत कर रहे हैं। विधायक गुलाम मोहम्मद ने क्षेत्र की जनता से कहा कि सिवाल खास विधानसभा की जनता ने जिस उम्मीद के साथ उन्हें चुना वह उस पर खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं क्षेत्र के विकास के लिए वह अलग-अलग विभागों से वार्ता कर रहे हैं और किसी न किसी माध्यम से पैसे की स्वीकृति लेकर विकास कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं इस दौरान उपस्थित लोगों ने भी विधायक गुलाम मोहम्मद की तारीफ करते हुए कहा कि गुलाम मोहम्मद एक शिक्षक है पढ़े लिखे हैं वह सुनियोजित तरीके से क्षेत्र का विकास कर रहे हैं और हर उस जरूरी चीजों पर नजर बनाए हुए हैं जो सिवालखास के लिए बेहद जरूरी है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान तेजपाल मोहम्मदपुर धूमी, रश्मि प्रधान रावा, डालुहेडा प्रधान प्रीति, ईश्वर प्रधान जखेडा, ताराचंद जी, संजय यादव, हंसराज यादव, राकेश यादव रावा, अलीम अल्वी, शीशपाल मास्टर, धीरज शर्मा, रति राम यादव आदि मौजूद रहे।





## एसपी यातायात ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को एसपी यातायात रघुवेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ बेग. मपुल, लालकुर्ती पैंठ एरिया में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। सड़क किनारे लगे बैनर, फलैक्स बोर्ड, रेहड़ी आदि सामान को जब्त कर लिया। इस दौरान कैंट बोर्ड के अधिकारी भी इस अभियान में शामिल रहे। अचानक चलाए गए अभियान से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। एसपी यातायात ने दोबारा अतिक्रमण मिलने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।





## 'पत्रकार एकजुट होकर करें कार्य'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक बैठक हापुड़ जिला अध्यक्ष के कार्यालय पर हुई। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत अस्थाना ने कहा कि आज पत्रकारों के सामने अनेक समस्याएं आ रही हे इसके लिए पत्रकारों को एकजुट होकर संगठन के साथ जुड़कर कार्य करना होगा। राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने कहा कि पत्रकार समाज को दर्पण दिखाने का कार्य करता है वहीं पत्रकारो के द्वारा लेखनी को राजनैतिक लोग व अधिकारी सहन नहीं कर पाते हैं यदि हम एक हे तो स्के है। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनेंद्र त्यागी ने कहा कि पत्रकार निर्भीक होकर इमानदारी से काम करें यदि कोई परेशानी किसी पत्रकार को होती है तो संगठन हमेशा साथ रहेगा। हापुड़ जिला अध्यक्ष चंदन सिंह ने बताया कि विश्व पत्रकार दिवस पर 30 मई को हापुड़ में विशाल सम्मेलन किया जायेगा उसकी तैयारी की जा रही है। हापुड़ की जिला कार्यकारिणी की भी शीघ्र घोषणा की जायेगी। इस मौके पर अनुराज सिंह, निशांक शर्मा, सलमान खान, सचिन सागर, बलविंदर सिंह, प्रमोद शर्मा, आदि मौजूद रहे।



# तेल-गैस संकट के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार, ईरान भारत का पुराना मित्रः जगवीर सिंह गुर्जर

### अमेरिका को बताया भारत का दुश्मन, ईरान-इजराइल तनाव पर दिया बड़ा बयान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** तहसील क्षेत्र के गांव करीमपुर निवासी प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री जगवीर सिंह गुर्जर ने अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बड़ा बयान देते हुए केंद्र सरकार की नीतियों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती तेल और गैस की किल्लत के लिए सीधे तौर पर मोदी सरकार जिम्मेदार है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि भारत का वर्षों पुराना और भरोसेमंद मित्र ईरान रहा है, लेकिन वर्तमान सरकार की विदेश नीति के चलते उस संबंध में दूरी आ गई है, जिसका खामियाजा आज देश की आम जनता को महंगे तेल और गैस के रूप में भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों को संतुलित रखने में गंभीर चूक की है।

जगवीर सिंह गुर्जर ने ईरान-इजराइल के बीच बढ़ते तनाव को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस युद्ध जैसे हालात का



असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है और भारत भी इससे अछूता नहीं है। ऐसे समय में भारत को अपनी पुरानी कूटनीतिक नीति पर चलते हुए संत. ुलन बनाकर रखना चाहिए था, लेकिन वर्तमान सरकार इस दिशा में विफल रही है। अपने बयान में उन्होंने अमेरिका पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमेरिका की नीतियां हमेशा से अपने स्वार्थ पर आधारित रही हैं और वह भारत का सच्चा मित्र कभी नहीं रहा। उन्होंने यहां तक कहा कि अमेरिका को भारत का दुश्मन समझना चाहिए, क्योंकि उसकी नीतियां कई बार भारत के हितों के खिलाफ रही हैं।

पूर्व मंत्री ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह देशहित में ठोस कदम उठाए, ईरान जैसे पुराने मित्र देशों से संबंध मजबूत करे और आम जनता को राहत देने के लिए पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों पर नियंत्रण करे। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सरकार ने सही निर्णय नहीं लिए, तो आने वाले समय में हालात और गंभीर हो सकते हैं, जिसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों की जेब पर पड़ेगा।

## मेडिकल में विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एक काफी पुराना चिकित्सा महाविद्यालय है, जो निरंतर ही जनहित व छात्रहित में कार्य कर रहा है। इसी क्रम में सोमवार को दंत चिकित्सा विभाग द्वारा विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस 2026 जिसकी थीम "A HAPPY MOUTH IS A HAPPY LIFE" के क्रम में मरीजों को मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु डेंटल ओपीडी में स्वास्थ्य वार्ता पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. अनामिका शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में डॉ. मनु शर्मा ने मुख की प्रारंभिक जांच और तंबाकू के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. रियाज अहमद ने बच्चों में सही दंत स्वच्छता आदतों के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में डॉ. तनिषा, डॉ. सानिया, डॉ.दौलत, डॉ. अक्षीत, डॉ. अजीत, श्री देवी तथा सिस्टर मुन मुन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी मरीजों ने भी यह संकल्प (प्लेज) लिया कि वे अपने दंत स्वास्थ्य का नियमित रूप से ध्यान रखेंगे और मौखिक स्वच्छता की सही आदतों को अपनाएंगे। उपरोक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर सी गुप्ता ने दंत रोग विभाग को शुभकामनाएं दीं।

## कब्रिस्तान को नुकसान पहुंचाने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम पूठी में कब्रिस्तान के गेट व आयते तोड़ने वाले युवक को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि दो दिन पूर्व ही गांव पूठी कब्रिस्तान का गेट तोड़ दिया था तथा वहां लिखी आयते भी तोड फोड़ कर सार्वजनिक सम्पत्ति को नुक्सान करते हुए धार्मिक स्थल में हानि पहुचाई थी। जिसका थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश में गांव पूठी निवासी गौरव पुत्र उदयवीर को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने गांव अगवानपुर में भी तीन माह पूर्व कब्रिस्तान की गुम्बद तोड़ने की बात कबूल की थी आरोपी गौरव को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया है।

## अल्पसंख्य मोर्चा ने मनाया भाजपा का स्थापना दिवस



**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस पर हापुड़ रोड फेमस प्लाजा पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर भाजपा नेता परवेज सैफी एंव यूनुस सैफी के नेतृत्व में माल्यार्पण करते हुए पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पश्चिम उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी नासिर सैफी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस राष्ट प्रथम, सेवा ही संगठन, के संकल्प के साथ मनाया जा रहा है। पार्टी के ऐतिहासिक सफर और विचारधारा को प्रदर्शित किया जा रहा है। आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इस दौरान ओवेश सैफी, मुस्तकीम कुरैशी, सरफराज सैफी, नफीस सैफी, अदनान कुरैशी, जावेद अब्बासी, शादान सैफी, आरिफ सैफी आदि उपस्थित रहे।

# आरटीओ दफ्तर में दलालों के खिलाफ एडवोकेट विजय बहादुर ने उठाई आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को आरटीओ मेरठ में बाबू द्वारा अवैध रसूली की जानकारी मिलते ही छात्र नेता विजय बहादुर एडवोकेट आरटीओ परिसर पहुंचे तथा संबंधित दलालों सहित जानकारी जुटा कर आरटीओ अमरीश कुमार को सूचित किया और बताया कि आरटीओ कि प्रत्येक विंडो पर कैमरा अनिवार्य रूप से सुचारू होना चाहिए जिससे दलालों की संख्या को कम किया जा सके तथा प्रत्येक कर्मचारी पर निगाह रखी जा सके। काफी दिनों से आरटीओ परिसर में दलाली तथा कर्मचारियों द्वारा अवैध वसूली की जा रही है जिसकी शिकायत करने के बावजूद भी संबंधित अधिकारी भ्रष्टाचार पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। आरटीओ परिसर में छात्र नेता विजय बहादुर एडवोकेट के द्वारा जानकारी करने पर कुछ विंडो के कैमरे विंडो की तरफ ना होकर दीवारों की तरफ मिले जो कि एक षड्यंत्र है जिससे दलालों तथा कर्मचारियों को देखा ना जा सके छात्र नेता विजय बहादुर एडवोकेट ने चेतावनी दी कि अगर जल्दी भ्रष्टाचार नियंत्रण करने हेतु व्यवस्था का प्रावधान नहीं किया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा जिसके जिम्मेदार स्वयं आरटीओ अधिकारी होंगे।



## शादी में बवाल पर दूसरे पक्ष के छह पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** क्षेत्र के गांव कासमपुर मेव में शादी से निकाले जाने पर हुए बवाल में नया मोड़ आ गया है। मारपीट व फायरिंग के मामले छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने वाली पुलिस ने रविवार देर रात दूसरे पक्ष की तहरीर पर नौ लोगों को नामजद करते हुए गंभीर धाराओं में कार्रवाई की है। आरोपियों में दुल्हन के भाई के अलावा करीबी रिश्तेदार शामिल हैं। दोनों पक्षों पर कार्रवाई के बाद पुलिस ने अब फरार आरो. पियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। बवाल से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे। जानकारी के मुताबिक बीती चार अप्रैल को गांव निवासी शबाब. ुल की दो बहनों का शादी समारोह में अमरोहा शहर में कांठ रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में हुआ था। जहां सानिब, समीर, शाहरुख, अरशद, साहिल और अरबाज ने मेहमानों से अभद्रता की थी। शबाबुल ने इसका विरोध करते हुए उन्हें शादी समारोह से भगा दिया था। इसी बात से नाराज युवकों ने उसी रात में पीड़ित शबाबुल के घर धावा बोल दिया था। दोनों पक्षों में मारपीट के दौरान कई राउंड फायरिंग भी की गई थी। जिससे गांव में भगदड़ मच गई थी। बवाल से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस अफसरों में हड़कंप मच गया था।

# कार्यकर्ताओं के दम पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के उत्साह और संगठन की शक्ति का भव्य नजारा हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के कैंप कार्यालय पर देखने को मिला। अवसर था एक विशेष कार्यक्रम का, जिसमें भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के पहुंचने से कार्यालय परिसर में जनसैलाब उमड़ पड़ा।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और प्रखर राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर की। महापुरुषों को नमन करते हुए विधायक ने कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलाया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कार्यकर्ताओं के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता देव तुल्य है। यह कार्यकर्ताओं की दिन-रात की मेहनत और समर्पण ही है। जिसकी बदौलत आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। कार्यकर्ता ही पार्टी की असली पूंजी और ताकत हैं। कार्यक्रम के दौरान



कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर था। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और पार्टी की मजबूती का संकल्प लिया। इस दौरान श्भारत माता की जयश और श्जय श्री रामश के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, सोनिया प्रजा. पति, मंडल अध्यक्ष राजू राणा, संजय शर्मा, अतुल गर्ग, पवन राज जाटव और कार्यक्रम संयोजक सौरभ गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इनके अलावा संजय राणा, पुष्कर अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, संदीप गुप्ता, अजयपाल सभासद, वीर सिंह एडवोकेट, विक्रम महंत, प्रमोद शर्मा, डॉ. योगेंद्र सिंह और नंदन खड्गवंशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुम्बई को भी कड़ी टक्कर देगी राजस्थान

### गुवाहाटी मे दोनो के बीच मुकाबला आज शाम 7:30 बजे होगा



**गुवाहाटी, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) टूर्नामेंट में तीसरी जीत दर्ज करना चाहेगी वहीं मुंबई इंडियंस (एमआई) पिछले मैच में मिली हार की निराशा से उबरते हुए वापसी के इरादे से मैदान में उतरेगी। बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस मुक. ाबले में राजस्थान की टीम हालिया जीतों से उत्साहित होकर इस मैच में उतर रही है, यह एक ऐसी टीम है जिसका आत्मविश्वास हर मैच के साथ बढ़ता जा रहा है।

उनके प्रदर्शन में आत्मविश्वास झलकता है। रियान पराग की कप्तानी में, टीम में एक अलग ही तरह का संयम देखने को मिल रहा है, यह एक युवा टीम है जो अपने इतिहास के भारी बोझ के बिना खेल रही है, लेकिन अपनी क्षमताओं को लेकर पूरी तरह से जागरूक है। उनकी बल्लेबाजी ने काफी अच्छे संकेत दिए हैं, और टीम के हर खिलाड़ी ने सही समय पर और पूरे तालमेल के साथ अपना योगदान दिया है। यशस्वी जायसवाल ने पारी की शुरुआत में ही तेज और शानदार खेल दिखाते हुए टीम को अच्छी शुरुआत दी है, जिसमें उनका इरादा और निरंतरता साफ झलकती है। वैभव सूर्यवंशी की मौजूदगी ने टीम की बल्लेबाजी में एक नई जान डाल दी है, उनकी निडर बल्लेबाजी ने पावरप्ले के दौरान टीम को काफी गति प्रदान की है। मध्यक्रम में, ध्रुव जुरेल ने पूरी परिपक्वता के साथ पारी को संभाला है, जबकि शिमरोन हेटमायर ने दबाव भरे पलों में भी बड़े-बड़े छक्के लगाकर टीम को शानदार फिनिशिग दी है। पराग ने स्वयं भी अपनी बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों से टीम में अहम योगदान दिया है, जिससे टीम की मुख्य बल्लेबाजी संरचना में स्थिरता बनी रही है। रवींद्र जडेजा की हरफनमौला क्षमताओं ने टीम के निचले क्रम को और भी मजबूत बनाया है, जिससे टीम को तेजी से रन बनाने और संतुलन बनाए रखने में मदद मिली है।

गेंदबाजी की बात की जाए तो टीम की गेंदबाजी अभी भी चिंता का एक विषय बनी हुई है। जोफ आर्चर ने अपनी तेज गति और विकेट लेने की क्षमता के दम पर गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की है, जबकि नांद्रे बर्गर ने नई गेंद से स्विग और मूवमेंट का फायदा उठाकर उनका बखूबी साथ दिया है। मध्य ओवरों में, रवि बिश्नोई ने अपनी विविधताओं का इस्तेमाल करते हुए विकेट लेने की क्षमता का प्रदर्शन किया है, जिसमें संदीप शर्मा और तुषार देशपांडे की अनुशासित गेंदबाजी ने उनका पूरा साथ दिया है। इन व्यक्तिगत प्रयासों के बावजूद, मैच के अलग-अलग चरणों में लगातार नियंत्रण बनाए रखना अभी भी एक बड़ी चुनौती है, जिसकी असली परीक्षा शायद दबाव भरे पलों में ही होगी। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस की टीम खड़ी है, एक ऐसी टीम जो पिछले कई वर्षों से लगातार मिली सफलताओं के कारण अपने कंधों पर उम्मीदों का भारी बोझ लेकर चल रही है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में, यह टीम अपनी पहचान की तलाश में उतनी नहीं है, जितनी कि अपनी निरंतरता को वापस पाने की तलाश में है। हाल के नतीजे भले ही उतार-चढ़ाव भरे रहे हों, लेकिन इस स्तर की टीमें शायद ही कभी अल्पकालिक उतार-चढ़ाव से परिभाषित होती हैं। टीम में बल्लेबाजी में अनुभव और प्रतिभा का बेहतरीन मेल है।

# ऑरेंज कैप की दौड़ में रिजवी सबसे आगे पर्पल कैप तालिका में बिश्नोई शीर्ष पर



**बेंगलुरु, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में सभी टीमों के दो-दो मैच पूरे हो चुके है वहीं सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) तथा चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके) के लिए तीन-तीन मैच खेले है। ऑरेंज कैप की दौड़ में जहां समीर रिजवी तथा पर्पल कैप की तालिका रवि बिश्नोई शीर्ष पर है। आईपीएल के इस सत्र में अभी तक सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज सबसे आगे चल रहे है। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के नम्बर 4 के बल्लेबाज रिजवी ने दोनों ही मौकों पर लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी की और दोनों ही बार अपनी टीम को मैच जिताया। पहली बार लखनऊ सुपर जायंट्स (एसएसजी) के खिलाफ 47 गेंदों में 70 रन बनाकर (नाबाद), और दूसरी बार मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ 51 गेंदों में 90 रन बनाकर। इन दोनों ही पारियों के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड भी मिला।

खेल विशेष

### हैदराबाद में 16 से 28 जून तक खेली जाएगी रग्बी प्रीमियर लीग

**नई दिल्ली, वार्ता।** हैदराबाद में 16 से 28 जून तक रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। आज जीएमआर स्पोर्ट्स ने, इस खेल की राष्ट्रीय गवर्निंग बॉडी, रग्बी इंडिया के साथ साझेदारी में घोषणा करते हुए कहा कि रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का दूसरा संस्करण 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गचीबोवली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। रग्बी प्रीमियर लीग के इस सत्र में तेज-तर्रार रग्बी 7एस प्रारुप में वापस आ रही है। दूसरे एडिशन में पहले एडिशन की छह फैंचाइजियां शामिल होंगी। इस अवसर पर हैदराबाद में लीग का स्वागत करते हुए तेलंगाना सरकार के (युवा उन्नति, पर्यटन और संस्कृति और खेल विभाग) के विशेष मुख्य सचिव जएश रंजन ने कहा कि एक वैश्विक खेल डेस्टिनेशन के रूप में हैदराबाद का उभरना तेलंगाना के लंबे समय के नीतिगत विजन और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों के लिए संस्थागत समर्थन को दर्शाता है।

### ब्राजील के पूर्व कोच डोरिवल ने कोरिथियंस से नाता तोड़ा

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के पूर्व मैनेजर डोरिवल जूनियर को खराब प्रदर्शन के बाद कोरिथियंस के मुख्य कोच पद से हटा दिया गया है। रविवार देर रात जारी एक बयान में डोरिवल जूनियर को मुख्य कोच पद से हटाए जाने के बाद कोरिथियंस ने कहा कि अंडर-20 टीम के कोच विलियम बतिस्ता अंतरिम आधार पर यह जिम्मेदारी संभालेंगे। यह घोषणा अपने घरेलू मैदान पर 1-0 की हार के बाद की गई। इस हार के बाद साओ पाउलो का यह क्लब 20 टीमों वाली ब्राजीलियन सीरी ए की अंक तालिका में 16वें स्थान पर खिसक गया है। क्लब ने 10 मैचों में केवल दो में जीत हासिल की है।

# ब्लैंका व्लासिक को टीसीएस वर्ल्ड 10 के का एंबेसडर किया नियुक्त

**बेंगलुरु, वार्ता।** वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस, टीसीएस वर्ल्ड 10के बेंगलुरु 2026 के प्रमोटर, प्रोकैम इंटरनेशनल ने सोमवार को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और दो बार की विश्व चैंपियन ब्लैंका व्लासिक को 26 अप्रैल को होने वाले के आगामी संस्करण के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा का एंबेसडर नियुक्त किया है। एथलेटिक्स के इतिहास की सबसे कामयाब हाई जंपर्स में से एक, व्लासिक को लगातार बेहतरीन प्रदर्शन और सबसे ऊंचे स्तर पर मिली सफलता के लिए जाना जाता है। उन्होंने बीजिग 2008 ओलंपिक खेलों में रजत पदक जीता और उसके बाद रियो 2016 ओलंपिक में कांस्य पदक जीता।

वह कई बार वर्ल्ड चैंपियनशिप और वर्ल्ड इंडोर चैंपियनशिप में भी पदक जीत चुकी हैं। उनका निजी सर्वश्रेष्ठ 2-08 मीटर है, जो उन्होंने 2009 में हासिल किया था। यह अभी भी क्रोएशिया का नेशनल रिकॉर्ड है और महिलाओं की हाई जंप के इतिहास में तीसरी सबसे ऊंची छलांग है। इस स्पर्धा से अपने जुड़ाव को लेकर व्लासिक ने कहा कि उन्हें इस दौड़ के 18वें एडिशन का हिस्सा बनकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी स्पर्धा से जुड़ना, जो दौड़ने के जरिए हजारों लोगों को एक साथ लाता है, बहुत ही प्रेरणादायक और जोश भरने वाला अनुभव है।

# पांड्या ने नेट्स पर किया अभ्यास



गुवाहाटी, वार्ता। खराब स्वास्थ्य के कारण पिछला मैच नहीं खेलने वाले मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या ने मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के साथ होने वाले मैच से पहले रविवार को यहां नेट पर अभ्यास किया। वार्म अप करने के बाद फिजियो नितिन पटेल की निगरानी में हार्दिक ने गेंदबाजी शुरू की और खाली नेट्स में अच्छी स्पीड के साथ यॉर्कर फेंके।

इस दौरान बल्लेबाजी कोच कायरन पोलार्ड भी उन पर नजर रखे हुए थे। इसके बाद हार्दिक ने बल्लेबाजी अभ्यास भी किया और गेंद उनके बल्ले के बीच में आती दिखती रही। हार्दिक अभ्यास सत्र के दौरान बेहतरीन लय में दिखें और मंगलवार को उनकी वापसी हो सकती है। उल्लेखनीय है कि हार्दिक ने एमआई के पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ तीन ओवरों में 39 रन देकर एक विकेट लिए थे और 11 गेंद में 18 रन भी बनाए थे। इस मैच को एमआई ने छह विकेट से जीता था। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में एमआई की अगुवाई करने वाले सूर्यकुमार यादव ने उस दिन हार्दिक को 'अनउपलब्ध' बताया था। इसके कारण एमआई को अपनी टीम में एक नहीं दो बदलाव करने पड़े थे। गेंदबाजी के साथ-साथ निचले क्रम की बल्लेबाजी मजबूत करने के लिए दीपक चाहर और कॉर्बिन बॉश टीम में अंदर आए थे, वहीं ट्रेंट बोल्ट को बाहर बैठना पड़ा था।

# आंध्र ओपन का उद्घाटन विशाखापत्तनम आज

विशाखापत्तनम, वार्ता। डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई), जो भारत में पेशेवर गोल्फ की आधिकारिक मान्यता एवं संचालन संस्था है, ने आंध्र ओपन के उद्घाटन संस्करण की घोषणा की है।

यह टूर्नामेंट 7 से 10 अप्रैल, 2026 तक विशाखापत्तनम के ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब में खेला जाएगा। प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये है। आंध्र ओपन 2026 को मेजबान स्थल ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब (ईपीजीसी) और इवेंट पार्टनर आंध्र प्रदेश गोल्फ एसोसिएशन (एपीजीए) का समर्थन प्राप्त है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रमुख भारतीय पेशेवर खिलाड़ियों में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट के अग्रणी सप्तक तलवार, वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान, मनु गंधास, अंगद चीमा, हनी बैसोया और अजीतेश संधू शामिल हैं।

अंगद चीमा ने वर्ष 2024 में ईपीजीसी में जीत दर्ज की थी। विदेशी खिलाड़ियों में श्रीलंका के एन- थंगराजा सबसे प्रमुख नाम हैं, जिन्होंने 2023 में ईपीजीसी में जीत हासिल की थी। इस प्रतियोगिता में नौ देशों से कुल 18 विदेशी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। स्थानीय चुनौती का नेतृत्व विशाखापत्तनम के पेशेवर खिलाड़ी एस- मुथु और मोहम्मद रहमान करेंगे। एम- एस- एन- राजू, मानद सचिव, ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब, ने कहा, ष्ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब की स्थापना 1884 में हुई थी।

# संजू सैमसन, जसप्रीत बुमराह मार्च के 'प्लेयर ऑफ द मंथ' की दौड़ में

**दुबई, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन को मार्च 2026 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। वहीं महिला वर्ग में न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर, ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज बेथ मूनी और दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज अयाबोंगा खाका इस दौड़ में शामिल हैं।

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप के आखिर में सैमसन की जबरदस्त फॉर्म, ने उन्हें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार दिलाया। फाइनल में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे जसप्रीत बुमराह भी इस दौड़ में शामिल है। नए खिलाड़ी एस्टरहुइजन ने न्यूजीलैंड में अपनी शानदार टी-20 डेब्यू सीरीज के बाद इस शॉर्टलिस्ट में अपनी जगह बनाई है,?

इस सीरीज में उन्होंने अपने देश के किसी भी खिलाड़ी के मुकाबले पांच टी-20 मैचों के बाद सबसे बेहतरीन आंकड़े दर्ज किए। इस दौरान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के



खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 मैचों में केर के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें तीसरी बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतने का मजबूत दावेदार बना दिया है, जबकि मूनी ने भी भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों प्रारुपों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। खाका न्यूजीलैंड में हुई टी-20 सीरीज में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं, जिसके बाद उन्होंने पहले एकदिवसीय में भी शानदार प्रदर्शन किया था।

# भारतीय शूटर्स की नजरें मिक्स्ड टीम इवेंट्स के साथ मजबूत शुरुआत पर

**ग्रेनाडा (स्पेन), वार्ता।** भारतीय शूटर्स की नजरें इंटरनेशनल राइफल/पिस्टल सीजन की मजबूत शुरुआत पर होंगी, क्योंकि वे मिक्स्ड टीम इवेंट्स कल (7 अप्रैल) को यहां लास गैबियास शूटिग रेंज में ग्रेनाडा में आइ ं एसएसएफ राइफल/पिस्टल वर्ल्ड कप की शुरुआत करेंगे। 10मी एयर राइफल और 10मी एयर पिस्टल में मिक्स्ड टीम इवेंट्स के मेडल कल तय किए जाएंगे।

कॉम्पिटिशन 10मी एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम के क्वालिफिकेशन के साथ 12:45 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम सुबह 9:15 बजे) शुरू होगा और फाइनल 16:30 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम दोपहर 1 बजे) तय है। 10मी एयर राइफल मिक्स्ड टीम के लिए क्वालिफिकेशन 15:45 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम दोपहर 12:15 बजे) शुरू होगा और फाइनल 19:30 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम शाम 4 बजे) तय है। पिस्टल इवेंट में, मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन पलक गुलिया, 25मी पिस्टल में 2024 जूनियर वर्ल्ड चैंपियन मुकेश नेलावल्ली के साथ जोड़ी बनाएंगी, जबकि 2025 वर्ल्ड कप फाइनल सिल्वर मेडलिस्ट संयम, उज्ज्वल मलिक के साथ जोड़ी बनाएंगे।

उनका मुकाबला इस डिसिप्लिन के कुछ जाने-माने शूटर्स से होगा, जिसमें मौजूदा ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन शामिल हैं। चीन, जिसने नई दिल्ली में एशियन चैंपियनशिप छोड़ दी थी, ने सीजन के अपने पहले इवेंट में दो वर्ल्ड क्लास जोड़ियों को उतारा है। मौजूदा मिक्स्ड टीम वर्ल्ड चैंपियन हू काई और याओ कियानक्सुन और पेरिस ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट जी यू के साथ 21 साल के पूर्व जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट शेन यियाओ बाकी फील्ड के लिए सबसे बड़ी चुनौती पेश करेंगे। दूसरी खास जोड़ियों में पेरिस ओलंपिक्स के सिल्वर मेडलिस्ट सेवल इलायडा तरहान और तुर्की के यूसुफ डिकेक, सर्बिया के जोराना अरुणोविच और दामिर मिकेक, हंगरी के वेरो. निका मेजर और अकोस कैरोली नैगी और जर्मनी के क्रिश्चियन रीट्ज और स्वेनजा बर्ज शामिल हैं।

# संग्राम अर्जेंटीना की धरती पर एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय बने

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** जब रविवार की रात को पूरा भारत सो रहा था, तब एमएमए का आइकन संग्राम सिंह ब्यूनस आयर्स में इतिहास रच रहा था। उन्हें अर्जेंटीना में एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय होने का गौरव हासिल हुआ। उम्र में 16 साल छोटे फांस के फाइटर फ्लोरियन काउडियर को उन्होंने यहां बयूनस आयर्स के खचाखच भरे टिगरे स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में महज एक मिनट 45 सेकंड में धराशाई कर दिया। तिबस्ली (जॉर्जिया) और एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) में जीत के बाद उन्होंने एमएमए में जीत की हैट्रिक भी पूरी कर ली।

इस फाइट में उन्हें कुश्ती के दांव पेंचों का काफी फायदा हुआ। जीत के बाद रिंग पर दिए उनके एक बयान से पूरा एमएमए एरिना तालियों के शोर से गूंज उठा। दोहरे कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह ने कहा कि मेरे लिए



जीत-हार कोई मायने नहीं रखती। मैं या तो जीतता हूं या सीखता हूं। मैं अक्सर कहता हूं कि पैशन की कोई उम्र नहीं होती। जैसा कि प्रधानमंत्रीजी अक्सर कहते हैं कि ऊंचे सपने देखो और उनको साकार करने में जुट जाओ। मेरा भी अर्जेंटीना में फाइट जीतने पर पहले भारतीय बनने का सपना साकार हुआ। उन्होंने आयोजकों के साथ ही अपने कोच भूपेश का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पिछले 25 साल से उनके साथ हैं। वह भी मुझे कामयाबी दिलाने में दिन-रात जुटे रहे। उन्होंने कहा कि जीत के बाद उन्हें देश विदेश से बधाई संदेशों का तांता लग गया। संग्राम सिंह प्रोफेशनल कुश्ती में वर्ल्ड हैवीवेट चैम्पियन भी रह चुके हैं। खेल मंत्रालय की फिट इंडिया मूवमेंट के ब्रैंड एम्बेसडर संग्राम सिंह ने कहा कि इस बार हालात उनके लिए काफी मुश्किल थे।

### कोचर के साथ 11 बार के एशियन टूर विजेता गगनजीत भुल्लर भी होंगे शामिल

**मॉरीशस, वार्ता।** लिएंडर पेस की मेजबानी में होने आईजीपीएल 2026 के तीन चरणों वाले अफ्रीकी सेगमेंट में करनदीप कोचर के साथ 11 बार के एशियन टूर विजेता गगनजीत भुल्लर भी शामिल होंगे। अनाहिता गोल्फ कोर्स में नौ से 11 अप्रैल तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए जापान में एक शानदार सप्ताह के बाद, 27 वर्षीय कोचर सीधे वहां से मॉरीशस आ रहे हैं। वह जापान में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहे। इस साल एशियन टूर पर तीन टूर्नामेंटों में यह उनका दूसरा 'टॉप-5' प्रदर्शन था। इस लेग में शामिल होने वालों में कोचर के अलावा 11 बार के एशियन टूर विजेता गगनजीत भुल्लर, आईजीपीएल 2025 के ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर रहे पुखराज गिल और आईजीपीएल में कई बार जीत हासिल करने वाले अमन राज प्रमुख हैं।

# ब्राजील की सीरी ए में फ्रलेमेंगो ने सैंटोस को 3-1 से हराया

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** ब्राजील की सीरी ए में एक गोल से पिछड़ने के बाद फ्लेमेंगो ने दूसरे हाफ में तीन गोल करते हुए सैंटोस पर 3-1 से जीत दर्ज की। रविवार को रियो डी जनेरियो के माराकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अर्जेंटीना के फॉरवर्ड लुटारो डियाज ने लंबी दूरी का शॉट लगाकर मेहमान टीम को बढ़त दिला दी।

फियोरेंटीना के पूर्व स्ट्राइकर पेड्रो ने दाईं ओर से जॉर्ज कैरास्कल के क्रॉस के बाद, छह-यार्ड बॉक्स के अंदर से हेडर लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद, 71वें मिनट में जोर्जिनहो ने पेनल्टी को गोल में बदल दिया। वेस्ट हैम के पूर्व मिडफील्डर लुकास पाकेटा ने 89वें मिनट में गोंजालो प्लाटा के साथ मिलकर एक 18-यार्ड का जोरदार शॉट मारकर जीत पक्की कर दी।

इस जीत के साथ ही बीस टीमों की तालिका में फ्लेमेंगो 17 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। ब्राजील की सीरी ए में रविवार को अन्य मैचों में, ग्रेमियो को 10 खिलाड़ियों वाली टीम रेमो ने अपने घरेलू मैदान पर गोलरहित ड्रॉ पर



रोक दिया। ब्रागांटिनो ने मिरासोल को 1-0 से हराया। इंटरनैशनल ने कोरिथियंस को 1-0 से शिकस्त दी। एटलेटिको मिनेइरो ने एटलेटिको परानाएन्से के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2-1 से जीत दर्ज की और पाल्मेरास ने बाहिया को 2-1 से हराया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 7 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# बातचीत, जंग साथ-साथ


पश्चिमी एशिया में जारी ईरान–अमेरिका/इस्राईल युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। 37 दिन गुजर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद अभी तक इस युद्ध का कहीं से भी अंत होता दिखाई नहीं दे रहा है। हालांकि इस बीच एक अच्छी खबर भी आई है जिसमें पर्दे के पीछे इस संघर्ष को रोकने के लिए कोशिशों की बात सामने आई है। पहली बार ईरान ने माना है कि उसे मध्यस्थता के जरिये से अमेरिका की तरफ से युद्ध को रोकने के लिए प्रस्ताव मिला है। हालांकि ईरानी विदेश मंत्रालय ने ऐसा कहते हुए यह भी जोड़ा कि जब तक अमेरिका व इस्राईल हमले तेज करते रहेंगे, वह सीधी वार्ता में शामिल नहीं होगा। ईरानी विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका का 15 सूत्रीय प्रस्ताव अत्यधिक मांगों वाला है। मंत्रालय का यह भी कहना है कि ईरान ने भी अपनी मांगों का एक अलग सैट तैयार कर लिया है और उसे औपचारिक रूप दे दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माईल बगाई ने तेहरान में कहा कि इस्राईल अमेरिका की कोई रेडलाइन नहीं है और वह अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की कोई परवाह नहीं करते। उन्होंने अमेरिका के कथित 15 सूत्रीय प्रस्ताव को तर्कहीन करार दिया। उनका कहना था कि किसी भी समझौते को तभी स्वीकार किया जाएगा जब ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में होगा। उन्होंने अस्थाई युद्ध के बदले होर्मुज को खोलने के लिए मना कर दिया। एक अन्य सीनियर ईरानी अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान के प्रस्ताव की समीक्षा चल रही है लेकिन दबाव में फैसला नहीं लिया जाएगा। इसका मतलब साफ है कि पाकिस्तान अभी भी मध्यस्थता की भूमिका में बना हुआ है। ईरान ने साफ किया कि युद्ध विराम के बलदे होर्मुज नहीं खोलेगा। ईरान का अभी भी यह मानना है कि अमेरिका स्थायी युद्ध विराम के लिए तैयार नहीं है और ईरान के लिए अस्थायी युद्ध का कोई मतलब नहीं है। बात घूम–फिरकर फिर वहीं आ जाती है, जब तक दोनों पक्षों के बीच में ऐसे कदम नहीं उठाए जाएंगे, जिससे जो अविश्वास की खाई जो बहुत गहरी हो चुकी है, उसको पाटा नहीं जाएगा तब तक किसी शांति समझौते पर पहुंचना आसान नहीं होगा। इस समय भी यही दिखाई दे रहा है। शांति के प्रयास भी हो रहे हैं और युद्ध की तीव्रता में किसी तरह की कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही है। दोनों ओर से ताबड़तोड़ हमले हो रहे हैं। इन हमलों का दायरा इतना बढ़ चुका है कि अब इसकी जद में पुल, यूनिवर्सिटी, स्कूल, हेल्थ सेंटर भी आने लगे हैं। सवाल है ऐसे में संघर्ष विराम पर कैसे अमल होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह सुपर पॉवर के राष्ट्रपति को बिल्कुल भी शोभा नहीं देती। वह अभी भी ईरान को धमकीभरी भाषा में चेता रहे हैं। उन्होंने अपने दस दिनों के अल्टीमेटम में अब 48 घंटों का अतिरिक्त इजाफा कर दिया है, लेकिन वह भी धमकी के साथ कि होर्मुज को खोलो नहीं तो पता नहीं क्या हो जाएगा।

## नतीजा शहर छोड़ो, गांव भागो



प्रधानमंत्री मोदी के पास रसोई गैस (एलपीजी) संकट से निपटने की कोई नीति नहीं है और इस समय भी वही अवस्था देखने को मिल रही है जो देश के लोगों ने कोविड के समय देखी थी, मोदी जी ने कहा था कि एलपीजी संकट को कोविड की तरह हैंडल करेंगे और सच में वही किया, बिल्कुल कोविड के जैसे ही नीति शून्य, घोषणा बड़ी और बोझ गरीबों पर, हर रोज 500–800 की दिहाड़ी कमाने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए रसोई गैस पहुंच से बाहर हो गई है, रात को घर लौटते मजदूर के पास चूल्हे जलाने तक के पैसे नहीं, नतीजा शहर छोड़ो, गांव भागो, जो मजदूर कपड़ा मिल्स और फैक्टरियों की रीढ़ हैं, आज वही टूट रहे हैं। कपड़ा क्षेत्र पहले से ही गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में है। –**राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# राजनीति का नया भूगोल लोकसभा विस्तार व नारी शक्ति का नया उदय





ओ.पी. पाल

भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास में 16 अप्रैल का दिन एक युगांतरकारी मोड़ साबित हो सकता है। केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को धरातल पर उतारने के लिए एक साहसिक और दूरगामी योजना तैयार की है। इस योजना के केंद्र में केवल महिला आरक्षण ही नहीं, बल्कि लोकसभा की संरचना में अब तक का सबसे बड़ा विस्तार भी शामिल है। मसलन नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बड़े संशोधनों के साथ ही लोकसभा की 50 प्रतिशत सीटों की बढ़ोतरी की तैयारी कर ली है। इस प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य न केवल विधाई निकायों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है, बल्कि दशकों से लंबित परिसीमन की प्रक्रिया को एक नई दिशा देना भी है। सरकार द्वारा इस तैयारी के लिए खींचे गए खाके को लेकर स्पष्ट कर दिया है कि वह महिलाओं को संसद में भेजने के अपने वादे को 2029 के आम चुनाव तक हर हाल में पूरा करना चाहती है। देश को उम्मीद है कि लोकसभा की नई सरंचना न केवल भारत की बढ़ती आबादी का प्रतिनिधित्व करेगी, बल्कि नारी शक्ति को राष्ट्र के नीति–निर्माण में बराबर का हिस्सेदार बनाएगी।

संसद के बजट सत्र के अंतिम दिन केंद्र सरकार ने भारतीय राजनीति और संसदीय इतिहास में उस समय चौंकाने वाला निर्णय लिया, जिसमें अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने वाले बजट सत्र को समाप्त करने के बजाय, 16 अप्रैल सुबह 11 बजे तक के लिए टाल दिया गया है। यानी संसद के बजट सत्र का यह विशेष हिस्सा अब 16 से 18 अप्रैल तक फिर से चलेगा। केंद्र सरकार का मकसद महिला आरक्षण कानून (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को समय से पहले जमीन पर उतारना है। सरकार का पूरा फोकस अब उस कानूनी अड़चन को खत्म करना है, जो महिला आरक्षण और जनगणना तथा परिसीमन के बीच फंसी हुई है। दरअसल 2023 में पास हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के मुताबिक, आरक्षण अगली जनगणना के बाद ही लागू हो सकता था, जिसमें वर्षों का समय लगना स्वाभाविक था। अब सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर ही लंबित परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए संशोधन बिल लाने की तैयारी में है। सरकार चाहती है कि महिलाओं को उनके हक के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। इसलिए जनगणना और परिसीमन की तकनीकी अड़चनों को दूर करने के लिए यह सत्र मील का पत्थर साबित होगा।

इस सत्र के विस्तार का सबसे बड़ा आकर्षण लोकसभा सीटों का पुनर्गठन हो सकता है। चर्चा है कि सरकार सदन में सीटों की संख्या 543 में 50 फीसदी सीटे बढ़ाने का प्रस्ताव है, जिससे लोकसभा की 816 सीटें होने पर 33 प्रतिशत यानी एक–तिहाई आरक्षण के फार्मूले के तहत लोकसभा में लगभग 273 सीटें सीधे महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी। मसलन इन 273 सीटों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उनके आरक्षित कोटे के भीतर सीटें तय होंगी।

संसद में यदि यह संशोधन पास होता है, तो 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले ही देश की संसद का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा और महिलाओं की भागीदारी ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच जाएगी। माना जा रहा है कि इसके लिए बजट सत्र की आगामी तीन दिन की बैठकों में सरकार जहां एक संविधान संशोधन विधेयक के जरिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बदलाव करेगी। वहीं दूसरा सामान्य विधेयक परिसीमन अधिनियम में संशोधन लाएगी।

इन दोनों प्रस्तावित कानून 31 मार्च 2029 से लागू किया जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो आगामी लोकसभा चुनावों और ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और आंध्र प्रदेश के विधानसभा चुनावों में महिलाओं को आरक्षण मिल सकेगा। यही फॉर्मूला राज्यों की विधानसभाओं में भी लागू किया जाएगा, ताकि पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं की राजनी. तिक भागीदारी का एक समान ढांचा तैयार हो सके। माना जा रहा है कि उत्तर बनाम दक्षिणसीटों की संख्या बढ़ने से बड़े राज्यों, विशेषकर हिंदी भाषी राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या में भारी उछाल आएगा। नए परिसीमन के जरिए राज्यों में फिलहाल संसदीय सीटों में 50 फीसदी बढ़ोतरी होगी और उत्तर प्रदेश में यह संख्या सबसे ज्यादा होकर तीन अंक में पहुंच जाएगी।

### लोकसभा का ऐतिहासिक विस्तार

वर्तमान में लोकसभा की सदस्य संख्या 543 है, जो 1971 की जनगणना के आधार पर टिकी हुई है। सरकार के नए प्रस्ताव के अनुसार यदि सीटों में 50 फीसदी की बढ़ोतरी होती है तो यह संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी। इस विस्तार का आधार 2011 की जनगणना को बनाया जाएगा यानी अब 2011 के आंकड़ों के आधार पर ही सीटों का पुनर्गठन (परिसीमन) किया जाएगा। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि नई जनगणना में होने वाली देरी के कारण आरक्षण के क्रियान्वयन में बाधा आ रही थी। यदि ए दोनों विधेयक संसद में पारित हाते हैं, तो महिला आरक्षण के बाद यूपी में सबसे ज्यादा 40 लोकसभा सीटें बढ़ेंगी। 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी। महाराष्ट्र में 48 से बढ़कर 72 हो जाएंगी। जिनमें महिलाओं के लिए 24 सीटें आरक्षित होगी। बिहार में महिला सीटों की संख्या 20 हो सकती है, जहां कुल सीटें 40 से 60 तक पहुंच सकती है। मध्यप्रदेश में 29 से 44 सीटों में 15 महिला आरक्षित सीटें बढ़ सकती हैं। तमिलनाडु में 39 से 59 प्रस्तावित सीटों में 20 और दिल्ली प्रस्तावित 11 में 4 यानी महिला सीटें होंगी। झारखंड में 7 महिला आरक्षित सीटें बढ़ने का अनुमान है, जहां फिलहाल 14 सीटें हैं। ऐसे ही अन्य राज्यों की सीटे भी नए परिसीमन में बढ़ेंगी।

### कानूनी और राजनीतिक चुनौतियां

सरकार को हालांकि इस ऐतिहासिक बदलाव को अमली जामा पहनाने के लिए दो मोर्चों पर काम करना होगा। इसके लिए संविधान संशोधन के लिए सरकार को संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत की आवश्यकता है।

यानी इन दोनों विधेयकों को पास कराने के लिए संसद में दो–तिहाई बहुमत जरूरी होगा। इसी वजह से सरकार विपक्ष का समर्थन जुटाने में लगी है। यही कारण है कि इसके लिए गृहमंत्री अमित शाह सपा, राजद, बीजद, वाईएसआर कांग्रेस, एनसीपी (एसपी) और एआईएमआईएम जैसे विपक्षी दलों के साथ निरंतर संवाद कर रहे हैं। दरअसल विपक्ष में खासतौर से कांग्रेस और कई क्षेत्रीय दल लगातार मांग कर रहे हैं कि महिला कोटे के भीतर ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए, क्योंकि फिलहाल इसमें ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से प्रावधान शामिल नहीं है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार सरकार इसी फॉर्मूले पर राज्यों की विधानसभाओं में भी सीटें बढ़ाने और महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने की योजना है, ताकि पूरे देश में एक जैसा ढांचा रहे।

# इतिहास बदलने और भविष्य गढ़ने वाले कदम

**वारिसों और महिलाओं के उत्तराधिकार अधिकार अब सुनिश्चित और संरक्षित हैं। यह प्रावधान माननीय और दुरुपयोग को रोकता है और दानकर्ताओं के विश्वास को सुदृढ़ करता है। संपत्तियों की संख्या बढ़ेगी और उनका उपयोग स्पष्ट, न्यायपूर्ण और कल्याणकारी उद्देश्यों के लिए व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित होगा। यह कदम वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग को समाप्त करते हुए समुदाय में भरोसा, स्थिरता और सुरक्षा की नई भावना पैदा करेगा। विवाद समाधान प्रक्रिया में सुधार न्याय की गति को तेज करेगा और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। अब ट्रिब्यूनल के पफैसलों पर हाईकोर्ट में अपील का अधिकार होगा।**



प्रो. आर.के. जैन

जब कोई कानून केवल कागजों तक सीमित नहीं रहकर समाज की रोजमर्रा की जिंदगी में वास्तविक बदलाव लाता है, तभी उसका ऐतिहासिक महत्व अमिट हो जाता है। राष्ट्रपति की अंतिम मंजूरी के साथ वक्फ संशोधन कानून ने भारतीय वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में एक नए युग की शुरुआत कर दी है। यह केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और सामाजिक न्याय की दिशा में एक निर्णायक और क्रांतिकारी कदम है। पुराने तंत्र में भ्रष्टाचार, मनमानी और अतिक्रमण ने संपत्तियों से मिलने वाले वास्तविक लाभ को लगातार रोके रखा था। अब वक्फ बोर्ड आधु. निक तकनीक, उत्तरदाई प्रबंधन और समावेशी .ष्टिकोण के साथ काम करेगा। इसका असर केवल संपत्तियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और गरीबी उन्मूलन जैसी मूलभूत जरूरतों में सीधे दिखाई देगा। यह परिवर्तन करोड़ों मुस्लिम परिवारों के लिए सुरक्षा, विश्वास और समृद्धि का एक नया संदेश लेकर आया है। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पहले अनियमित. ताओं और विवादों की लंबी श्रंखला रही, जिसने उनकी वास्तविक उपयोगिता और विकास को लगातार बाधित किया। मनमाने दावे, लंबित मुकदमे और अतिक्रमण ने कई संपत्तियों को विवादास्पद और अनुपयोगी बना दिया था। अब डिजिटल पोर्टल और ऑटोमेशन के माध्यम से प्रत्एक संपत्ति का पूरा जीवनचक्र ट्रैक किया जाएगा। पंजीकरण, लेखा–जोखा, ऑडिट और मुकदमेबाजी सभी ऑनलाइन और पारदर्शी होंगे। छह माह के भीतर सभी संपत्तियां पोर्टल पर दर्ज हो जाएंगी, जिससे कोई भी संपत्ति छिपी नहीं रहेगी। यह पारदर्शिता भ्रष्टाचार को कम करेगी और वक्फ बोर्ड को एक वैज्ञानिक, उत्तरदाई और आधुनिक संस्था में परिवर्तित कर देगी। परिणामस्वरूप, संपत्तियों का उपयोग अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित और न्यायसंगत ढंग से सुनिश्चित होगा।

जिला कलेक्टर को संपत्ति सर्वेक्षण और विवाद समाधान की जिम्मेदारी दी गई है, जो प्रबंधन का सबसे मजबूत स्तंभ साबित होगा। अब निर्णय केवल सरकारी रिकॉर्ड और निष्पक्ष जांच पर आधारित होंगे। अतिक्रमण स्वत: रोका जाएगा और संपत्तियां उनके वास्तविक लाभार्थियों तक सुरक्षित रूप से पहुंचेगी। कलेक्टर का समयबद्ध और तथ्यपरक दृष्टिकोण हर निर्णय को मजबूत और भरोसेमंद बनाएगा। इसके परिणामस्वरूप, वक्फ संपत्तियां शीघ्र और प्रभावी कल्याण कार्यों में लगेंगी। विवाद कम होंगे, संपत्तियों का विकास तेजी से होगा और गरीब, विधवा एवं वंचित वर्गों तक लाभ सुनिश्चित रूप से पहुंचेगा। यह व्यवस्था स्थानीय प्रशासन की दक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। समावेशिता और संतुलित नेतृत्व अब वक्फ बोर्ड की नई पहचान बन चुका है। बोर्ड में अब कम से कम दो मुस्लिम महिलाएं और गैर–मुस्लिम सदस्य शामिल होंगे।

### वक्फ के लिए नए नियम

विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों का प्रतिनिधित्व भी अनिवार्य होगा। इससे निर्णय प्रक्रिया व्यापक दृष्टिकोण वाली, संतुलित और संवेदनशील बनेगी। महिलाओं की भागीदारी प्रबंधन में संवेदनशीलता और सूझबूझ लाएगी, जबकि गैर–मुस्लिम सदस्य प्रशासनिक निगरानी और सहयोग सुनिश्चित करेंगे। यह संरचना वक्फ को केवल धार्मिक संस्था नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संपदा और सामा. जिक उत्तरदायित्व का सशक्त प्रतीक बनाएगी। प्रत्येक वर्ग का सक्रिय योगदान विकास की दिशा में सुनिश्चित होगा और कल्याण कार्यों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। संपत्ति दान और वक्फ गठन के नए नियम इसे सुरक्षित, पारदर्शी और न्यायसंगत बनाते हैं। अब केवल पांच वर्ष से इस्लाम का पालन करने वाला वास्तविक और सच्चा मालिक ही संपत्ति वक्फ कर सकेगा। वक्फ बाय यूजर जैसी पुरानी और असुरक्षित प्रथाओं पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वास्थ्य विषमता के विरुद्ध सबसे बड़ा अस्त्र है वैज्ञानिक चेतना



योगेश कुमार गोयल

हर वर्ष 7 अप्रैल को 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है, जो मानव सभ्यता को आईना दिखाने वाला एक वैश्विक आत्ममंथन है। यह हमें याद दिलाता है कि स्वास्थ्य केवल अस्पतालों, दवाइयों और डॉक्टरों तक सीमित अवधारणा नहीं बल्कि एक समग्र स्थिति है, जिसमें शारीरिक, मानसिक और सामाजिक संतुलन निहित है। इस वर्ष यह दिवस स्वास्थ्य के लिए एकजुट विज्ञान के साथ खड़े रहें थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो अत्यंत प्रासंगिक, विचारोत्तेजक और दूरदर्शी संदेश लेकर आई है। विश्व की आधी से अधिक आबादी आज भी बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है और करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें अपनी आय का बड़ा हिस्सा केवल इलाज पर खर्च करना पड़ता है। यह स्थिति न केवल आर्थिक असमानता को बढ़ाती है बल्कि सामाजिक न्याय की अवधारणा पर भी प्रश्नचिन्ह लगाती है।

कोविड–19 जैसी वैश्विक महामारी ने तो पूरी दुनिया के समक्ष यह स्पष्ट कर दिया कि आधुनिक चिकित्सा प्रणाली कितनी भी विकसित क्यों न हो, यदि उसमें समावेशिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अभाव है तो वह संकट के समय लड़खड़ा सकती है। विकसित देशों में भी स्वास्थ्य संसाधनों की कमी ने यह सिद्ध किया कि केवल आर्थिक समृद्धि पर्याप्त नहीं बल्कि वैज्ञानिक तैयारी, स्वास्थ्य अवसंरचना और जनविश्वास का समन्वय ही वास्तविक सुरक्षा प्रदान करता है। महामारी के दौरान वैक्सीन, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों को लेकर फैली अफवाहों और गलत सूचनाओं ने यह भी दिखाया कि विज्ञान के प्रति अविश्वास स्वयं एक बड़ा स्वास्थ्य संकट बन सकता है। इसलिए इस वर्ष की थीम हमें यह संदेश देती है कि विज्ञान के साथ खड़ा होना केवल एक विकल्प नहीं बल्कि मानवता के अस्तित्व की आवश्यकता है। भारत के संदर्भ में यह विषय और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। एक विशाल और विविधतापूर्ण जनसंख्या वाले देश के रूप में भारत के सामने स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां बहुआयामी हैं। एक ओर संक्रामक रोगों का खतरा अभी भी बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर गैर–संच. ारी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां आज देश में मृत्यु के प्रमुख कारण बन चुकी हैं। बदलती जीवनशैली, असंतुलित आहार, मानसिक तनाव और शारीरिक निष्क्रियता ने इन रोगों को और अधिक बढ़ावा दिया है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि आने वाले वर्षों में इन बीमा. रियों का बोझ और भी अधिक बढ़ने वाला है, जिससे स्वास्थ्य प्रणाली पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा। इसके साथ ही भारत में जनसंख्या संरचना में हो रहे परिवर्तन भी एक नई चुनौती प्रस्तुत कर रहे हैं। वृद्ध जनसंख्या में वृद्धि के साथ अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी बीमारियों का प्रसार बढ़ने की आशंका है। यह न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बल्कि सामाजिक और आर्थिक संरचना के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। इन परिस्थितियों में केवल पारंपरिक स्वास्थ्य सेवाएं पर्याप्त नहीं होंगी बल्कि एक समग्र और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक होगा, जिसमें रोकथाम, जागरूकता और दीर्घकालिक देखभाल को प्राथमिकता दी जाए।

**कुल मिलाकर, विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें एक सामूहिक संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम स्वास्थ्य को केवल व्यक्तिगत चिंता नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करें।**

स्वास्थ्य अवसंरचना की बात करें तो भारत में अभी भी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच गहरी खाई मौजूद है। जहां शहरों में आधुनिक अस्पताल और विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की भी कमी देखी जाती है। डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की कमी इस समस्या को और जटिल बनाती है। ऐसे में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं, टेलीमेडिसिन और ई–हैल्थ प्लेटफॉर्म एक महत्वपूर्ण समाधान के रूप में उभर रहे हैं। यह तकनीकें दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं लेकिन इनका प्रभावी उपयोग तभी संभव है, जब डिजिटल साक्षरता और इंटरनेट की पहुंच को भी समान रूप से बढ़ाया जाए। इस परिप्रेक्ष्य में एक स्वास्थ्य की अवधारणा अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यह दृष्टिकोण मानव, पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य को एक–दूसरे से जुड़ा हुआ मानता है। इसलिए स्वास्थ्य नीतियों को केवल चिकित्सा तक सीमित न रखकर पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास से भी जोड़ना होगा। वैज्ञानिक अनुसंधान और डेटा–आधारित नीतियों के माध्यम से ही इन जटिल चुनौतियों का समाधान संभव है। आज के समय में एक और बड़ी चुनौती है भ्रामक सूचनाओं का प्रसार। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के विस्तार के साथ गलत जानकारियां तेजी से फैलती हैं, जो लोगों के स्वास्थ्य संबंधी निर्णयों को प्रभावित करती हैं। वैक्सीन विरोधी अभियान, अप्रमाणित उपचार पद्धतियों का प्रचार और छद्म विज्ञान के बढ़ते प्रभाव ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक नया खतरा उत्पन्न कर दिया है। इस स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि वैज्ञानिक तथ्यों को सरल और प्रभावी तरीके से आम जनता तक पहुंचाया जाए और लोगों में वैज्ञानिक सोच विकसित की जाए। सरकारों की भूमिका भी इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य बजट में वृद्धि, चिकित्सा शिक्षा का विस्तार, अनुसंधान को प्रोत्साहन और स्वास्थ्य सेवाओं का सार्वभौमिकरण ऐसे कदम हैं, जो इस दिशा में निर्णायक सिद्ध हो सकते हैं। भारत में आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं, जिनका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है। लेकिन इन योजनाओं की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उनका क्रियान्वयन कितनी पारदर्शिता और प्रभावशीलता के साथ किया जाता है। विज्ञान और तकनीक की भूमिका को भी इस संदर्भ में अनदेखा नहीं किया जा सकता। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा एनालिटिक्स, जीनोमिक्स और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्र स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकते हैं। रोगों की प्रारंभिक पहचान, व्यक्तिगत उपचार और दवाओं के विकास में यह तकनीकें महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। हालांकि यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इन तकनीकों का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे और यह केवल कुछ चुनिंदा लोगों तक सीमित न रह जाए। यह समझना भी आवश्यक है कि स्वास्थ्य केवल सरकारों या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं बल्कि यह एक सामूहिक दायित्व है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना होगा और स्वस्थ जीवनशैली अपनानी होगी। संतु. लित आहार, नियमित व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान और स्वच्छता जैसे छोटे–छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं। इसके साथ ही समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को भी बढ़ावा देना होगा ताकि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। विश्व स्वास्थ्य दिवस का संदेश यही है कि यदि हमें एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की कल्पना करनी है तो हमें विज्ञान के साथ खड़ा होना होगा। वैज्ञानिक सोच, वैश्विक सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का संगम ही वह मार्ग है, जो हमें स्वास्थ्य की समानता और सार्वभौमिकता की दिशा में आगे बढ़ा सकता है। यह केवल एक दिवस का संदेश नहीं बल्कि एक सतत संकल्प है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



शिमला। लाहौल-स्पीति जिले के रोहतांग स्थित अटल सुरंग के उत्तरी प्रवेश द्वार पर बर्फ के बीच साहसिक गतिविधियों में भाग लेते पर्यटक।

## जापोरोजे परमाणु ऊर्जा संयंत्र में स्थिति लगातार तनावपूर्ण: चेर्निचुक

**मास्को।** जापोरोजे परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निदेशक यूरी चेर्निचुक ने कहा है कि संयंत्र की सुविधाओं और शहर पर युद्ध के प्रभाव के कारण वहां की स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनी हुई है। संयंत्र की प्रवक्ता एवगेनिया याशिना ने शुक्रवार को बताया था कि पिछले दो हफ्तों में जापोरोजे परमाणु ऊर्जा संयंत्र और एनरगोदर के पास के क्षेत्र में यूक्रेन के सशस्त्र बलों के हमलों की तीव्रता में काफी वृद्धि हुई है।रोसाटॉम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलेक्सी लिखाचेव ने रविवार को कहा कि पिछले कुछ दिनों में संयंत्र क्षेत्र पर कोई हमला नहीं हुआ है, लेकिन स्टेशन के अनुषंगी शहर एनरगोदर पर हमले हुए हैं।

## पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ऊर्जा संकट की है आशंका: मेलोनी

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने स्वीकार किया है कि यदि पश्चिम एशिया में स्थिति और बिगड़ती है तो देश को ऊर्जा की कमी का सामना करना पड़ सकता है। 'कोरिरे डेला सेरा' अखबार ने इटली के चार हवाई अड्डों-मिलान, वेनिस, ट्रेविसो और बोलोग्ना में जेट ईंधन पर लागू किए गए पहले प्रतिबंध की जानकारी दी। सुमेलोनी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि जब खाड़ी देशों में अस्थिरता बढ़ती है, तो इसका सीधा असर ऊर्जा की लागत, व्यवसायों, नौकरियों और अंततः परिवारों की क्रय शक्ति पर पड़ता है। प्रधानमंत्री का मानना है कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में फारस की खाड़ी के देश प्रमुख भूमिका निभाते हैं। अगर वहां उत्पादन कम या बंद होता है, तो ऊर्जा की कीमतें हर किसी के लिए बढ़ जाएंगी।

# अमेरिका ने अपने ही विमानों पर बमबारी की: IRGC

### ट्रम्प की बेइज्जती से बचने और अपनी सेना की प्रतिष्ठा को बचाने के लिए मजबूर होना पड़ा: ईरानी वायु रक्षा कमान

**तेहरान/नई दिल्ली।** ईरान के वायु रक्षा कमान ने कहा है कि अमेरिकी सेना ने बचाव अभियान के दौरान अपने ही विमानों पर बमबारी कर दी। ईरान के एकीकृत वायु रक्षा कमान 'खातम अल-अंबिया मुख्यालय' के प्रवक्ता ने कहा कि जब ईरान के लड़ाकू विमानों ने घेराबंदी पूरी कर ली, तो ट्रम्प की बेइज्जती से बचने और अपनी सेना की प्रतिष्ठा को बचाने के लिए अपने ही गिराए गए विमानों, साजो-सामान, कमांडरों और सैनिकों पर भारी बमबारी करने को मजबूर होना पड़ा।

उन्होंने कहा कि अमेरिका के कई विमानों को निशाना बनाया गया और उन्हें इस्फहान के दक्षिण में आपातकालीन लैंडिग करने पर मजबूर होना पड़ा। इनमें दो सी-130 सैन्य परिवहन विमान और दो ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर



■ शरीफ विश्वविद्यालय पर हमला ट्रम्प की अज्ञानता का प्रतीक: मोहम्मद रजा आरिफ बंकर-बस्टर बम हमले की निंदा की

शामिल थे। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने एक बयान में अमेरिका के इस अभियान को 'विफल' बताया गया और कहा गया कि इसके परिणाम को 'सिर्फ बयानबाजी, मीडिया युद्ध या मनोवैज्ञानिक अभियानों से ठीक नहीं किया जा सकता।' वहीं ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने तेहरान के 'शरीफ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय' को निशाना बनाकर किए गए कथित 'बंकर-बस्टर' बम हमले की निंदा करते हुए इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'बर्बरता' करार दिया है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त आरिफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि शरीफ विश्वविद्यालय पर बंकर-बस्टर बम हमला ट्रम्प के पागलपन और अज्ञानता का प्रतीक है। ईरानी उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह (ट्रम्प) यह समझने में विफल रहे हैं कि ईरान का ज्ञान कंक्रीट में नहीं दबा है जिसे बमों से नष्ट किया जा सके, असली किला तो हमारे प्रोफेसरों और लोगों की इच्छाशक्ति है। आरिफ ने जोर देकर कहा कि इतिहास की कोई भी बर्बरता ईरानी लोगों से विज्ञान को छीनने में कभी सक्षम नहीं हुई है।

विज्ञान हमारी आत्माओं में रचा-बसा है और यह किला कभी नहीं ढहेगा। गौरतलब है कि सोमवार तड़के हुए इस हमले पर अमेरिका ने फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। शरीफ विश्वविद्यालय की तुलना अक्सर अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) से की जाती है, क्योंकि ईरान में वैज्ञानिक अध्ययन को आगे बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस विश्वविद्यालय से जुड़े कई प्रोफेसरों की पहले भी हत्या की जा चुकी है, जिन पर देश के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े होने के आरोप थे।

## जापान ईरान के साथ सीधे संपर्कों का कर रहा है उपयोग: ताकाइची

**टोक्यो।** प्रधानमंत्री सानाए तकाइची ने कहा है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच जापान होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ईरान के साथ सीधे संचार माध्यमों का उपयोग कर रहा है। सुताकाइची ने संसद में प्रश्नों के उत्तर में कहा कि हमने आज तक विभिन्न स्तरों पर ईरान के साथ घनिष्ठ संवाद बनाए रखा है। फारस की खाड़ी में जापान से जुड़े जहाजों सहित कई जहाजों के फंसे होने पर चिंता व्यक्त करते हुए, हम मांग करते हैं कि ईरानी पक्ष होर्मुज जलडमरूमध्य में सभी जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि इसके साथ इस सीधे माध्यम का उपयोग करते हुए, हम होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित उपायों की तलाश जारी रखेंगे। यह महत्वपूर्ण है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में जापानी जहाजों सहित सभी जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में हमले शुरू किए थे। ईरान, इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमलों के साथ जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

# युद्ध कई साल चला, तो भी नहीं होगी मिसाइलों की कमी: ईरान

### सैन्य कार्रवाइयों के दौरान पूरी दुनिया के सामने कई क्षेत्रों में अपनी रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया

**तेहरान/काहिरा।** ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिका और इजरायल के साथ सैन्य संघर्ष कई सालों तक चलता है, तब भी उसके पास मिसाइलों की कोई कमी नहीं होगी। यह बात ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विदेश नीति पर संसदीय आयोग के सदस्य अलाएद्दीन बोरूजेर्दी ने रविवार को कही।

ईरानी संसद की एजेंसी 'खाने-ए-मल्लत' ने बोरूजेर्दी के हवाले से कहा कि अगर यह युद्ध महीनों या सालों तक भी चलता है, तब भी ईरान को मिसाइल और रणनीतिक भंडारों के मामले में कोई समस्या नहीं होगी। रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने अमेरिका और इजरायल के साथ सैन्य कार्रवाइयों के दौरान पूरी दुनिया के सामने कई क्षेत्रों में अपनी रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया है, जिससे यह साबित होता है कि उसकी सेना दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में से एक है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिसमें तेहरान भी शामिल था। इससे काफी नुकसान हुआ और आम नागरिकों की जान भी गई। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। वहीं मिस्र में ईरानी के राजनयिक मिशन के प्रमुख मोजतबा फेरदोसीपुर ने कहा है कि ईरान के पास इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि खाड़ी के देश इस्लामिक गणराज्य के क्षेत्र पर हुए हमलों में शामिल हैं। फेरदोसीपुर से जब पूछा गया कि क्या खाड़ी के देश ईरानी क्षेत्र पर हमलों में हिस्सा ले रहे है, तो उन्होंने कहा कि हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में हमले शुरू किए थे। वहीं ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।



■ अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिसमें तेहरान भी शामिल था

## ईरान के बहरेस्तान में अमेरिका और इजरायल के हमले में 13 लोगों की मौत

**तेहरान।** अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान के बहरेस्तान में किए गए हमले में 13 लोगों की मौत हो गई। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी और इजरायली सेना ने बहरेस्तान क्षेत्र के क़लेह मीर शहर में दो रिहायशी इमारतों पर बमबारी की, जिसमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। गौरतलब है कि यह क्षेत्र तेहरान प्रांत का एक घनी आबादी वाला इलाका है। बहरेस्तान के गवर्नर ने बताया कि मलबे को हटाने और मलबे में फंसे लोगों को बचाने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

## अमेरिका-इजरायल के हमले में ईरान में छह बच्चों की मौत

**मास्को।** ईरान के तेहरान प्रांत पर रात भर चले अमेरिकी और इजरायली हमलों में कम से कम छह बच्चों की मौत हो गई है। प्रेस टीवी ने आपातकालीन सेवाओं के हवाले से बताया है कि तेहरान के आपातकालीन संचालन केंद्र के अनुसार चार बच्चियों और दो बच्चों की मौत हुई, जिनकी उम्र 10 साल से कम थी। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले शुरू किए थे , जिसमें तेहरान भी शामिल था। इससे काफी नुकसान हुआ और आम नागरिकों की जानें गयीं। इसके जवाब में ईरान इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले कर रहा है।

## मध्यस्थता कर रहे 45-दिनों के संभावित संघर्ष-विराम की शर्तों पर चर्चा

**मास्को।** अमेरिका, ईरान और क्षेत्रीय मध्यस्थ संघर्ष को सुलझाने के लिए बनाई गई दो-चरणों वाली योजना के पहले चरण के तौर पर 45 दिनों के संभावित युद्धविराम की शर्तों पर चर्चा कर रहे हैं। अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एक्सियोस एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि ट्रम्प प्रशासन ने हाल के दिनों में ईरान के सामने कई प्रस्ताव रखे थे, लेकिन ईरानी अधिकारियों ने अभी तक उनमें से किसी को भी स्वीकार नहीं किया है। सूत्रों के मुताबिक अगले 48 घंटों के भीतर दोनों पक्षों के बीच किसी समझौते की संभावना कम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इससे पहले सोशल मीडिया पर ईरान के ऊर्जा संयंत्रों और पुलों को मंगलवार को नष्ट करने की धमकी दी है और होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की मांग की है। एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक दो-चरणों वाले समझौते पर फिलहाल चर्चा चल रही है। पहले चरण में 45 दिनों का युद्धविराम शामिल है, जिसके दौरान अंतिम शांति की शर्तों पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों ने कहा कि यदि पक्षों को बातचीत के लिए अधिक समय की आवश्यकता होती है, तो इस युद्धविराम को बढ़ाया भी जा सकता है।

# ईरान पर अपमानजनक पोस्ट कर फंसे ट्रम्प

■ राष्ट्रपति के खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की उठी मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की मांग हो रही है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईस्टर की सुबह ईरान को टारगेट करते हुए अपशब्दों से भरा एक पोस्ट ट्रूथ सोशल पर साझा किया था। इसके बाद अमेरिकी सांसदों ने उनके खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की मांग कर रहे हैं। अमेरिकी कांग्रेस के लोगों का कहना है कि ट्रम्प शायद मानसिक तौर पर ठीक नहीं हैं।

कनेक्टिकट से डेमोक्रेटिक सीनेटर क्रिस मर्फी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि अगर मैं ट्रम्प की कैबिनेट में होता, तो मैं ईस्टर पर सांविधानिक वकीलों को 25वें संशोधन के बारे में बताता। बता दें, अमेरिका का 25वां संशोधन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें उपराष्ट्रपति और कैबिनेट के ज्यादातर लोग अपनी डयूटी न कर पाने की वजह से राष्ट्रपति को बदलने का विकल्प चुन सकते हैं और फिर उपराष्ट्रपति प्रेसिडेंट की भूमिका निभाते हैं। डेमोक्रेटिक सांसद यासमीन अंसारी ने भी पोस्ट किया कि 25वां संशोधन किसी वजह से है। पूर्व होस्ट मेहदी हसन ने लिखा कि राष्ट्रपति का ईस्टर मैसेज, जिसके लिए वीपी और कैबिनेट को सच में 25वां संशोधन लागू करना चाहिए। डेमोक्रेटिक रिप्रेजेंटेटिव मेलानी स्टैंसबरी की एक और अपील में कहा गया, शसम्राट के पास कपड़े नहीं हैं। 25वें संशोधन का समय आ गया है। कांग्रेस और कैबिनेट को कार्रवाई करनी चाहिए। ट्रम्प की पूर्व समर्थक मार्जोरी टेलर ग्रीन ने एक लंबा पोस्ट शेयर किया जिसमें उन्होंने अमेरिकी सरकार से ट्रम्प के पागलपन में दखल देने की अपील की। उन्होंने कहा, श्वो पागल हो चुके हैं और आप सभी इसमें शामिल हैं। ट्रम्प के विरोधी और पूर्व कांग्रेसी जो वाल्श ने कहा कि उनकी ईस्टर की सुबह की पोस्ट। और सिर्फ 2 दिन पहले, उनके एक धार्मिक सलाहकार ने उनकी तुलना ईसा मसीह से की थी। वह हमेशा इस देश और दुनिया पर भी एक दाग रहेंगे। अभी 25वां संशोधन हो। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति के जिस पोस्ट को लेकर इतना बवाल मचा है, उसमें उन्होंने ईरान के लिए मंगलवार तक की चेतावनी जारी करते हुए ट्रूथ सोशल पर लिखा कि ईरान में मंगलवार का दिन 'पावर प्लांट' और 'ब्रिज डे' के रूप में जाना जाएगा, जो अपनी तरह का अनोखा होगा।

# राजनाथ ने देश के चारों कोनों में सेना के रिसर्च और रेफरल अस्पताल बनाने का सुझाव दिया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आर्मी मेडिकल कोर के 262 वें स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत सोमवार को यहां सेना अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरल) में नेत्र विज्ञान, कैंसर चिकित्सा तथा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटरों की आधारशिला रखी तथा दिल्ली छावनी स्थित बेस अस्पताल में नए बुनियादी ढांचे का शिलान्यास किया।

रक्षा मंत्री ने सैन्य चिकित्सा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए निरंतर नवाचार, क्षमता निर्माण और आधुनिक प्रौद्योगिकियों के एकीकरण के महत्व का उल्लेख किया।

■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य नर्सिंग सेवा की नर्सों के योगदान की सराहना की



उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस नई सुविधाएं सेवारत कर्मियों, पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करेंगी। उन्होंने देश के चारों कोनों में सेना अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरल) के समान संस्थान स्थापित करने की संभावनाओं का अध्ययन करने का सुझाव दिया, ताकि हर क्षेत्र के सैनिकों को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि नए संस्थान बनाने के बजाय मौजूदा कमान और बेस अस्पतालों को उन्नत कर इस स्तर तक लाया जा सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज के समय में 'सुरक्षा' का अर्थ केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। जब सैनिकों को श्रेष्ठ चिकित्सा सहायता का विश्वास होता है, तो वे बिना भय के अपने मिशन पूरे करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक मानकों से नहीं आंकी जा सकती, बल्कि जनस्वास्थ्य भी एक महत्वपूर्ण आयाम है। चिकित्सा क्षेत्र को बदलती चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को निरंतर अद्यतन करना होगा और समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ना होगा। रक्षा मंत्री ने सैन्य नर्सिंग सेवा की नर्सों के योगदान की सराहना की।

## चीन ने रूसी नागरिकों के वास्ते वीजा-मुक्त व्यवस्था को बढ़ाया

**मास्को।** चीन ने रूसी नागरिकों के लिए वीजा-मुक्त व्यवस्था को एक साल के लिए बढ़ाने का फैसला लिया है। इजवेस्टिया अखबार ने रूसी विदेश मंत्रालय के एक सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह खबर दी है। मंत्रालय ने अखबार को बताया कि हमारे साझेदारों ने हमें पहले ही सूचित कर दिया है कि वे रूसी नागरिकों के लिए वीजा-मुक्त व्यवस्था को एक और साल के लिए बढ़ाने को तैयार हैं। हम आपसी यात्रा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए तौर-तरीके तय करने हेतु उनके साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़



आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यता: स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यता: स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एवं अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश निःशुल्क (Free Admission)
स्थान: चरथावल रोड: इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें।
M. : 9368215210

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर... www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN M.Sc (Phy.), B.Ed.